CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 19°C
न्यूनतम : 09°C

हल्द्वानी, बुधवार 10 दिसम्बर 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 105 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com पौष कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 18 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



चुनाव सुधारों पर मायावती का बड़ा बयान, तीन अहम सुधारों की मांग पेज 2



शमी को लेकर चयनकर्ताओं पर भड़के गांगुली, वह क्यों नहीं खेल सकते खेल टाइम्स




मानवाधिकारों की विश्वव्यापी घोषणा के 77 वर्ष पूरे सम्पादकीय



अमेरिका से पाक को फिर मिला 11 हजार करोड़ का कर्ज पेज 12

# ट्रम्प की भारत पर नए आयात शुल्क लगाने की धमकी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कृषि आयातों पर नए शुल्क लगाने की धमकी दी है, जिसमें भारत से आने वाले चावल और कनाडा से आने वाला उर्वरक विशेष रूप से शामिल हैं, क्योंकि दोनों देशों के साथ व्यापार वार्ताएं लंबी खिंच रही हैं।

श्री ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में अमेरिकी किसानों के लिए अरबों डॉलर के राहत पैकेज की घोषणा करते हुए कहा कि भारत को अमेरिका में चावल डंप नहीं करना चाहिए। राष्ट्रपति के ये बयान विदेशी कृषि आपूर्तिकर्ताओं, खासकर एशियाई देशों जैसे भारत और थाईलैंड, की अमेरिकी सरकार द्वारा की जा रही लंबे समय से आलोचना का एक ही नया और तीखा रूप है। श्री ट्रम्प ने कहा कि अमेरिकी किसानों को दिए जाने वाले '12 अरब डॉलर के इस राहत पैकेज कार्यक्रम' को विदेशी व्यापारिक साझेदारों से पहले से एकत्र किए गए 'आयात शुल्क' से वित्तपोषित किया जाएगा। राष्ट्रपति ने तर्क दिया कि बढ़ते आयात घरेलू किसानों पर दबाव डाल रहे हैं और अमेरिकी कृषि की रक्षा के लिए वे आयात शुल्क को प्राथमिक उपकरण के रूप में इस्तेमाल करते रहेंगे। ये ताजा टिप्पणियां ऐसे समय में आई हैं जब रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत की यात्रा पर आए थे, जहां उन्होंने द्विपक्षीय रक्षा और व्यापार संबंधों पर चर्चा की इस महीने भारतीय और अमेरिकी अधिकारियों के बीच व्यापार वार्ताएं जारी रहने की उम्मीद है। दरअसल ट्रम्प ने आरोप लगाया है कि भारत, अमेरिका में अपना चावल खपा रहा है। इसे रोकने के लिए ट्रम्प ने टैरिफ लगाने का समर्थन किया है। डोनाल्ड ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में किसानों और कृषि क्षेत्र के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। इस मुलाकात में अमेरिका के वित्त मंत्री स्काट बेसेंट और कृषि मंत्री ब्रुक रोलिंस भी मौजूद रहे। बैठक के दौरान राष्ट्रपति ट्रम्प ने किसानों के लिए 12 अरब डॉलर की संघीय मदद देने का भी ऐलान किया। बैठक में केनेडी राइस मिल के मालिकाना हक वाले परिवार की सदस्य मेरिल केनेडी भी मौजूद रहीं। मेरिल ने कहा कि अमेरिका में विभिन्न देश अपना सस्ता चावल खपा रहे हैं, जिसके चलते देश के किसानों को बहुत संघर्ष करना पड़ रहा है। इस पर ट्रम्प ने मेरिल से पूछा कि कौन से देश अपना चावल अमेरिका में खपा रहे हैं? तो इस पर मेरिल ने कहा भारत, थाईलैंड और चीन प्यूर्टो रिको में अपना चावल खपा रहा है।



अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत से आयात होने वाले चावल व कनाडा से आने वाले उर्वरक पर सख्ती के दिए संकेत

### एहसान नहीं कर रहे अमेरिकी, टैरिफ की धमकी को लेकर ट्रम्प को मिला करारा जवाब

**नई दिल्ली।** ट्रम्प द्वारा चावल पर टैरिफ लगाने की धमकी को लेकर राइस एक्ससपोर्टर्स फेडरेशन के वाइस प्रेसिडेंट देव गर्ग ने कहा कि भारत के चावल पर टैरिफ लगाने से भारत को नुकसान नहीं होगा, बल्कि उपभोक्ता परेशान होंगे। उन्होंने कहा कि अमेरिकी बाजार के सभी एक्सपोर्ट डिमांड बेस्ट है, हमने देखा कि अमेरिकी बाजार में भारतीय चावल के निर्यात में तेजी हुई है, क्योंकि अमेरिकी बाजार में भारतीय और साउथ एशियाई फूड की लोकप्रियता बढ़ी है, क्योंकि भारतीय चावल का स्वाद बनावट और रंग बहुत खास है। अमेरिका में उगाया गया चावल भारतीय चावल का विकल्प नही है। उन्होंने कहा कि ट्रम्प के टैरिफ से भारत को कोई नुकसान नहीं होगा।

# शामली में 50 हजार का इनामी सामा ढेर

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** जिले के थाना भवन क्षेत्र में पुलिस ने एक सशस्त्र मुठभेड़ में हिस्ट्रीशीटर व 50 हजार के इनामी अपराधी समयदीन उर्फ सामा को मार गिराया।

मुठभेड़ के दौरान कांस्टेबल अनुज यादव गोली लगने से घायल हो गए, जिनको उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मारा गया अपराधी समयदीन उर्फ सामा थाना कांधला का कुख्यात हिस्ट्रीशीटर था और उसके खिलाफ यूपी सहित कई राज्यों में 28 से अधिक मुकदमे दर्ज थे। थाना थानाभवन पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम भैंसानी इस्लामपुर स्थित बंद पड़े ईंट के भट्टे में कुछ बदमाश छिपे हुए हैं। सूचना पर थानाभवन प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत और थाना बाबरी प्रभारी राहुल सिसोदिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस को देखते ही बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की। इस दौरान सामा गोली लगने से घायल हो गया। जिसे डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

■ मुठभेड़ में सिपाही गोली लगने से घायल

## संक्षिप्त समाचार

### चर्चित उमेश पाल हत्याकांड के शूटरों के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चर्चित उमेश पाल हत्याकांड के बाद से फरार चल रहे पांच-पांच लाख के इनामी तीन शूटरों गुड्डू मुस्लिम, अरमान और साबिर के खिलाफ सोमवार को दूसरी बार कुर्की की कार्रवाई शुरू की गई। यह कार्रवाई धूमनगंज थाने में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे के तहत की गई है। मामले की विवेचना कर रही एयरपोर्ट पुलिस ने सोमवार देर शाम को गुड्डू मुस्लिम के कसारी-मसारी, अरमान के सिविल लाइंस, और साबिर के मरियाडीह स्थित घरों पर पहुंची और कुर्की नोटिस चस्पा किया। पुलिस ने ढोल-नगाड़ों के साथ ऐलान भी किया कि यदि आरोपी तय अवधि में कोर्ट में हाजिर नहीं होते हैं, तो उनकी संपत्ति कुर्क कर दी जाएगी। गौरतलब है कि अक्टूबर 2024 में धूमनगंज पुलिस ने उमेश पाल हत्याकांड के 15 आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट लगाया था। इसमें माफिया अतीक अहमद के बेटे अली और उमर भी शामिल थे। इनमें से 12 आरोपियों की चार्जशीट इसी साल अक्टूबर में दाखिल की जा चुकी है जबकि गुड्डू मुस्लिम, अरमान और साबिर अब भी फरार हैं और उनकी विवेचना जारी है। इसी मामले में सोमवार को कुर्की की कार्रवाई की गई।

### उप्र में घुसपैठियों के खात्मे के लिए सर्जिकल स्ट्राइक प्लान तैयार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में घुसपैठियों के खिलाफ अभियान चला रही योगी सरकार का मानना है कि उसके इस कदम से जहां प्रदेश की आतंरिक सुरक्षा और सुदृढ़ होगी, वहीं दूसरी ओर प्रदेशवासियों को सरकारी योजनाओं का लाभ और पारदर्शी तरीके से मिलेगा। इस निर्णय से पात्र व्यक्ति ही योजनाओं का लाभ उठा सकेगा। स्थानीय युवाओं का जो हक घुसपैठियों के द्वारा छीना जा रहा है वो हक युवाओं को मिलना शुरू हो जाएगा। अधिकृत सूत्रों के अनुसार सरकार घुसपैठियों की पहचान कर उन्हे डिटेंशन सेंटर में शिफ्ट करेगी। इन डिटेंशन सेंटर की सुरक्षा व्यवस्था अभेद होगी, जिसे भेद पाना किसी के लिए भी नामुमकिन होगा। योगी सरकार के सख्त कदम से प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था पर एक सकारात्मक असर पड़ेगा।

# राज्यों में एसआईआर के काम में बाधा पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

## कहा: ईसी संज्ञान में लाए, हम आदेश पारित करेंगे, इससे अराजकता हो सकती है

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों में बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) को धमकाने के अलावा चुनाव आयोग की तरफ से कराए जा रहे मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के काम में कथित तौर पर बाधा डालने की घटनाओं को गंभीरता से लिया है।

अदालत ने एक मामले की सुनवाई के दौरान निर्वाचन आयोग से मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा सहयोग की कमी को गंभीरता से लेने को कहा। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत और जॉयमाल्या बागची की पीठ ने चुनाव आयोग से कहा कि वह एसआईआर के काम में अलग-अलग राज्य सरकारों की तरफ से सहयोग की कमी को गंभीरता से लें। सर्वोच्च अदालत ने कहा, अगर हालात और बिगड़ते हैं, तो पुलिस को तैनात करने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचेगा। इस पर चुनाव आयोग ने कहा कि उनके पास सभी सांविधानिक शक्तियां हैं, जिससे हम बीएलओ और अन्य अधिकारियों को धमकाने की घटनाओं से डील कर सकते हैं। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चुनाव पैनल चुनाव प्रक्रिया शुरू होने तक पुलिस को अपने अधिकार क्षेत्र में नहीं ले सकता। इससे निपटें वरना इन हालातों से अराजकता हो सकती है। चुनाव आयोग की तरफ से अदालत में पेश वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी ने बताया कि प. बंगाल में तनाव के कारण बीएलओ के आत्महत्या करने का कोई सवाल ही नहीं उठता, क्योंकि उन्हें 30-35 वोटरों के छह-सात घरों की गिनती का काम करना होता है। इस पर जस्टिस बागची ने कहा कि यह डेस्क का काम नहीं है और बीएलओ को घर-घर जाकर गिनती का फॉर्म भरना होता है और फिर उसे अपलोड करना होता है। जस्टिस बागची ने कहा कि यह उतना आसान नहीं है जितना दिखता है। चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के एसआईआर के कामकाज की निगरानी के लिए पांच वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को स्पेशल रोल ऑब्जर्वर (एसआरओ) नियुक्त किया है। अधिकारियों ने बताया कि यह कदम एसआईआर प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए उठाया गया है। जिन अधिकारियों को नियुक्त किया गया है, उनमें रक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव कुमार रवि कांत सिंह को प्रेसिडेंसी संभाग के लिए एसआरओ बनाया गया है, जबकि गृह मंत्रालय के नीरज कुमार बांसोद को मेदिनीपुर संभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है।



■ चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल में एसआईआर के लिए पांच आईएएस अधिकारी नियुक्त किए

### 'खालिस्तान ट्वीट' पर कई प्राथमिकियों को जोड़ने संबंधी याचिका का निपटारा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने एक्स कॉर्प की भारतीय शाखा की याचिका का निपटारा कर दिया, जिसमें 2020 में कई राज्यों में खालिस्तान का जिक्र करने वाले एक ट्वीट के कथित प्रचार को लेकर दर्ज कई प्राथमिकियों को जोड़ने या रद्द करने की मांग की गई थी। पीठ ने कहा कि वह मामले को, विशेषकर पांच वर्ष का समय बीत जाने के बाद और कई राज्यों से प्रतिनिधित्व न मिलने की वजह से और लंबित रखने के पक्ष में नहीं है। कुछ राज्यों के वकीलों ने अपना पक्ष रखा है और वर्तमान तथ्यात्मक परिदृश्य पेश किया है, हरियाणा, कर्नाटक और ओडिशा का कोई प्रतिनिधित्व नहीं है। हम पांच साल बाद इस मामले को लंबित रखने के पक्ष में नहीं हैं। इतना कहना ही काफी है कि बहुत कुछ बीत चुका है। हम इस याचिका को बंद करने के पक्ष में हैं। ट्विटर इंडिया ने गुरपतवंत सिंह पन्नू के ट्वीट के कथित प्रचार के आरोप में आठ राज्यों में एफआईआर दर्ज होने के बाद वर्ष 2020 में ऊच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।

### शीर्ष अदालत ने नागरिकता पर फैसले से पूर्व सीएए आवेदकों को मतदाता सूची में शामिल करने पर सवाल उठाया

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को सवाल उठाया कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए), 2019 के तहत नागरिकता के लिए आवेदन करने वाले व्यक्तियों को नागरिकता प्रदान करने से पहले मतदाता सूची में अनंतिम रूप से कैसे शामिल किया जा सकता है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) आत्मदीप की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें पश्चिम बंगाल में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद सीएए के तहत नागरिकता के लिए पात्र बताए गए बांग्लादेशी प्रवासियों को मतदाता सूची में शामिल करने के निर्देश देने की मांग की गई थी। वरिष्ठ अधिवक्ता करुणा नंदी ने एनजीओ का पक्ष रखते हुए तर्क दिया कि हजारों शरणार्थियों के सीएए आवेदनों पर कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि नागरिकता का अधिकार आवेदन की तारीख से मिलना चाहिए, अन्यथा उनके आवेदनों पर कार्रवाई होने से पहले ही एसआईआर प्रक्रिया उन्हें मतदाता सूची से बाहर कर देगी।

# डीजीसीए ने लिया इंडिगो पर कड़ा एक्शन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने इंडिगो एयरलाइन की उड़ानों में 10 प्रतिशत कटौती करने का निर्णय लिया है। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो हर दिन करीब 2,200 उड़ानें चलाती है। अब इसमें से लगभग 110 उड़ानें रोज कम होंगी।

एयरलाइन से 10 दिसम्बर तक संशोधित शेड्यूल सौंपने को कहा गया है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, एयरलाइन को इस बारे में बता दिया गया है और कौन-कौन सी उड़ानें कम की जाएंगी, इसकी सूची तैयार की जा रही है। डीजीसीए की ओर इंडिगो को जारी आधिकारिक नोटिस में कहा गया है कि विंटर शेड्यूल के तहत नवम्बर 2025 के लिए एयरलाइन को प्रति सप्ताह 15,014 प्रस्थान और कुल 64,346 उड़ानों की मंजूरी दी गई थी। हालांकि, परिचालन आंकड़ों से पता चलता है कि इंडिगो केवल 59,438 उड़ानें ही संचालित कर पाई। नवम्बर में एयरलाइन की 951 उड़ानें रद्द की गईं। नोटिस के अनुसार, इंडिगो को समर शेड्यूल 2025 की तुलना में विंटर शेड्यूल में 6 फीसदी के इजाफे की अनुमति दी गई थी, इसके तहत 403 विमानों के उपयोग की मंजूरी थी। लेकिन एयरलाइन अक्टूबर 2025 में केवल 339 और नवम्बर 2025 में 344 विमान ही संचालित कर सकी। डीजीसीए ने कहा कि एयरलाइन ने 2024 की सर्दियों की तुलना में अपने प्रस्थान में 9.66 फीसदी और इस वर्ष के गर्मियों के शेड्यूल की तुलना में 6.05 फीसदी की वृद्धि की थी, लेकिन वह इस शेड्यूल का कुशलतापूर्वक संचालन नहीं कर सकी।




■ नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने एयरलाइन की उड़ानों में 10 प्रतिशत की कटौती, इंडिगो संकट जारी, कई उड़ानें रद्द

### दिल्ली ब्लास्ट: एक और आरोपी नसीर मल्ला गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली बम ब्लास्ट और व्हाइट कॉलर टेररिज्म मॉड्यूल से जुड़े मामले में एनआईए ने नसीर मल्ला को गिरफ्तार किया है। आरोपी को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे सात दिन की रिमांड पर भेजा गया। वहीं आरोपी आमिर राशिद को भी मंगलवार को सात दिनों की रिमांड में भेजा गया है। आरोपी नसीर मल्ला को गिरफ्तार करने के बाद दिल्ली स्थित पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट में हुई सुनवाई के बाद आरोपी को सात दिनों की एनआईए रिमांड में भेजा गया। अब सात दिनों तक जांच एजेंसी एनआईए मुख्यालय में आरोपी से पूछताछ होगी। आरोपी नासिर मल्ला से जुड़े कई अन्य आरोपियों के बारे में पूछताछ हो सकती है। आरोपी आमिर राशिद को भी मंगलवार को सात दिनों की रिमांड में भेजा गया है। सात दिनों तक दिल्ली स्थित एनआईए मुख्यालय में गिरफ्तार आरोपी आमिर राशिद से पूछताछ होगी।

# वोटर लिस्ट मामले में सोनिया गांधी व दिल्ली पुलिस को कोर्ट का नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को भारत की नागरिकता हासिल करने से पहले 1980 में वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के आरोप से संबंधित मामले में मंगलवार को नोटिस जारी किया। यह नोटिस मजिस्ट्रेट अदालत के फैसले को चुनौती देने वाली पुनरीक्षण याचिका पर जारी किया गया है।

इस फैसले में मजिस्ट्रेट अदालत ने कथित जाली दस्तावेजों की मदद से वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के लिए श्रीमती गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश देने से इन्कार कर दिया गया था। राउज एवेन्यू अदालत में पुनरीक्षण याचिका दायर कर श्रीमती गांधी के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही की मांग की गई है। याचिकाकर्ता का आरोप है कि श्रीमती गांधी ने जाली दस्तावेजों की मदद से 1980 की वोटर लिस्ट में अपना नाम शामिल करवाया था। उन्होंने 1982 में अपना नाम हटवा लिया था और फिर 1983 में भारत की नागरिकता मिलने के बाद उन्होंने एक बार फिर वोटर लिस्ट में नाम शामिल करवाया।

■ सोनिया पर जाली दस्तावेजों से वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने का आरोप

# चुनाव आयोग के जरिये लोकतंत्र के खात्मे पर उतारू भाजपा: राहुल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** शीतकालीन सत्र में मंगलवार को कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी चुनाव सुधारों पर हो रही चर्चा में शामिल हुए। चर्चा के दौरान खादी पर बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा कि, देश के पहनावे में देश की झलक दिखती है। खादी देश की भावना है। हमारा देश 150 करोड़ लोगों से बना है। देश के सारे धागे एक जैसे हैं।

राहुल गांधी ने कहा कि आरएसएस सभी संस्थाओं पर कब्जा करना चाहता है। नाथूराम गोड्से ने गांधी को मारा। यह असहज करने वाला सत्य है। चुनाव सुधार पर चर्चा के दौरान सदन में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि 30 जनवरी, 1948 को महात्मा गांधी की छाती में तीन गोलियां लगीं। नाथूराम गोड्से ने हमारे राष्ट्रपिता की हत्या कर दी। आज हमारे दोस्तों ने उन्हें दूर धकेल दिया है। वह एक असहज सच्चाई हैं, लेकिन प्रोजेक्ट यहीं खत्म नहीं हुआ। जैसा कि मैंने कहा कि सब कुछ वोट से निकला है। सभी संस्थाएं वोट से निकली हैं। इसलिए यह साफ है कि आरएसएस को उन सभी संस्थाओं पर कब्जा करना होगा, जो वहां से निकली हैं। राहुल गांधी ने कहा, सभी जानते हैं कि कैसे भारत के विश्वविद्यालयों में वाइस चांसलरों की नियुक्ति हो रही है। उन्होंने कहा कि इससे कोई मतलब नहीं है कि व्यक्ति की योग्यता क्या है, बस उसकी एक योग्यता है कि वह संघ से जुड़ा हो। इस पर सत्ता पक्ष के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। स्पीकर ओम बिरला ने राहुल गांधी से कहा कि आप चुनाव सुधार पर ही बोलिए, किसी संगठन का नाम मत लीजिए। राहुल के बायन पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि हम सभी लोग नेता प्रतिपक्ष को सुनने के लिए ही बैठे हैं। अगर वह विषय पर ही नहीं बोलेंगे, तो क्यों समय खराब कर रहे हैं सबका। सत्ता पक्ष के हंगामे पर राहुल गांधी ने कहा कि मैंने कुछ भी गलत नहीं कहा है। शिक्षण संस्थाओं पर कब्जा किया गया है। सीबीआई, ईडी पर भी एक संस्था से जुड़े लोगों ने कब्जा किया गया है। तीसरी संस्था चुनाव आयोग पर भी एक संस्था का कब्जा है, जो देश में चुनाव को नियंत्रित करती है। मेरे पास इसके सबूत हैं। भाजपा लोकतंत्र को खत्म करने के लिए चुनाव आयोग का इस्तेमाल कर रही है। सीजेआई को सीईसी की नियुक्ति प्रक्रिया से हटाया गया। एक तरफ पीएम मोदी और अमित शाह बैठे थे और दूसरी तरफ मैं। किसी प्रधानमंत्री ने ऐसा नहीं किया। दिसम्बर 2023 में नियम बदल यह प्रावधान किया कि किसी भी चुनाव आयुक्त को दंडित नहीं किया जा सकता।



कांग्रेस सांसद ने लोकसभा में मोदी सरकार पर बोला तीखा हमला

## संक्षिप्त समाचार

### मोदी, खड़गे ने सोनिया को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वास्थ्य और दीर्घायु होने की कामना की है। मोदी ने एक्स पर लिखा, श्रीमती सोनिया गांधी जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं। ईश्वर उन्हें लंबी आयु और अच्छा स्वास्थ्य प्रदान करे। खड़गे ने अपने संदेश में कहा कि श्रीमती गांधी समाज के वंचित लोगों के अधिकारों की हिमायती हैं और जीवन की हर चुनौती का साहस के साथ सामना किया है। श्रीमती सोनिया गांधी जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। कमज़ोर लोगों के अधिकारों की पक्की समर्थक, वह हमेशा गरिमा का प्रतीक रही हैं, और हर चुनौती का सामना साहस, दृढ़ता, त्याग और निस्वार्थ समर्पण के साथ किया। मैं उनके दीर्घायु होने और बेहतर स्वास्थ्य की कामना करता हूं।

### प्रयागराज में माघ मेला के लिये भूमि आवंटन का कार्य जारी

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में संगम तट पर तीन जनवरी से शुरू हो रहे माघ मेले के लिए भूमि आवंटन का कार्य जारी है। मेला प्रशासन व खाक चौक के संतों के बीच जमीन को लेकर चल रहा अंदुरूनी विवाद अब समाप्त हो गया। पिछले माघ मेले की अपेक्षा इस बार खाक चौक को और ज्यादा जमीनें दी गई हैं। इस बार खाक चौक 200 बीघे में अपना शिविर लगाएगा। दंडी बाड़ा के संतों ने सबसे पहले भूमि पूजन किया है। दरअसल, पिछली बार खाक चौक के संतों ने मेला प्राधिकरण कार्यालय के सामने जमकर हंगामा किया था। उम्मीद थी कि इस बार भी खाक चौक की तरफ से कुछ इस तरह का हंगामा किया जा सकता था।

# घुसपैठियों की तलाश तेज, झुग्गी झोपड़ियों में तलाशी अभियान जारी

**वाराणसी, वार्ता**

■ काशी में पिछले चार पांच साल से रह रहे

उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में बांग्लादेशी एवं रोहिंग्या घुसपैठियों की धरपकड़ के लिए चलाया जा रहा चेलकग अभियान लगातार तेज किया जा रहा है।

इसी कड़ी में सोमवार शाम सिगरा थाना क्षेत्र की झुग्गी-झोपड़ियों में अपर पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) टी-सरवणन के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दर्जनों लोगों के दस्तावेजों की जांच की। इनमें अधिकांश लोग पश्चिम बंगाल के बीरभूमि जिले के रहने वाले हैं। अपर पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) टी-सरवणन ने मंगलवार को बताया कि सभी संदिग्धों के दस्तावेज एकत्र कर लिए गए हैं। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि ये लोग चार-पांच वर्षों से काशी में रह रहे हैं। यह जांच की जा रही है कि इन्हें यहां ठहराने में किसने मदद की और उसका उद्देश्य क्या था। सभी व्यक्तियों का सत्यापन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसी क्रम में नदेसर स्थित बस्ती में भी पुलिस टीम जांच के लिए पहुंची। धार्मिक नगरी काशी के विभिन्न इलाकों में झुग्गी-झोपड़ियों एवं बस्तियों में रहने वाले लोगों की गहन जांच की जा रही है। सभी का आधार कार्ड, पहचान-पत्र एवं अन्य विवरण एकत्र किए जा रहे हैं। पुलिस यह भी पता कर रही है कि ये लोग किस कार्य से जुड़े हैं।

## सीएम का प्रतिनिधि बताकर ठगने वाले तीन शातिर गिरफ्तार

**बहराइच।** यूपी बहराइच जिले की रिसिया थाने की पुलिस ने गोरखनाथ मंदिर में संचालित मुख्यमंत्री शिविर का प्रतिनिधि बताकर स्थानीय लोगों और अधिकारियों पर धौंस जमाने वाले एक युवक को उसके दो साथियों के साथ आज गिरफ्तार किया है।

अपर पुलिस अधीक्षक नगर, अशोक सिंह ने बताया कि डिहवा ग्राम का निवासी राहुल यादव अपने साथियों नफीस खान और मुख्तार अहमद के साथ मिलकर व्यापारियों और अधिकारियों को सीएम शिविर कार्यालय का प्रतिनिधि बताकर परेशान कर रहा था। ये लोग स्थानीय लोगों को डराते-धमकाते थे और उनकी बातों में आकर उनसे धन की मांग करते थे।

# सोशल मीडिया पर फेक अकाउंट बनाना अपराध

**कानपुर, वार्ता**

■ उत्तर प्रदेश पुलिस ने लोगों को किया जागरूक, यह भी बताया कि हम अपने अकाउंट को कैस सुरक्षित रख सकते हैं

उत्तर प्रदेश की कानपुर पुलिस ने साइबर अपराध के बढ़ते खतरे के प्रति लोगों को जागरूक करते हुये कहा है कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर प्रतिरूपण करना अपराध है, जो कि जानकारी के अभाव में किया जा रहा है और इसकी शिकायत साइबर सेल में आये दिन प्राप्त हो रही है।

पनकी औद्योगिक क्षेत्र में पुलिस की साइबर सेल द्वारा आयोजित एक गोष्ठी में सलाह दी गयी कि यदि हम साइबर अपराधों को लेकर सतर्क रहेंगे तो इससे हम बच सकते हैं। टीम ने बताया कि साइबर अपराध से बचाव के लिए हमारा जागरूक होना सबसे ज्यादा जरूरी है। ऐसे अपराधों में अपराधी हम से सूचना लेकर परेशानी में डाल सकता है। सोशल मीडिया फ्रॉड के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के फाइनेंसियल फाड के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कैसे हम अपने सोशल मीडिया अकाउंट को सेफ रख सकते है। सोशल मीडिया अकाउंट को सुरक्षित करने के लिये हमें अपने फोन में दो चरणीय सत्यापन को सक्रिय करने के साथ-साथ प्रोफाइल लाक रखना चाहिये, इससे कोई भी हमारा अकाउंट हैक नहीं कर सकता। अगर कोई ऐसा करने का प्रयास भी करता है तो आपके पास अलर्ट मैसेज आ जाएगा। साइबर अपराध के नए-नए तरीकों पर चर्चा करते हुए बताया गया कि अपने सोशल मीडिया मित्रों को व्यक्तिगत जानकारी देने से बचें इससे भी कई बार साइबर अपराध होना पाया गया है। इस मौके पर उन्होंने अपराधियों के द्वारा प्रयोग किए जाने वाले कई एप्लीकेशन के विषय में जानकारी देते हुए उससे बचाव का तरीका भी सहज और सरल तरीके से बताया जो कि आमजनमानस को काफी पसंद आया। साथ ही साथ ओएलएक्स पर समान खरीदने बेचने के नाम पर धोखाधड़ी, बैंक में केवाईसी अपडेट के नाम पर फ्राड, एटीएम एक्सचेंजिंग व एईपीएस फ्राड, केबीसी की लॉटरी लगने के नाम पर ठगी, बिजली भुगतान के नाम पर धोखाधड़ी, नौकरी देने के नाम पर धोखाधड़ी करने की घटनाओं के बारे में सैकड़ों की संख्या में मौजूद व्यापारी व आमजनमानस को बताया। गौरतलब है कि पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर की साइबर सेल द्वारा साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने व इनकी रोकथाम के लिये डीसीपी अपराध धर अपराध जागरूकता अभियान के क्रम में इंडस्ट्रियल एरिया पनकी चौकी में साइबर अपराध बचाव गोष्ठी में आमजनमानस को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर साइबर अपर पुलिस उपायुक्त पश्चिम कपिल देव लसह महदय, क्राइम सेल की टीम के उपनिरीक्षक आकाश चौधरी, कांस्टेबल विजय मौर्या व कांस्टेबल मुकेश कुमार शुक्ल उपस्थित रहे।

## सत्ता में मौका मिलने पर परिवार के बारे में सोचते हैं देश तोड़क तत्व: योगी

# देश को बांटने वालों से सावधान रहने की जरूरत

**गोरखपुर, वार्ता**

कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का नाम लिए बगैर विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाज और देश तोड़क इन तत्वों को जब सत्ता में आने मौका मिलता है तो वे सिर्फ अपने और परिवार के बारे में सोचते हैं।

सैनिक स्कूल गोरखपुर में देश के पहले सीडीएस (चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ) जनरल बिपिन रावत के नाम पर बने एक हजार से अधिक की क्षमता के ऑडिटोरियम के उद्घाटन हुए उन्होंने कहा कि जाति, क्षेत्र और भाषा के नाम पर समाज और देश को विभाजित करने वालों से सावधान रहने की जरूरत है। समाज और देश तोड़क इन तत्वों को जब सत्ता में आने मौका मिलता है, तो वे सिर्फ अपने और परिवार के बारे में सोचते हैं। परिवार के लिए प्रॉपर्टी, विदेश में होटल और द्वीप खरीदते हैं। ऐसे लोग देश को दरिद्र करने का षड्यंत्र करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा जाति, क्षेत्र आदि के नाम के तात्कालिक लॉलीपॉप से समाज और देश का कल्याण नहीं हो सकता। देश का कल्याण तभी होगा जब भेदभाव नहीं होगा, सबमें एकता होगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जनरल बिपिन रावत की प्रतिमा का भी अनावरण किया और महान सैन्य नायक को श्रद्द्धसुमन अर्पित किए। जनरल बिपिन रावत की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर इस प्रतिमा की स्थापना जीबीआर मेमोरियल फाउंडेशन ऑफ इंडिया की तरफ से कराई गई है।



**सीएम ने ट्रेड यूनियन का भी उल्लेख किया और कहा कि ट्रेड यूनियन जहां भी विकसित हुई, वहां व्यवस्था को नष्ट कर दिया। हमारी मांगें पूरी हों, चाहे जो मजबूरी हो, यह हमारा नारा नहीं हो सकता**

**ऐसे लोग जयचंद और मीरजाफर जैसा पाप कर रहे हैं। सीएम ने कहा कि देश को तोड़ने के लिए बहुत से लोग हैं। कोई जाति के नाम पर, कोई क्षेत्र और कोई भाषा के नाम पर बांट रहा है**

### उप्र सरकार घुसपैठियों की हाईटेक मार्डन टेक्नोलॉजी से कर रही पहचान

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश भर से घुसपैठियों को खदेड़ने के लिए फूल प्रफू प्लान तैयार कर लिया है, जो पूरे देश के लिए मॉडल के रूप में उभरकर सामने आएगा। योगी सरकार घुसपैठियों की पहचान के लिए हाईटेक मार्डन टेक्नोलॉजी का प्रयोग कर रही है, जिससे घुसपैठियों की प्रदेश में छुपकर रहने की कोशिशों को पूरी तरह से नाकाम किया जा सके। एक वरिष्ठ अत्रिाकारी के मुताबिक योगी सरकार डिटेंशन सेंटर की सुरक्षा का ऐसा चक्रव्यूह तैयार कर रही है, जो अभेद होगा। योगी सरकार ने डिटेंशन सेंटर में रखे गए घुसपैठियों की विस्तृत बायोमेट्रिक प्रोफाइल तैयार करने का निर्णय लिया है।

### सीएम योगी ने उप्र में आधी आबादी की सुरक्षा, सम्मान व स्वाबलंबन पर जोर

**लखनऊ।** सीएम के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश नारी सम्मान का ऐसा मॉडल बना है, जहां सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से महिलाओं को नई दिशा मिल रही है। मिशन शक्ति उत्तर प्रदेश की नारी शक्ति को सशक्त बनाने के उद्देश्य से तैयार किया गया मॉडल है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संदेश है 'नारी शक्ति ही राष्ट्र शक्ति है'। 24 दिसंबर तक चलने वाले अभियान के अंतर्गत हर विभाग प्रतिदिन जागरूकता अभियान चला रहा है। पुलिस चौपालों से लेकर सड़क रैलियों तक 'सुरक्षा और सम्मान, नारी का अधिकार' का उद्घोष गूंज रहा है।

# चुनाव प्रणाली की खामियां दूर करने को तीन सुधार जरूरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ ईवीएम की जगह बैलेट पेपर व्यवस्था की वापसी जरूरी: मायावती

**लखनऊ।** संसद में चुनाव सुधारों को लेकर जारी चर्चा के बीच बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने चुनावी प्रणाली की खामियों को दूर करने के लिए तीन बड़े सुधारों की जोरदार वकालत की है।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता सूची की सही और व्यापक तैयारी, उम्मीदवारों के आपराधिक इतिहास की अनिवार्य पारदर्शिता और ईवीएम की जगह बैलेट पेपर व्यवस्था की वापसी आवश्यक है। मायावती ने एक्स पर लिखा कि पूरे देश में एसआईआर प्रक्रिया के माध्यम से मतदाता सूची तैयार की जा रही है, जिसका बसपा विरोत्रा नहीं करती। लेकिन उन्होंने यह भी जोड़ा कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने और संशोधन की प्रक्रिया तय समय सीमा के कारण पूरी नहीं हो पाती, जिससे लाखों पात्र मतदाता अपने वोट के अधिकार से वंचित हो जाते हैं। बसपा प्रमुख ने सुझाव दिया कि सूची संशोधन की समय सीमा बढ़ाई जाए और प्रक्रिया को ईमानदारी व पारदर्शिता के साथ पूरा कर यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी पात्र मतदाता का नाम सूची से बाहर न रह जाए। उन्होंने प्रत्याशियों के आपराधिक इतिहास का मुद्दा भी गंभीरता से उठाते हुए कहा कि उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के बावजूद कई राजनीतिक दल अपने उम्मीदवारों के खिलाफ दर्ज मामलों की जानकारी सार्वजनिक करने से बचते हैं।



**सेंसेक्स** 84666.28
**निफ्टी** 25839.65



**सोना रु.** 128578
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




**चांदी रु.** 179025
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लगातार दूसरी गिरावट

**मुंबई, वार्ता**



■ सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक टूटे

घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार दूसरी गिरावट देखी गई और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 436.41 अंक टूटकर 84,666.28 अंक पर आ गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 120.90 अंक यानी 0.47 प्रतिशत लुढ़क कर 25,839.65 अंक पर बंद हुआ। सोमवार को भी दोनों प्रमुख सूचकांक लाल निशान में रहे थे। दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में तेजी रही। इसका प्रमुख कारण रुपये में लौटी मजबूती रही। आईटी, ऑटो, फार्मा, वित्त स्वास्थ्य और धातु समूहों में गिरावट रही। वहीं टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, सरकारी बैंकों, रसायन और रियलिटी समूहों में निवेशकों ने पैसा लगाया। सेंसेक्स की कंपनियों में एशियन पेंट्स का शेयर लगभग 4.6 प्रतिशत और टेक महिंद्रा का करीब दो फीसदी लुढ़क गया।

एचसीएल टेक्नोलॉजीज और टाटा स्टील में 1.7 फीसदी से अधिक की गिरावट रही। मारुति सुजुकी, सनफार्मा, आईसीआईसीआई बैंक के शेयर एक प्रतिशत से अधिक टूट गए। एटरनल और टाइटन के शेयर दो प्रतिशत से ज्यादा चढ़े।

### इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की बिक्री नवंबर में 62 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** देश में इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की बिक्री में इस साल नवंबर में सालाना आत्राार पर 62 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि दुपहिया में 2.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी। वाहन डीलरों के संगठन सियाम के जारी आंकड़ों के अनुसार, नवंबर 2024 में देश में कुल 9,174 इलेक्ट्रिक वाहन बिके थे। इस साल नवंबर में यह संख्या बढ़कर 14,850 इकाई पर पहुंच गई। इसमें टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स ने 6,153 और जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने 3,693 वाहन बेचे हैं। दुपहिया ई. वाहनों की बिक्री सालाना आत्राार पर 2.51 प्रतिशत घटकर 1,16,982 इकाई रह गई।

# भारतीय उर्वरक संघ हरित प्रबंधन और किसानों के सशक्तिकरण पर देगा जोर

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में बुधवार और गुरुवार को आयोजित होने वाले भारतीय उर्वरक संघ (एफएआई) के दो दिवसीय सम्मेलन में हरित प्रबंधन और किसानों के सशक्तिकरण पर जोर रहेगा।

एफएआई के चेयरमैन और कोरोमंडल इंटरनेशनल के एमडी एवं सीईओ एस- शंकर सुब्रमण्यम ने यह जानकारी यहां मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन में दी। श्री सुब्रमण्यम ने कहा कि भारत खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने और सतत विकास लक्ष्य हासिल करने के लिए उर्वरक क्षेत्र में तेजी से बदलाव ला रहा है। उन्होंने कहा कि उद्योग संतु. लित पोषण, संसाधनों के बेहतर उपयोग और आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए सरकार के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री सुब्रमण्यम ने बताया कि इस सम्मेलन में दुनिया भर के नीति-निर्माता, वैज्ञानिक, उद्योग विशेषज्ञ और किसान प्रतिनिधि शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि सम्मेलन का उदघाटन केमिकल्स एवं फर्टिलाइज़र्स तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा करेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल और उर्वरक विभाग के सचिव रजत कुमार मिश्रा भी मौजूद होंगे।

हरित भविष्य के लिए उर्वरक प्रबंधन किसानों के सशक्तिकरण को गति' विषय पर आधारित यह सम्मेलन उर्वरक उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण मंच होगा। एफएआई के महानिदेशक डॉ. सुरेश कुमार चौधरी ने बताया कि इस सम्मेलन में आईएनएम, वैकल्पिक उर्वरक, जलवायु-रोधी उत्पाद और मिट्टी स्वास्थ्य सुधार पर विशेष जोर दिया जाएगा।

# कौशल प्रशिक्षण में गरीब परिवारों को प्राथमिकता देने की कवायद शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ यूपीएसडीएम की ओर से कार्यक्रम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने सबसे कमजोर तबकों के लिए रोज़गार के अवसर बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए सभी कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों में आरक्षण-आधारित प्रणाली लागू करने की कवायद शुरू कर दी है।

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (यूपीएसडीएम) के तहत अब प्रशिक्षण से लेकर सेवायोजन तक अति गरीब वर्ग के पहचाने गए परिवारों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि यह पहली बार है जब आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर वर्ग को कौशल विकास ढांचे में विशेष दर्जा दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार, सरकार ने यूपीएसडीएम के सभी कार्यक्रमों में प्रशिक्षण क्षमता बढ़ाई है और महिलाओं व दिव्यांगजनों के लिए विशेष आरक्षण कोटा निर्धारित किया है। नई व्यवस्था के तहत 33 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं के लिए और पांच प्रतिशत आरक्षण दिव्यांगजन के लिए अनिवार्य किया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रयागराज में इस वर्ष 1,475 बेरोज़गार युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाना है, जिनमें से 575 अभ्यर्थी दिसंबर तक प्रशिक्षण पूरा कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि नए निर्देशों से कार्यक्रम की संरचना में महत्त्वपूर्ण बदलाव आए हैं, जिससे हाशिए पर रहने वाले समूहों की भागीदारी सुनिश्चित होगी। अधिकारी के मुताबिक, प्रयागराज में अब तक करीब 28,000 अति गरीब परिवार चिह्नित किए जा चुके हैं और इनके सदस्यों को प्रशिक्षण सत्रों व जॉब फेयर के माध्यम से रोजगार से जोड़ा जा रहा है। गौरतलब है कि इस अभियान की शुरुआत दो अक्टूबर 2024 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गांत्राी जयंती पर की थी। इस पहल के तहत हर ग्राम पंचायत में 10 से 25 अत्यंत गरीब परिवारों की पहचान की गई है, जिन्हें विभिन्न विभागों की प्रत्यक्ष लाभांतरण योजनाओं से प्राथमिकता के आधार पर जोड़ा जा रहा है।

## कड़ा धाम में सुविधाओं का विस्तार श्रद्धालुओं को मिलेगा सुविधाजनक माहौल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने कौशांबी जिले के सिराथू तहसील स्थित कड़ा धाम के कुबरी घाट को नई पहचान देते हुए आरती स्थल का विकास कार्य लगभग पूर्ण हो गया है।

करीब 2.41 करोड़ रुपये की लागत से तैयार यह परियोजना श्रद्धालुओं और पर्यटकों को सुरक्षित एवं व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध करवाएगी। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 'इक्यावन शक्तिपीठों में से एक मां शीतला धाम मंदिर श्रद्धालुओं के प्रमुख आस्था का केंद्र है। यह विकास कार्य उसी श्रद्धा और सुविधा को समर्पित है।'

मंत्री ने बताया कि 'प्रदेश कौशांबी जिला धार्मिक पर्यटन मानचित्र का जगमगाता सितारा है। भगवान बुद्ध की भूमि, हिन्दू आस्था का भी बघ केंद्र है। कुबरी घाट धार्मिक महत्व से जुघ स्थल है। आगंतुकों को धार्मिक क्रियाकलापों में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसलिए आरती स्थल के विकास कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जा रहा है।'

सैंकड़ों वर्षों से शीतला धाम कड़ापीठ शक्ति उपासकों का केंद्र रहा है। स्कंद पुराण के अनुसार, देवी सती के शरीर के टुकड़े जहां भी गिरे वहीं एक शक्तिपीठ स्थापित हुआ। कराकोटम जंगल में जिस स्थान पर सती का दाहिना कर गिरा, वही स्थान वर्तमान में कड़ा धाम के नाम से देश-दुनिया में विख्यात है। माना जाता है कि द्वापर युग में युधिष्ठिर अपने वनवास समय में कड़ा धाम देवी दर्शन के लिए आए। यहां उन्होंने गंगा किनारे शीतला देवी का मंदिर बनवाया और महाकालेश्वर शिवलिग की स्थापना की। वर्तमान में मां शीतला देवी का मंदिर भव्य स्वरूप ले चुका है। आज वही प्राचीन स्थल भव्य रूप में भक्तों की श्रद्धा का केंद्र बन चुका है। यहां पूर्वांचल के जिलों के साथ-साथ देश के अन्य कोने से भी लोग शक्ति आराधना को आते हैं। मंदिर में माता शीतला को गर्दभ की सवारी करते दिखाया गया है।

# विशाल अंतर्राष्ट्रीय जनमंगल सम्मेलन भारत मंडपम में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लोकसभाध्यक्ष ओम बिड़ला, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, अनेक केन्द्रीय मंत्री, सांसद और दिल्ली के मंत्री व विद्वान भाग लेंगे**

■ स्वामी रामदेव और जैन संत आचार्य प्रसन्न सागर जी महारज के मार्गदर्शन में हर मास एक उपवास अभियान का शुभारंभ

**नई दिल्ली।** दुर्लभ संयोग से योग और उपवास के दो शिरोमणी संत योग ऋषि स्वामी रामदेव और जैन संत अंतर्मना आचार्य प्रसन्न सागरजी महाराज के पावन मार्गदर्शन में यह दो-दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय जनमंगल सम्मेलन होने जा रहा है। जनमंगल की सम्यदृष्टि उपवास, ध्यान, योग व स्वदेशी चिंतनष पर केंद्रित होगा।

12-13 दिसम्बर को इस सम्मेलन में हर मास-एक उपवास महाभियान के शुभारंभ पर माननीय लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी, केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव, दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता, दिल्ली के केबिनेट मंत्री श्री प्रवेश साहिब सिंह एवं कपिल मिश्रा, सांसद श्री सुधांशु त्रिवेदी, सांसद योगेन्द्र चांदोलिया, इंडिया टीवी चेयरमैन श्री रजत शर्मा, जाने माने लीवर विशेषज्ञ डा. एस. के. सरीन, भारतीय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन एन. पी. सिंह, पतंजलि अनुसंधान संस्थान के निदेशक डा. अनुराग वार्ष्णेय जी गरिमा प्रदान करेंगे और संबोधन देंगे।




पूज्य बागेश्वर सरकार धीरेन्द्र शास्त्री डिजिटल संबोधन देंगे, वहीं पूज्य आचार्य बालकृष्ण जी महाराज, गीता मनीषी महामंडलेश्वर ज्ञानानंद जी महाराज और महंत बालकनाथ योगी जी महाराज पावनघ सानिध्य प्रदान करेंगे। आप साक्षी हैं कि दुनिया के जनमंगल हेतु योग ऋषि स्वामी रामदेव जी के अखंड-प्रचंड पुरुषार्थ से योग पूरी दुनिया में हरिद्वार से हर द्वार तक पहुंचा और मानवता को वरदान मिला। ठीक उसी प्रकार आचार्य प्रसन्न सागर जी महाराज ने अतुलनीय 557 दिवस तक निरंतर उपवास करके द्धऔर अब तक 3500 से अधिक उपवास करके उपवास साधना शिरोमणी की प्रतिष्ठा प्राप्त की है।

अब दोनों युग-पुरुषों ने जनमंगल के लिए हर मास -एक उपवास का महाभियान आरंभ करने का निर्णय लिया है, ताकि समस्त सिद्धिदायक उपवास महामंत्र से मानवता का कल्याण हो।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# सीएम ने 142 नवनियुक्त असिस्टेंट प्रोफेसर्स को सौंपे नियुक्ति पत्र

## आयुष्मान योजना से प्रदेश के लगभग 17 लाख से अधिक मरीजों का 3300 करोड़ रुपये से हुआ उपचार

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को मुख्य सेवक सदन, मुख्यमंत्री आवास, देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड के माध्यम से चयनित राजकीय मेडिकल कॉलेजों में 142 असिस्टेंट प्रोफेसर्स को नियुक्ति पत्र वितरित किए।

मुख्यमंत्री धामी ने नव नियुक्त असिस्टेंट प्रोफेसर्स को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ये अवसर चिकित्सा के क्षेत्र को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री ने सभी से आग्रह करते हुए कहा कि सभी अपने छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करने के साथ उनके भीतर संवेदनशीलता, सहानुभूति और सेवा की भावना भी विकसित करें। 142 असिस्टेंट प्रोफेसरों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर रहे हैं, साथ ही 356 असिस्टेंट प्रोफेसरों की नियुक्ति की प्रक्रिया भी गतिमान है। 1248 नर्सिंग अधिकारियों और 170 टैक्नीशियनों को भी नियुक्तियां प्रदान की गई है और करीब 600 नर्सिंग अधिकारियों की चयन प्रक्रिया भी गतिमान है। इस अवसर पर विधायक सविता कपूर, विधायक खजान दास, सचिव डॉ. आर. राज.ेश कुमार, निदेशक चिकित्सा शिक्षा डॉ. अजय आर्य आदि मौजूद थे।



### प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और सुदृढ़ीकरण पर निरंतर कार्य हो रहा: सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार, प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और सुदृढ़ीकरण पर निरंतर कार्य कर रही है। राज्य के प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सकीय सुविधाएँ सस्ती दरों पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। आयुष्मान योजना के अंतर्गत अब तक करीब 61 लाख आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए हैं। जिसके माध्यम से प्रदेश के लगभग 17 लाख से अधिक मरीजों का 3300 करोड़ रुपये से अधिक का कैशलेस उपचार किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार प्रत्येक जिले में एक मेडिकल कॉलेज स्थापित कर रही है। जिससे सुदूरवर्ती क्षेत्रों के लोगों को उनके जिले में ही आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। इनमें से पाँच मेडिकल कॉलेज पहले से ही संचालित किए जा चुके हैं, जबकि दो और मेडिकल कॉलेजों का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है। देहरादून, हल्द्वानी और श्रीनगर मेडिकल कॉलेजों में सुपर स्पेशियलिटी विभाग भी स्थापित किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा हल्द्वानी में राज्य के प्रथम आधुनिक कैंसर संस्थान का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है।

### पहले भर्तियों में होता था पक्षपात, अब मेरिट से चयन

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में पहले भर्तियों में भारी पक्षपात, धांधली और भ्रष्टाचार हुआ करता था। हमने, राज्य में देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया। आज सभी चयन प्रक्रियाएँ मेरिट के आधार पर सुनिश्चित की जा रही हैं, जिससे योग्य उम्मीदवारों को उनके कौशल और परिश्रम का पूरा लाभ मिल रहा है। अब तक प्रदेश के लगभग 27 हजार युवा सरकारी नौकरी पाने में सफल हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा जहां भी पद रिक्त हैं, उन्हें जल्द से जल्द आयोग के माध्यम से भरा जायेगा।

### आज मेडिकल कॉलेज में 62 प्रतिशत परमानेंट फैकल्टी : डॉ. रावत

कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि आज मेडिकल कॉलेज में 62 प्रतिशत परमानेंट फैकल्टी हैं। भविष्य में ये संख्या और बढ़ने वाली है। उन्होंने कहा पिथौरागढ़ और रुद्रपुर मेडिकल कॉलेज का काम 70 प्रतिशत काम पूरा हो गया है। अगले सत्र से दोनों मेडिकल कॉलेज शुरू हो जाएंगे। राज्य के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में 625 बच्चे एमबीबीएस और 256 बच्चे पीजी कर रहे हैं। राज्य में करीब 100 कॉलेज हैं, जिसमें से 14 हजार बच्चे हर साल नर्सिंग की पढ़ाई कर रहे हैं। उन्होंने कहा हाल ही में नियुक्त हुए 3000 नर्सिंग स्टाफ में 100 प्रतिशत लोग उत्तराखंड राज्य के हैं। उन्होंने कहा राज्य में 32 लाख लोगों की नि:शुल्क जांच, 350 लोगों को एयर एम्बुलेंस से हायर सेंटर रेफर किया गया है।

# ऑनलाइन होगी राशन कार्ड बनवाने की आवेदन प्रक्रिया : रेखा

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून ।** प्रदेश में राशन कार्ड बनवाने की आवेदन प्रक्रिया अगले साल से ऑनलाइन हो जाएगी। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने विभागीय अधिकारियों की बैठक में मंगलवार को इसके निर्देश दिए। सचिवालय के एफआरडीसी सभागार में आयोजित बैठक के बाद कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया में किसी भी तरह की विसंगति को दूर करने के लिए पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन करने के निर्देश दिए गए हैं । इसके साथ ही राशन विक्रेताओं के भुगतान और उनकी बिलिंग की प्रक्रिया को भी ऑनलाइन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि इस साल मई महीने तक का लाभांश सभी जनपदों में राशन वितरण कर्ताओं को दिया जा चुका है और अगले 3 महीने का लाभांश भी 2 से 3 दिन में उन्हें भेज दिया जाएगा। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि इस साल अब तक केंद्र सरकार द्वारा दिए गए लक्ष्य के सापेक्ष 98 प्रतिशत धान की खरीद हो चुकी है ।

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने बैठक में कहा कि नए राशन कार्ड बनाते समय सिर्फ इस चीज को आधार ना बनाया जाए कि किसका आवेदन कितना पुराना है। बल्कि अधिकारी पूरी संवेदनशीलता से यह सुनिश्चित करें कि सबसे ज्यादा जरूरतमंद व्यक्तियों को राशन कार्ड पहले मिले। इस प्रक्रिया में उन्होंने विकलांग, तलाकशुदा, परित्यकता, अनाथ और मानसिक रूप से कमजोर लोगों को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया है। बैठक में खाद्य सचिव एल फैनई, खाद्य आयुक्त रणवीर चौहान, अपर आयुक्त पीएस पांगती, राशन डीलर एसोसिएशंस के प्रदेश अध्यक्ष रेवाधार बृजवासी समेत अन्य अधिकारी व राशन विक्रेताओं के प्रतिनिधि शामिल हुए।

# सिख समुदाय के अपमान के बाद कांग्रेस में चल रही पश्चाताप की नौटंकी : चौहान

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि सिख समुदाय के अपमान के बाद कांग्रेस में पश्चाताप की जो नौटंकी चल रही है ,उससे यह बात जरूर सामने आ रही है कि सिख समुदाय के अपमान से किसी को कोई लेना देना नही, बल्कि सहूलियत के हिसाब से सभी हित साध रहे हैं।

चौहान ने पूर्व सीएम हरीश रावत की गुरुद्वारे में सेवा को नौटंकी करार देते हुए कहा कि अगर वह ऐसा देव भूमि की सनातनी जनता के सामने भी प्रायश्चित का भाव रखते तो कांग्रेस के सामने अस्तित्व का संकट खड़ा नही होता। उन्होंने कहा कि हरदा अपने कृत्य को बड़ी खूबसूरती से छिपाने और दूसरों पर दोष मढ़ने में माहिर हैं, लेकिन जनता से बचना आसान नही है। चौहान ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों के माल्टे ही नही, बल्कि सभी फल रसीले हैं। माल्टा पार्टी में वह स्वाद विहीन हो गए, क्योकि उनका भाव राजनैतिक था। पार्टी का मकसद फल काश्तकारों के उत्पादों की एमएसपी बढ़ाने की नही, बल्कि राजनैतिक मकसद का आयोजन था।

उन्होंने कहा कि किसानों की आर्थिकी के लिए केंद्र नीत मोदी सरकार या राज्य में सीएम पुष्कर सिंह धामी सरकार ने कार्य योजना बनाकर जो धरातलीय क्रियान्वयन किया वह अभुतपूर्व है। महज शब्दों की चासनी में कृषि और बागवानी नही हो रही। संस्कृति को बचाने के लिए राज्य में अभियान भी चल रहे हैं, जिसका तुष्टिकरण की खातिर कांग्रेस विरोध कर रही है।

## आयोग 18 को मनाएगा 'अल्पसंख्यक अधिकार दिवस'

**देहरादून ( शाह टाइम्स ) ।** उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग की और से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 18 दिसंबर को 'विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस' मनाया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मुख्य अतिथि होंगे। आयोग की उपाध्यक्ष फरजाना बेगम ने बताया कि 18 दिसंबर को हिमालयन सांस्कृतिक केन्द्र में कार्यक्रम सम्पन्न होगा। इसके साथ ही राज्य के सभी पुलिस थानों में 'लोक समस्या निवारण' कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। 'मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक मेधावी बालिका प्रोत्साहन योजना' के तहत देहरादून की मेधावी बालिकाओं को सम्मानित किया जाएगा। मदरसा शिक्षा बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को भी पुरस्कृत किया जाएगा।

# प्रदेश की 184 ग्रामीण सड़कों के निर्माण को 1700 करोड़ की सौगात

**ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार ने मंजूर की धनराशि, सीएम धामी के प्रयासों से मिली स्वीकृति**

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भेंट कर प्रदेश की कृषि व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, ग्रामीण विकास को गति देने तथा हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा से प्रभावित अवसंरचना के पुनर्निर्माण से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की।

बैठक के दौरान राज्य की 184 ग्रामीण सड़कों के निर्माण के लिए 1700 करोड़ रुपये की मंजूरी प्रदान की गई, जिनकी कुल लंबाई 1228 किलोमीटर होगी।

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री के साथ प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) से जुड़े विषयों पर भी विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री ने बताया कि हाल की प्राकृतिक आपदा में प्रदेश की 946 सड़कें और 15 पुल गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं, जिनके पुनर्निर्माण के लिए लगभग 650 करोड़ रुपये की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों वाले पर्वतीय राज्य के लिए यह क्षति अत्यंत चुनौतीपूर्ण है और ऐसी स्थिति में केंद्र से विशेष सहयोग अपेक्षित है। मुख्यमंत्री ने हाल की आपदा से क्षतिग्रस्त लगभग 5900 घरों की मरम्मत के लिए भी उत्तराखण्ड को आवश्यक धनराशि उपलब्ध कराने का भी आग्रह किया।

मुख्यमंत्री ने पीएम-आरकेवीवाई योजना के अंतर्गत स्वच्छता एक्शन प्लानदृनमामि गंगे क्लीन अभियान हेतु वर्ष 2025-26 के लिए स्वीकृत 98 करोड़ रुपये शीघ्र जारी करने का भी आग्रह किया। केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया कि राज्य की आवश्यकताओं को प्राथमिकता के आधार पर संज्ञान में लिया जाएगा तथा केंद्र सरकार हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी।

इस अवसर पर सांसद महेन्द्र भट्ट, कृषि एवं किसान कल्याण सचिव श्री देवेश चतुर्वेदी, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आलोक कुमार पाण्डेय और उत्तराखण्ड के स्थानिक आयुक्त अजय मिश्रा आदि उपस्थित रहे।



"प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के सहयोग से हमारी 184 ग्रामीण सड़कों के निर्माण के लिए 1700 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। मैं प्रधानमंत्री और केंद्रीय मंत्री का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। कनेक्टिविटी को मजबूत करेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा का संचार करेगी। हमारी सरकार 'समृद्ध ग्रामखसमृद्ध उत्तराखण्ड' के संकल्प को लेकर प्रतिबद्ध है। उत्तराखण्ड के ग्रामीण विकास को नई गति देगी और विकसित भारत /2047 के लक्ष्य की दिशा में राज्य की प्रगति को और अधिक सुदृढ़ करेगी... **पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री उत्तराखंड।**

# कोरोना काल में फूल बरसाए, अब थप्पड: पुंडीर

**कांग्रेस व नर्सिंग एकता मंच ने किया जमकर प्रदर्शन, पुलिस के साथ प्रदर्शनकरियों की हुई धक्का-मुक्की**

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

**देहरादून ।** महिला नर्सिंग कर्मी पर महिला पुलिसकर्मी के थप्पड़ जड़ने के विरोध में मंगलवार को महिला कांग्रेस की कार्यकर्ताओं और नर्सिंग एकता मंच ने पुलिस मुख्यालय घेराव किया।

उल्लेखनीय है कि विगत दिवस सोमवार को बेरोजगार नर्सिंग कर्मी, नर्सिंग भर्ती प्रक्रिया को पूर्व की तरह वर्षवार किए जाने समेत अन्य मांगों को लेकर मुख्यमंत्री आवास कूच कर रहे थे। न्यू कैंट रोड स्थित सालावाला के निकट बैरिकेडिंग लगाकर पुलिस ने उन्हें रोक दिया। इस दौरान एक महिला कॉन्स्टेबल ने एक महिला नर्सिंग कर्मी को थप्पड़ जड़ दिया। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ। इसके खिलाफ मंगलवार को महिला कांग्रेस और नर्सिंग एकता मंच ने पुलिस मुख्यालय का घेराव किया।

घेराव करने जा रहे प्रदर्शनकारियों को भारी पुलिस बल ने सुभाष रोड पर मुख्यालय से पहले बेरिकेडिंग लगाकर रोक दिया। आगे बढ़ने पर पुलिस के साथ प्रदर्शनकरियों की धक्का मुक्की हुई। काफी देर हंगामा होने के बाद पुलिस ने नर्सिंग एकता मंच से जुड़े अभ्यार्थियों और कांग्रेस की महिला कार्यकर्ताओं को बसों में बैठाकर एकता विहार धरना स्थल छोड़ दिया।

नर्सिंग एकता मंच के प्रदेश अध्यक्ष नवल पुंडीर का कहना है कि, पिछले लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर आंदोलन किया जा रहा है, मगर अभी तक सरकार की ओर से कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने कहा कि, कोरोना काल के दौरान जान की परवाह न करते हुए परिवार के बगैर उन्होंने मरीजों की सेवा की, उन पर फूल भी बरसाए, मगर सरकार अब उनकी मांगों को पूरा करने में आनाकानी कर रही है।



### नर्सिंग कर्मियों के समर्थन में काँग्रेस ने भरी हुंकार

**देहरादून।** नर्सिंग बेरोजगार युवतियों के शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान महिला पुलिसकर्मियों की और से की गई अभद्रता और थप्पड़ मारने की घटना के विरोध में मंगलवार को उत्तराखंड महिला कांग्रेस ने प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय से चलकर पुलिस मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन कर घेराव किया। प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने कहा कि रोजगार की मांग करने वाली बेटियों के साथ इस प्रकार का अपमानजनक और दमनकारी व्यवहार सरकार की असंवेदनशीलता को उजागर करता है। धामी सरकार युवाओं की आवाज सुनने के बजाय उन पर शक्ति प्रदर्शन कर रही है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। महिला कांग्रेस ने कहा कि दोषी पुलिसकर्मियों पर तत्काल कठोर कार्रवाई की जाए। घटना की उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए। नर्सिंग के लंबित रिक्त पदों पर पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया तुरंत शुरू की जाए। प्रदर्शन में मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी, महिला कांग्रेस की वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशा मनोरमा डोबरियाल, उर्मिला थापा, निधि नेगी, सुशीला शर्मा, पुष्पा पवार, अनुराधा तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष अनीता सकलानी, सचिव रेखा ढींगरा, सावित्री थापा और मंजू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

### भाजपा महिला मोर्चा ने कांग्रेसी प्रदर्शन को बताया सियासी नौटंकी

**देहरादून ।** भाजपा ने कांग्रेस पर नर्सिंग बेरोजगार और पुलिस विवाद प्रकरण में राजनीति नाटकी करने का आरोप लगाया है। कहा जो दुर्भाग्यपूर्ण घटना सामने आई, फिलहाल उसकी जांच हो रही है। आगे जो भी दोषी पाया जाएगा, निश्चित कार्रवाई की जाएगी। लेकिन कानून हाथ में लेने का अधिकार किसी को नही दिया जा सकता है। भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष रुचि भट्ट ने कांग्रेस के प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया देते हुए, इसे राजनीतिक नौटंकी करार दिया है। वहीं स्पष्ट किया कि जो दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम नर्सिंग आंदोलनकारी और महिला कांस्टेबल के बीच हुआ, उसकी पूरी जांच की जा रही है। सभी पक्षों से पुलिस प्रशासन जानकारी ले रहा है। अंतत: जो भी दोषी पाया जाएगा या जहां भी त्रुटि पाई जाएगी, उसपर उचित कार्रवाई होना निश्चित है। किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की इजाजत नहीं दी जा सकती है।

# आर्थिक रूप से सक्षम हों पैक्स समितियां: डॉ. धन सिंह रावत

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** प्रदेशभर की प्राथमिक कृषि ऋण सहकारी समितियों (पैक्स) को आर्थिक रूप से सक्षम बनाया जायेगा। इसके लिये विभागीय अधिकारियों को ठोस कार्ययोजना बनाने के निर्देश दे दिये गये हैं। इसके साथ ही पैक्सों को ई-सेवा प्रदाता बनाने के लिये पैक्सों को शत-प्रतिशत डिजिटलाईजेशन करने को भी कहा गया है।

सूबे के सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज विधानसभा स्थित सभाकक्ष में सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होंने प्रदेशभर की प्राथमिक कृषि ऋण सहकारी समितियों (पैक्स) को आर्थिक रूप से समक्ष बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि पैक्स समितियों के शत-प्रतिशत डिजिटलीकरण के साथ ही ठोस बिजनेस प्लान बनाने होंगे, ताकि किसानों को बेहतर वित्तीय सेवाएँ सहित अन्य सहकारी सेवाएँ प्रदान की जा सके।

डॉ. रावत ने कहा कि प्रदेशभर की 670 पैक्स में से 125 पैक्स को ई-पैक्स में परिवर्तित कर दिया गया है। जहां पर किसानों को ई-सेवाएं उपलब्ध की जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को सभी पैक्सों में ई-पैक्स में परिवर्तित करने के निर्देश बैठक में दिये। डॉ. रावत ने समितियों के बेहतर संचालन को लेकर प्रत्येक समिति में कार्मिकों अकाउण्टेंट कम डेटा ऑपरेटर की तैनाती करने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों को पैक्स में सम्मिलित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये, ताकि सरकारी सस्ते गल्ले की दुक.ानों के माध्यम से पैक्स समितियों का संचालन कर उन्हें लाभ की स्थिति में लाया जा सके।

उन्होंने कहा कि सहकारिता मेलों का आयोजन 25 जनवरी से पहले सम्पन्न कर दिया जाय। बैठक में शीर्ष सहकारिता समितियों के निर्वाचन, माधो सिंह भण्डारी सहकारी सामूहिक खेती योजना, एवं पैक्स सचिवों की नियुक्ति को लेकर भी समीक्षा की गई। बैठक में सचिव सहकारिता बीवीआरसी पुरुषोत्तम, निबंधक सहकारिता डॉ मेहरबान सिंह बिष्ट, मुख्य महाप्र. बंधक नाबार्ड पंकज यादव, अपर निबंधक सहकारिता आनंद शुक्ला, इरा उप्रेती, संयुक्त निबंधक नीरज बेलवाल, एम.पी. त्रिपाठी, प्रबंध निदेशक राज्य सहकारी बैंक प्रदीप मेहरोत्रा, उप महाप्रबंधक नाबार्ड भूपेन्द्र कुमावत, नवीन कुमार आदि उपस्थित रहे।



# कौसानी थाने में तैनात होमगार्ड का घर के पीछे मिला शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** कौसानी पुलिस थाने में तैनात होमगार्ड अपने घर के पीछे मृत हालत में मिला। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पीएम के लिए जिला अस्पताल बागेश्वर भेजा। इधर पीएम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया गया गया।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कौसानी के खालू खेत निवासी 58 वर्षीय रमेश राम पुत्र परि राम दिसंबर एक तारीख से कौसानी पुलिस थाने में तैनात थे। रविवार को वह छुट्टी लेकर घर में ही थे। तभी रविवार की रात में अपने घर के पीछे रास्ते से नीचे गिर कर घर पिछले हिस्से में फंस गए। जहां उन्हें किसी ने देखा नहीं। सोमवार को जब उनकी बीवी गुड्डी देवी ने उन्हें फोन किया तो उनके द्वारा फोन नहीं उठाया गया। तभी बच्चों ने भी कई बार उन्हें फोन किया लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। जिसके बाद उन्होंने गांव में पड़ोसियों से अपने पिता के बारे में जानकारी ली, जब पड़ोसियों ने घर में जाकर देखा तो वे घर पर नहीं मिले। तब से उनकी खोजबीन शुरू की गई। सोमवार दोपहर में रमेश राम अपने घर के पीछे मृत हालत में मिले। ग्रामीणों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी, वही मृतक के परिजनों को भी घटना जानकारी दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे मिलकर पंचनामा भर व पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजा। मृतक के तीन बेटे योगेश, करन, दीपक अपनी मां गुड्डी के साथ जिला मुख्यालय में किराए पर रहते हैं, तीनों बच्चे बागेश्वर से पढ़ाई कर रहे है। बताया जा रहा है कि मृतक भी बागेश्वर में ही ड्यूटी करता था, इन दिनों रोटेशन में उसकी ड्यूटी कौसानी लगी हुई थी। इधर पुलिस ने बताया कि रमेश के मौत के असली कारणों का पता पीएम रिपोर्ट के बाद ही सामने आएगी। हालांकि लोगों का मानना है कि रमेश शराब के नशे में गिर गया था, रात भर बाहर रहने से कौसानी की लड़ाके की ठंड के चलते उसकी मौत हो गई। उधर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# वनाग्नि की रोकथाम के लिए आधुनिक बनेगा कंट्रोल रूम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** वनाग्नि रोकथाम को लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट में बैठक आयोजित की गई। जिला. धिकारी ने कहा कि आगामी फायर सीजन से पूर्व तथा शीतकालीन वनाग्नि की घटनाओं को देखते हुए सभी तैयारियां पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने ग्रामीण सहभागिता को वनाग्नि नियंत्रण की सबसे प्रभावी शक्ति बताते हुए महिला मंगल दलों, स्थानीय युवाओं और ग्राम स्तरीय समूहों को इस अभियान से जोड़ने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान पर्यावरण कर्मी गजेंद्र कुमार पाठक ने वनाग्नि की चुनौतियों और समाधान पर विस्तृत पीपीटी प्रस्तुतिकरण दिया, जिसके माध्यम से वनाग्नि की चुनौती और उसके समाधान पर विस्तृत विमर्श किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि वनाग्नि नियंत्रण के लिए एक समर्पित कंट्रोल रूम स्थापित किया जाए तथा ड्रोन सहित आधुनिक तकनीक के माध्यम से संवेदनशील क्षेत्रों की निरंतर निगरानी की जाए। उन्होंने कहा कि सभी विकासखंडों में खंड विकास अधिकारी और वन विभाग कर्मचारी जनप्रतिनिधियों के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम संचालित करें। जिलाधिकारी ने वनाग्नि रोकथाम में लगे महिला मंगल दलों और अन्य सहयोगियों के लिए सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने तथा उनका बीमा सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में नगर निगम मेयर अजय वर्मा, डीएफओ दीपक सिंह, अपर जिला. धिकारी युक्ता मिश्र, डीएफओ सिविल सोयम प्रदीप कुमार, डीएफओ (रानीखेत) संतोष कुमार पंत सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## डीडीए के खिलाफ संघर्ष समिति का धरना

**अल्मोड़ा।** डीडीए समाप्ति की मांग को लेकर मंगलवार को सर्वदलीय संघर्ष समिति ने धरना दिया। इस दौरान शासन प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की। जल्द डीडीए समाप्ति का शासनाद. ेश जारी करने की मांग उठाई। नगर के गांधी पार्क में आयोजित धरना स्थल पर वक्ताओं ने कहा कि जिला विकास प्राधिकरण लागू होने के बाद लोगों की दिक्कतें काफी बढ़ गई हैं। नगर निगम की आय भी इससे कम हो गई है। वहीं, लोगों को भवन बनाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यहां प्रदर्शन करने वालों में समिति के संयोजक व पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, प्रताप सिंह सत्याल, हेम चंद्र तिवारी, प्रतेश कुमार पांडे, भारत रत्न पांडेय, रॉबिन मनोज भंडारी आदि थे।

## क्षेत्रवार रिपोर्ट लेकर प्रभावी रणनीति तैयार करें: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** मानव-वन्यजीव संघर्ष की बढ़ती घटनाओं पर नियंत्रण के लिए मंगलवार को कलेक्ट्रेट में बैठक आयोजित की गई। बैठक में बंदरों की बढ़ती संख्या, तेंदुए के हमलों में वृद्धि के साथ साथ जनसुरक्षा को प्रभावित करने वाले कारकों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने बंदरों की समस्या को नियंत्रित करने के लिए बंदरों के बंध्याकरण हेतु डाक्टर की नियुक्ति के लिए तत्काल समिति गठित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अनेक मामलों में अन्य क्षेत्रों से बंदरों को लाकर यहां छोड़े जाने की शिकायतें मिल रही हैं, जिसे रोकने के लिए सीमा पर वन विभाग एवं पुलिस की संयुक्त चेकिंग टीम तथा इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट स्थापित किए जाएं। गुलदार के हमलों को चिंताजनक बताते हुए जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम से क्षेत्रवार रिपोर्ट लेकर प्रभावी रणनीति तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों में पिंजरों की संख्या बढ़ाई जाए, रेस्क्यू संेटरों का विस्तार किया जाए तथा पकड़े गए तेंदुओं के सुसंगत पुनर्वास के लिए उपयुक्त स्थल चिह्नित किए जाए। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि अव्यवस्थित वेस्ट डिस्पोज़ल जंगली जानवरों के बस्तियों की ओर आकर्षित होने का प्रमुख कारण है। इसलिए नगर निकायों और ग्रामीण क्षेत्रों में ठोस कचरा प्रबंधन की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# कृषि मंत्री ने क्लस्टर मॉडल को सराहा

## गणेश जोशी ने भगरतौला में किसानों से किया संवाद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** कृषि मंत्री गणेश जोशी ने अपने कुमाऊं दौरे के दौरान मंगलवार को जनपद अल्मोड़ा के विकासखण्ड धौलादेवी स्थित ग्राम भगरतौला का दौरा किया। गांव पहुंचने पर स्थानीय ग्रामीणों ने मंत्री जोशी का पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया। कृषि मंत्री जोशी ने चौपाल के माध्यम से कृषकों के साथ संवाद किया, उनकी समस्याएं सुनीं और सुझाव भी प्राप्त किए। उन्होंने पॉलीहाउस का स्थलीय निरीक्षण कर वहां की स्थिति का विस्तृत अवलो. कन किया। भगरतौला ग्रामीणों ने कृषि मंत्री को अवगत कराया कि जिला योजना एवं उद्यान विभाग द्वारा स्थापित 100 से अधिक पॉलीहाउस में क्लस्टर आधारित कृषि की जा रही है, जिसमें आलू, शिमला मिर्च, गोभी, मैथी, धनिया, मिर्च आदि सब्जियों की खेती हो रही है। इससे स्थानीय किसानों की आय में बढ़ोतरी हुई है और आजीविका मजबूत हुई है। मंत्री जोशी ने किसानों के इस प्रयास की सराहना की। इसके साथ ही उन्होंने सैम देवता समूह की लखपति दीदियों से भी वार्ता की और उनके स्वरोजगार एवं महिला सशक्तिकरण के प्रयासों को प्रशंसनीय बताया। विभागीय मंत्री ने जंगली जानवरों के आतंक की समस्या और फेसिंग भुगतान तथा पॉलीहाउस की पन्नी बदलने संबंधी मामलों पर कृषि मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। भगरतौला गांव के दौरे के दौरान कृषि मंत्री ने किसानों को भरोसा दिलाया कि सरकार उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने हेतु हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं। भ्रमण के दौरान कृषि मंत्री गणेश जोशी ने नैनपड़ चाय बागान का भी अवलोकन किया और वहां कार्य कर रहे लोगों से भी वार्ता की। इसके उपरांत कृषि मंत्री गणेश जोशी ने नैनी गांव और तरुला गांव पहुंचकर किसानों की समस्याएं भी सुनी और अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। नैनी गांव में कृषि मंत्री गणेश जोशी ने पानी लिफ्टिंग के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने किसानों को कृषि यंत भी प्रदान किए। कृषि मंत्री जोशी ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि केंद्र और राज्य सरकार की सभी कृषि एवं उद्यान योजनाओं को न्याय पंचायत स्तर तक पहुंचाने के लिए कैंप आयोजित किए जाएं, ताकि अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि हर किसान तक बेहतर सुविधाएं, अनुदान और नई तकनीकें समय पर उपलब्ध हों।

## उत्तराखंड पंचायती वन नियमावली सहित कई मुद्दों पर चर्चा

**अल्मोड़ा।** जिलाधिकारी अंशुल सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को वन पंचायत सरपंचों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सरपंचों ने वन पंचायतों से संबंधित प्रमुख समस्याओं और मांगों को विस्तार से रखा। सरपंचों ने उत्तराखंड पंचायती वन नियमावली 2005 (संशोधित 2024) में हुए संशोधन, सरपंच को निश्चित मानदेय की व्यवस्था, वन पंचायतों को अधिक स्वायत्तता देने तथा विभागीय कार्यों में उनकी भूमिका स्पष्ट रूप से तय करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बैठक में यह मांग भी जिलाधिकारी के समक्ष रखी कि वन विभाग पंचायतों में अपने सभी कार्यों की पूर्व सूचना वन पंचायतों को अनिवार्य रूप से दे, वन क्षेत्रों में अतिक्रमण को चिह्नित कर हटाने की कार्रवाई हो , वनाग्नि को रोकने के लिए धनराशि प्रत्येक वन पंचायत को दी जाए और प्रदेश परामर्शदात्री समिति में सरपंचों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि सरपंचों के मुद्दों और सुझावों को समझने तथा समाधान की दिशा में प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए ही यह बैठक आयोजित की गई है। उन्होंने कहा सरपंचों के प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही उनके अधिकार सुरक्षित रखा जाना सुनिश्चित किया जाएगा। जिला. धिकारी ने वन पंचायत क्षेत्रों में अतिक्रमण के मामलों कार्रवाई करने की बात भी कही। जनपद अल्मोड़ा में कुल 2089 वन पंचायतें हैं, जिनमें से 19 आरक्षित वन क्षेत्रों तथा शेष सभी सिविल भू-राजस्व क्षेत्रों में गठित हैं। वन पंचायतों के संरक्षण और प्रबंधन के अधीन कुल 49,648.49 हेक्टेयर वन क्षेत्र शामिल है। बैठक के दौरान डीएओ दीपक सिंह, प्रदीप कुमार, संतोष कुमार पंत, एडीएम युक्ता मिश्र मौजूद रहे।

# बोतल से बाहर निकला अतिक्रमण का जिन

## हाईकोर्ट के आदेशों के बाद जिलाधिकारी ने अधिकारियों संग की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जिले में एक बार फिर अतिक्रमण का जिन बाहर निकला है। हाईकोर्ट के आदेशों के बाद जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली है। बैठक में डीएम ने अतिक्रमणों की एक दिन बाद रिपोर्ट मांगी है। बता दें कि बागेश्वर जिला मुख्यालय में अतिक्रम को लेकर बार बार चर्चाएं उठती रहती हैं। सरयू गोमती एवं विलुप्त सरस्वती नदी में दोनों ओर से अतिक्रम हुआ है। इसी क्रम में नैनीताल हाईकोट ने जिला प्रशासन से अतिक्रमण हटाने संबंधी निर्देशों के अनुपालन करने के निर्देश दिए है। इस संबंध में मंगलवार को



जिलाधिकारी आकांक्षा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वन भूमि, नदी तट तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर स्थित सभी अस्थायी एवं स्थायी अतिक्रमणों का चिह्नीकरण तत्काल पूर्ण कर विस्तृत रिपोर्ट बुधवार तक अनिवार्य रूप से देने के निर्देश दिए है। जिला. धिकारी ने कहा कि अतिक्रमण का चिन्हीकरण अत्यंत गंभीर विषय है तथा इसे सर्वोच्च प्राथमिकता पर संचालित किया जाए। उन्होंने राजस्व, वन, सिंचाई, लोनिवि तथा अन्य विभागों को निर्देशित किया कि वे स्थल निरीक्षण, सर्वेक्षण एवं राजस्व अभिलेखों के आधार पर तथ्यात्मक एवं सटीक रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। बैठक में डीएम ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से न्यायालय आयोजित करें, प्रकरणों की प्रगति की सतत समीक्षा करें तथा सभी लंबित मामलों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। बैठक में एडीएम एन.एस. नबियाल, प्रभागीय वनाधिकारी आदित्य रत्ना, सभी एसडीएम, और सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग, पीएमजीएसवाई तथा राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड के अधिशासी अभियंता उपस्थित रहे।

## एक नजर

### कार की टक्कर से एक की मौत

**काशीपुर।** सड़क किनारे खड़े एक व्यक्ति को कार ने टक्कर मारकर घायल कर दिया जिसे गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आईटीआई थाना क्षेत्र की पैगा पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम शिवलालपुर अमर झंडा निवासी 50 वर्षीय विजय पाल यादव पुत्र भजन सिंह सोमवार की सायं रामल. ीला ग्राउंड के पास रामनगर रोड पर सड़क किनारे खड़ा था कि एक कार ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को एक निजी अस्पताल ले जाया गया, उसके बाद उसे सरक. ारी अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कार से टक्कर मारने वाला कार चालक कार लेकर फरार हो गया। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है।

### आंगनबाड़ी सह क्रेच केंद्र का शुभारंभ

**बागेश्वर।** महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग के तहत ज्वालादेवी वार्ड में आंगनबाड़ी सह क्रेच (पालना) केंद्र का शुभारंभ मंगलवार को नगरपालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल ने फीता काटकर किया। इस मौके पर अध्यक्ष खेतवाल ने कहा कि आजकल अधिकांश परिवारों में दोनों पति-पत्नी कामकाजी होते हैं, और बच्चों की देखभाल महिलाओं के लिए चुनौती बन गई है। ऐसे में क्रेच केंद्र कामकाजी महिलाओं के लिए बेहद लाभकारी होगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी डा. मंजूलता यादव ने बताया कि केंद्र में 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों को डे केयर, पोषाहार, देखरेख और स्वास्थ्य निगरानी जैसी सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने बताया कि बागेश्वर नगर, कपकोट और गरुड़ में कुल 9 क्रेच केंद्रों के संचालन का प्रस्ताव है। उन्होंने कार्यशील महिलाओं से अपील की कि वे अपने 6 माह से 3 वर्ष तक के बच्चों को निकटतम क्रेच केंद्र में पंजीकृत कराएं। कार्यक्रम में प्रेम सिंह हड़ड़िया, सुनीता वर्मा, प्रेमा पांडे और पंजीकृत बच्चे एवं उनके अभिभावक भी उपस्थित रहे।

### किलावली में कृषक गोष्ठी का आयोजन

**काशीपुर।** गन्ना किसान संस्थान एवं प्रशिक्षण केंद्र काशीपुर द्वारा गन्ना विकास परिषद काशीपुर परिक्षेत्र के ग्राम किलावली में एक दिवसीय कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में संबोधित करते हुए गन्ना विभाग के प्रचार एवं जनसंपर्क अधिकारी नीलेश कुमार ने गन्ने की बुवाई जैसे विषय से किसानों को अवगत कराते हुए बताया कि गन्ने की कृषि में गहराई तथा दूरी का बहुत महत्व है, अत: किसान बंधु इसका पालन करें। गन्ना किसान अपने खेत की अच्छी सी तैयारी करके ही गन्ने की बुवाई प्रारंभ करें। जिन गन्ना किसानों को शरद कालीन गन्ना की बुवाई करनी है, वह उत्तम बीज का चुनाव करें। प्रत्येक कृषक को नवीनतम तकनीक के आधार पर गन्ना की कृषि करनी चाहिए। कृषक को अपनी भूमि की जांच करानी चाहिए। गन्ना अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा बताया गया कि वर्तमान में 15023, 13235, 14201 जैसी उन्नतशील प्रजातियां है जिनको गन्ना कृषकों को प्रोत्साहित करना चाहिए। बैठक में गन्ना अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिक संजय कुमार, प्रमोद कुमार सहित गन्ना विभाग के अधिकारी तथा कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में प्रगतिशील कृषक मौजूद रहे।

### थापली तोक में जंगली जानवरों का आतंक

**बागेशर।** जिले के थापली तोक में जंगली जानवरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। गांव में दिनदहाड़े गुलदार, जंगली सूअर और बंदर फसलें नष्ट कर रहे हैं और लोग डर के साए में जी रहे हैं। पिछले पांच वर्षों में इस समस्या में लगातार वृद्धि हुई है, जिसके कारण 9 परिवार गांव छोड़ चुके हैं। गांववासियों ने अपनी फसल और बागवानी को बचाने के लिए अपनी जमापूंजी से खेतों में चारदीवारी बनवाई है। ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में थापली तोक कफलखेत ग्राम सभा का हिस्सा था, लेकिन नगर पालि. का में विलय के बाद अब यह जालकांडे में शामिल कर दिया गया है। वन विभाग से जंगली जानवरों के आतंक से राहत दिलाने की मांग की जा रही है, अन्यथा और लोग पलायन करने को मजबूर हो सकते हैं।

### पंचमुखी हनुमान जी का वार्षिकोत्सव 12 को

**काशीपुर।** इच्छेश्वर महादेव मन्दिर, निकट काली मन्दिर मौहल्ला कानूनगोयान में पंचमुखी हनुमान जी का प्रथम वार्षिकोत्सव शुक्रवार 12 दिसम्बर को अत्यंत हर्षोल्लास से मनाया जायेगा। आयोजन के अंतर्गत प्रात: 11 बजे सुन्दरकाण्ड आरम्भ होगा, जबकि दोपहर 2 बजे से आरंभ कीर्तन के पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा। सायं 5 बजे से आयोजित भजन संध्या में हापुड़ से आ रहे भजन गायक संजू पागल द्वारा मनोहारी भजनों का गुणगान किया जायेगा। बलदेवा धाम फांउडेशन, गौ रक्षा दल, काशीपुर द्वारा समस्त धर्मप्रेमियों से आयोजन में सहभागिता निभाकर प्रसाद ग्रहण करने का आग्रह किया है।

### बार एसोसिएशन ने नौ सदस्यों को भेजा नोटिस

**काशीपुर।** काशीपुर बार एसोसिएशन द्वारा एसोसिएशन के नौ सदस्यों को नोटिस जारी कर कार्यवाही की चेतावनी दी गई है। एसोसिएशन का मानना है कि उक्त सदस्यगण बार काउंसिल ऑफ उत्तराखंड के चुनावों को प्रभावित करना चाहते हैं। एसोसिएशन के अध्यक्ष, सचिव एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा जारी किए गए नोटिस में कहा गया कि काशीपुर बार एसोसिएशन, काशीपुर जो कि 100 वर्षों से अधिक समय से गठित चली आ रही है और जिसमें अनेकों प्रतिष्ठित अधिवक्ता रहे हैं। इस एसोसिएशन के व्यवस्थित संचालन के लिए इसके नियम बनाये गये हैं और तदनुसार ही प्रत्येक 2 वर्ष में चुनाव के द्वारा एक कार्यकारिणी गठित की जाती है और वह अपने विनियमों से संचालित होती है जिसमें अध्यक्ष, सचिव व अन्य पदाधिकारियों के अधिकार एवं कर्तव्य निश्चित किये गये है। काशीपुर बार एसोसिएशन बार काउंसिल ऑफ उत्तराखण्ड से सम्बद्ध है तथा बार काउंसिल ऑफ उत्तराखण्ड के निर्देशों के पालन करने को बाध्य है। अभी तक अनेक मतभेदों के बावजूद काशीपुर बार एसोसिएशन की एकता अखण्डता अक्षुण्ण रही है और विगत कार्यकारिणियों ने इसकी गरिमा बनाये रखी है। उधर नोटिस मिलने के बाद कोर्ट परिसर में बहुत से अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन भी किया।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए राज्य आंदोलनकारी गुरुरानी ने किया पौधरोपण

**नैनीताल।** सूबे के राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान मंगलवार को 592वें दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 592वें दिन पिथौरागढ़ के शहीद स्मारक स्थल परिसर में एक पौधा धरती मां के नाम के तहत अपने पिता. जी स्वर्गीय तारा दत्त गुरुरानी की स्मृति में स्मृति पौध लगाया। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधा रोपण अभियान जारी रहेगा।

# सीएम धामी का जनपद दौरा निराशाजनक

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष अर्जुन भट्ट ने प्रदेश सरकार पर साधा निशाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष अर्जुन भट्ट ने मंगलवार को पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। वार्ता में उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के दो दिवसीय जनपद भ्रमण को निराशाजनक बताया। उन्होंने कहा कि सीएम से जिले के लोगों को काफी उम्मीदें थी, लेकिन धाकड़ धामी महज राजनीतिक रोटियां सेकने के लिए जिले में पहुंचे थे। यहां आयोजित वार्ता में अध्यक्ष भट्ट ने कहा कि सीएम का पद संवैधानिक पद है, कांग्रेस के एनएसयूआई एवं कांग्रेस के नेताओं द्वारा सीएम धामी को जिले की





समस्याओं से अवगत कराने के लिए पत्र एवं उनसे वार्ता करनी चाही, लेकिन कपकोट में एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं को थाने में बंदी बनाया गया, जबकि बागेश्वर में बालकृष्ण एवं आदि नेताओं के पीछे पुलिस की एक टोली लगाई गई। प्रेस वार्ता में वक्ताओं ने कहा कि जिले में स्वास्थ्य व शिक्षा व्यवस्थाएं पूरी तरह चौपट है, उसके बावजूद भाजपा सुशासन की बात करती है। कहा कि जिला मुख्यालय में आठ करोड़ रुपए से एक निजी संस्था तक सड़क बनाई जा रही है, जिसे भाजपा अपनी उपलब्धि बता रही है। जबकि गांव में सड़क न होने के कारण आज भी ग्रामीणों डोली के सहारे मरीजों को अस्पताल तक ला रहे है। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, एवं तानाशाही से डरी हुई है, जिसके चलते कार्यकर्ताओं को एकजुट करने के लिए सीएम धामी को दो दिन बागेश्वर में बिताने पड़े। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश ऐठानी, पूर्व जिलाध्यक्ष भगत डसीला, सुरेश गढ़िया, लक्ष्मी धर्मशक्तू, कुन्दन गिरी सहित अन्य मौजूद थे।

# रक्तदान कर मनाया जन्मदिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** कालाढूंगी निवासी सामाजिक कार्यकर्ता मयंक गुप्ता ने



अपने जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन करके अन्य युवाओं को भी संदेश दिया। अपने जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए लोग अक्सर पार्टी और जश्न मनाते हैं, लेकिन कालाढूंगी के मयंक गुप्ता पिछले छह सालों से अपने जन्मदिन को समाज सेवा को समर्पित करते आ रहे हैं। उन्होंने इस साल भी मंगलवार को रामलीला मैदान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस विशेष अवसर पर हिंदू मुस्लिम समुदाय से जुड़े युवाओं, महिलाओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर मयंक गुप्ता को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और रक्तदान भी किया। उपस्थित लोगों ने मयंक के इस अद्भुत प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि उनका यह कदम समाज में सकारात्मक संदेश देता है और युवाओं को प्रेरित करता है कि जन्मदिन जैसे अवसरों को समाजहित में भी मनाया जा सकता है। कार्यक्रम में बेस हॉस्पिटल हल्द्वानी के ब्लड बैंक की टीम ने पहुँचकर रक्तदाताओं की आवश्यक स्वास्थ्य जांच की और सुरक्षित तरीके से रक्त एकत्र किया।

# अनाथ बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** रामनगर रोड स्थित सेमफोर्ड स्कूल में उर्वशी दत्त बाली के नेतृत्व में 50 तारे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें अनाथ बच्चों और स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। उर्वशी दत्त बाली रोज़ 4-5 घंटे बच्चों को समय देती हैं, और उनके इसी समर्पण का परिणाम मंच पर दिखाई दिया।





कार्यक्रम में स्कूल की प्राचार्या ज्योति राणा, चेयरमैन विनीत सिंघल, जज ममता सिंह, रिचा जे. पैन्यूली, डॉ. ध्रुवी बंडोडकर और डॉ. आराधना शर्मा सहित अनेक अतिथि मौजूद रहे। हिंदू वाहिनी के सदस्य, राजीव चौधरी, जगमोहन बंटी, पूनम जोशी और शांतनु चिक. ारा ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। विशेष रूप से विनीत सिंघल और शालिनी ने न केवल मंच उपलब्ध कराया बल्कि अनाथ बच्चों को अपनी अकादमी में अभ्यास के लिए स्थान देकर सच्चा सहयोग दिया। प्रतियोगिता में आर्ट एंड क्राफ्ट में नेताजी सुभाष चंद्र बोस अकादमी से संदीप प्रथम व अंश राणा द्वितीय रहे, जबकि सेमफोर्ड स्कूल में प्रिया बिष्ट प्रथम व रिया रावत द्वितीय रहीं। कैरम प्रतियोगिता में अनुराग प्रथम व आयुष कोहली द्वितीय। चित्रकला में प्रियांश प्रथम व नक्ष द्वितीय, सेमफोर्ड से दक्षिता प्रथम, हिमांशी द्वितीय। अंग्रेजी सुलेख में शुभम प्रथम, कृष्ण सैनी द्वितीय, जबकि सेमफोर्ड स्कूल के मनराज प्रथम, नारायण द्वितीय। हिंदी सुलेख में मनोहर ने प्रथम, लक्की द्वितीय, सेमफोर्ड स्कूल की आराध्या रावत प्रथम, हरजीत सिंह द्वितीय स्थान पर रहे।

# उत्कृष्ट कपकोट विधानसभा मेरा सपना: गढ़िया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** विधायक कपकोट सुरेश गढ़िया ने अपने चार सालों ने विधान सभा कपकोट में किए विकास कार्यों एवं सीएम धामी द्वारा जिले में किए गए विकास कार्यों में महत्पूर्ण भूमिका को ऐतिसहिक उपलब्धि बताई। विधायक गढ़िया ने कहा कि केंद्र व राज्य की डबल इंजन सरकार ने जिले में विकास को नया आयाम दिया है। जनपद बागेश्वर को अग्रणी जिला बनाना सीएम धामी का सपना है, जबकि कपकोट विधान सभा को उत्कृष्ट विधान सभा बनाना खुद का सपना बताया। उन्होंने कहा कि पिछले चार सालों में विधान सभा कपकोट में अरबों रुपए की



योजनाओं से विकास कार्य हुए है, कई कार्य में तकनीकी रुकावट के चलते शासन में गतिमान है। उन्होंने कहा कि कपकोट के चिकित्सालय को सब डिस्टिक अस्पताल बनाना मेरा सपना है। जिस पर तेजी से कार्य चल रहा है। विधायक गढ़िया ने सीएम धामी के दो दिवसीय जनपद भ्रमण को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि सीएम धामी ने यहां के प्रत्येक समस्या को धरातल पर बारीकी से परखा, ताकि उसी अनुरूप आगे की कार्ययोजना तैयार की जा सके। गढ़िया ने कहा कि आज गांव की पंचायतों से लेकर देश के सर्वोच्च सदन में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। जिसको देखते हुए विपक्ष में बौखलाहट है।

# अलका पाल का स्वागत किया

## पाल महासभा ने कांग्रेस महानगर अध्यक्ष को पहनाई पगड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** पाल महासभा काशीपुर द्वारा अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी की नवनियुक्त काशीपुर महानगर अध्यक्ष अलका पाल का नागरिक अभिनंदन किया गया। गौतम नगर स्थित पाल सभा में पाल समाज के सदस्यों ने अलका पाल को पगड़ी व शॉल पहनाकर स्वागत किया।



पाल सभा के अध्यक्ष अमर सिंह पाल एवं कुमाऊँ मंडल अध्यक्ष सुंदरलाल पाल ने शाल ओढ़ाकर अलका पाल को बधाई दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं और पुरुषों ने अध्यक्ष अलका पाल का माल्यार्पण कर माता अहिल्याबाई होल्कर जी की प्रतिमा भेंट की। इस अवसर पर पाल कुंवर पाल सिंह, ब्रह्मा सिंह पाल, जगदीश पाल, सुभाष पाल, राजीव पाल, मुकुल कुमार पाल, उमा पाल, यशोदा पाल व राकेश कुमार पाल ने अलका पाल द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों एवं पार्टी के लिए उनके योगदान को सभी के सम्मुख रखा। अलका पाल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी पार्टी सभी वर्गों का सम्मान कर पिछड़े वर्ग के उत्थान एवं राष्ट्र निर्माण के लिए दृढ़ संकल्पित है। संचालन पाल सभा समिति के सचिव राजपाल सिंह ने किया। सभा में दुलार सिंह पाल, नंदराम पाल, विद्यावती पाल, महेश पाल, पुष्पा पाल, कुसुम पाल, उपेंद्र पाल, शकुंतला पाल, शारदा देवी, महेंद्र कुमारी आदि सहित पाल समाज के अनेकों सम्मानित लोग उपस्थित थे।

# निर्णायक दिन हो सकता है आज, बनभूलपुरा में चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात

## रेलवे प्रकरण: सुप्रीम कोर्ट में है सुनवाई, फैसले पर टिकी निगाहें, बनभूलपुरा में फ्लैग मार्च, ड्रोन से कड़ी निगरानी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा क्षेत्र में रेलवे भूमि पर अतिक्रमण से जुड़ी विवादास्पद मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा आज बुधवार को सुनाए जाने वाले फैसले के मद्देनजर प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। पूरे बनभूलपुरा क्षेत्र को जीरो जोन घोषित कर दिया गया है, और इस दिन क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बेहद कड़ी होगी। पुलिस ने बनभूलपुरा की सभी गलियों, नुक्कड़ों, चौकों और चौराहों पर पहले से ही भारी संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती कर दी है। इन सभी रास्तों पर न केवल पुलिस का कड़ा पहरा रहेगा, बल्कि यहां से गुजरने वालों की सघन चेकिंग भी की जा रही है। साथ ही, आसमान में पुलिस ड्रोन के जरिए लगातार निगरानी की जाएगी। एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने साफ चेतावनी दी है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले का सम्मान किया जाए और जो भी कानून का उल्लंघन करेगा, उसे सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। उन्होंने बताया हल्द्वानी शहर को पूरी तरह से हाई अलर्ट पर रखा गया है। बता दें कि इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने 2 दिसंबर को फैसला सुनाने की तारीख तय की थी, लेकिन एसआईआर की वजह से तारीख आगे बढ़ गई। अब 10 दिसंबर से पुलिस के आला. धिकारियों ने सैकड़ों पुलिस कर्मियों के साथ मंगलवार को एक बड़ी मीटिंग की। मीटिंग में मौजूद पुलिस कर्मियों को बताया गया कि उनका पूरा फोकस सिर्फ अपनी ड्यूटी पर होना चाहिए। वह किसी से प्रभावित होकर या दबाव में आकर काम नहीं करेंगे। हल्द्वानी रेलवे स्टेशन में पुलिस फोर्स को भली-भांति ब्रीफ



करने के बाद यहीं से फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च सबसे पहले ढोलक बस्ती की उस विवादित गली में दाखिल हुआ, जहां से अतिक्रमण का विवाद शुरू हुआ था। ढोलक बस्ती के बाद पुलिस और प्रशासन के आलाधिक. ारी व पुलिस बल गफूर बस्ती, लाइन नंबर 17, इन्द्रानगर बड़ी रोड, मुजाहिद चौक, गोपाल मंदिर, ठोकर, शनि बाजार रोड, छोटी रोड इन्द्रानगर, ठोकर, ताज मस्जिद, 16 नंबर तिराहा, गांधी नगर, बिलाली मस्जिद, लाइन नंबर 8, चोरगलिया रोड, ताज चौराहा, भारद्वाज चौराहा, रेलवे स्टेशन गेट, फर्नीचर लाइन से चोरगलिया रोड आदि क्षेत्रों से फ्लैग मार्च करता थाना बनभूलपुरा पहुंचा। फ्लैग मार्च के दौरान एसपी क्राइम डा. जगदीश चन्द्रा, अपर जिला. धिकारी विवेक राय, अपर क्षेत्राधिकारी लालकुआं दीपशिखा अग्रवाल, सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान, एसडीएम हल्द्वानी राहुल शाह, हल्द्वानी सीओ अमित कुमार सैनी, सीओ रामनगर सुमित कुमार, सीएफओ गौरव किरार, प्रभारी निरीक्षक बनभूलपुरा दिनेश सिंह फर्त्याल सहित रेलवे पुलिस बल के इंस्पेक्टर सुखवंत सिंह, इंस्पेक्टर अब्दुल सलाम खान, इंस्पेक्टर तरुण वर्मा सहित अन्य



अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### पत्थरबाजी पर रहेगा विशेष ध्यान

बनभूलपुरा में पिछले कुछ समय से पत्थरबाजी की घटनाएं सामने आई हैं। पुलिस का कहना है कि छतों से पत्थरों को हटा दिया गया है, लेकिन रेलवे लाइन किनारे बसे इस इलाके में पत्थरों की कोई कमी नहीं है। पिछले साल भी यहां पथराव की घटनाएं हुई थीं, जिसमें पुलिस और प्रशासन को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा था। इस बार पुलिस ने पत्थरों के संभावित इस्तेमाल को लेकर अतिरिक्त सतर्कता बरतने का निर्णय लिया है।

### सुरक्षा के मद्देनजर बनभूलपुरा न जाने की अपील

पुलिस ने 10 दिसंबर को बनभूलपुरा को जीरो जोन घोषित करने का निर्णय लिया है, जिसका मतलब है कि इस दिन क्षेत्र में किसी भी प्रकार के परिवहन की अनुमति नहीं होगी, साथ ही पैदल चलने वालों को भी प्रवेश नहीं दिया जाएगा। सिर्फ वे लोग जिन्हें बनभूलपुरा की लोकल आईडी होगी, उन्हें क्षेत्र में जाने की अनुमति मिलेगी। इस दौरान लोगों से अपील की गई है कि वे बुधवार को बनभूलपुरा की ओर न जाएं, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो।

### बनभूलपुरा तीन एएसपी, चार सीओ की निगरानी में

सुरक्षा और शांति के मद्देनजर बनभूलपुरा क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। सुरक्षा की जिम्मेदारी तीन एएसपी और चार सीओ के कंधों पर होगी। इनके अलावा बनभूलपुरा क्षेत्र में 12 इंस्पेक्टर और थानाध्यक्ष, 45 एसआई और एएसआई, 40 हेड कांस्टेबल और कांस्टेबल, 4 यूनिट फायर, 4 यूनिट टियर गैस और 3 कंपनी पीएसी हर मोर्चे पर मुस्तैद रहेगा। इसके अलावा चार ड्रोन आसमान से लगातार बनभूलपुरा की निगरानी करेंगे।

### एसएसपी की अपील, सोशल मीडिया नज़र

एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे सुप्रीम कोर्ट के फैसले का सम्मान करें और शासन-प्रशासन के साथ सहयोग करें। उन्होंने शांति व्यवस्था बनाए रखने, अफवाहों से बचने और सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की गलत हरकत से दूर रहने की अपील की है। पुलिस सोशल मीडिया पर भी लगातार निगरानी रखे हुए है। गलत बयानबाजी या कानून व्यवस्था में व्यवधान डालने की कोशिश करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

### दुआ करें और फैसला खामोशी से स्वीकार करें: मतीन

**हल्द्वानी।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकी ने सुप्रीम कोर्ट में हल्द्वानी रेलवे और बस्ती मामले की फाइनल सुनवाई को लेकर लोगों से अपील की है। सिद्दीकी ने कहा कि इस सुनवाई में हजारों मकानों और 40-50 हजार लोगों की छतों का भविष्य दांव पर है, इसलिए सभी से विनम्र निवेदन है कि वे बस्ती के लोगों के लिए प्रार्थना करें। उन्होंने कहा आप सभी अपने-अपने धर्म के जिस भी भगवान, अल्लाह, ईश्वर या वाहेगुरु को मानते हैं, उनसे दुआ करें कि किसी की छत न छिनें। आप जानते हैं कि आज के समय में घर बनाना कितना कठिन है, और यह निर्णय किसी की जिंदगी पर भारी असर डाल सकता है। सिद्दीकी ने यह भी अपील की कि यदि कोर्ट से किसी कारणवश कुछ लोगों को हटाने के आदेश आते हैं, तो साथ ही उन लोगों के पुनर्वास के आदेश भी दिए जाएं ताकि उनका जीवन किसी तरह से प्रभावित न हो। इसके अलावा उन्होंने बस्ती में रहने वाले लोगों से यह भी अपील की कि वे कोर्ट के आदेश का सम्मान करें।

## 13 घंटे ज़ीरो ज़ोन रहेगा पूरा क्षेत्र, वाहनों की नो इंट्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा क्षेत्र में रेलवे भूमि पर अतिक्रमण से जुड़े मामले में कल यानि आज बुधवार को सुप्रीम कोर्ट के फैसले के मद्देनजर प्रशासन ने जिले भर में कड़े सुरक्षा और यातायात नियंत्रण के निर्देश जारी किए हैं। इस दिन को लेकर प्रशासन ने बनभूलपुरा क्षेत्र को पूरी तरह से जीरो जोन घोषित किया है। कल यानी आज बुधवार को बनभूलपुरा क्षेत्र में किसी भी प्रकार की आवाजाही नहीं होगी। बुधवार की सुबह 8 बजे से लेकर रात 9 बजे तक बनभूलपुरा क्षेत्र पूरी तरह से सील रहेगा। इसके अतिरिक्त सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक जिले में सभी प्रकार के भारी मालवाहक वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। सिर्फ अति आवश्यक सेवाओं से जुड़ी गाड़ियों को इस प्रतिबंध से छूट दी जाएगी, जबकि अन्य सभी वाहनों को जिले की सीमाओं पर रोक दिया जाएगा। इसके साथ ही जिले में प्रवेश करने वाले वाहनों के लिए विशेष डायवर्जन योजना लागू की गई है। रामपुर और रुद्रपुर की ओर से आने वाले वाहन पंतनगर तिराहा दिनेश. पुर मोड़ से एनएच-109 नया बाईपास होते हुए पंतनगर, नगला तिराहा, किच्छा, सितारगंज, खटीमा होते हुए अपने गंतव्य की ओर जाएंगे। वहीं, बरेली और किच्छा रोड से आने वाले वाहन किच्छा से सितारगंज और खटीमा होकर आगे बढ़ेंगे, जबकि नगला तिराहा से नैनीताल जिले में प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। सितारगंज और चोरगलिया रोड से आने वाले वाहनों को खटीमा की ओर डायवर्ट किया जाएगा और चोरगलिया से जिले में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। काशीपुर और बाजपुर से आने वाले वाहन रुद्रपुर, किच्छा, सितारगंज, खटीमा होते हुए अपने गंतव्य तक पहुंचेंगे। पर्वतीय जिलों से मैदानी क्षेत्र की ओर आने वाले सभी वाहनों को चंपावत मार्ग से टनकपुर रोड का उपयोग करने की सलाह दी जाएगी। पुलिस के अनुसार हल्द्वानी शहर के भीतर भी व्यापक यातायात डायवर्जन लागू किया गया है। रामपुर रोड से नैनीताल, भीमताल, भवाली और कैंचीधाम जाने वाले वाहन गन्ना सेंटर, शीतल होटल तिराहा से तीनपानी फ्लाईओवर होते हुए गौलापार रोड और नारीमन तिराहा तक भेजे जाएंगे। अन्य वाहनों को देवलचौड़, छड़ायल चौक, सेंट्रल हॉस्पिटल, लालडांठ और पंचक्की रोड से डायवर्ट किया जाएगा। बरेली रोड से आने वाले वाहन तीनपानी फ्लाईओवर, गौलापार रोड से नारीमन तिराहा तक जाएंगे, जबकि अन्य वाहन गांधी इंटर कॉलेज, एफटीआई, आईटीआई और मुखानी होते हुए पंचक्की रोड से आगे बढ़ेंगे। रामनगर और बाजपुर की ओर से आने वाले वाहन कालाढूंगी तिराहा से मंगोली की ओर भेजे जाएंगे। नैनीताल, भवाली, भीमताल, मुक्तेश्वर और कैंचीधाम से हल्द्वानी की ओर आने वाले वाहनों को रूसी बाईपास, ज्योलिकोट और कालाढूंगी मार्ग से डायवर्ट किया जाएगा।

## 15 गिरफ्तारियां, 15 लोग मुचलके पर पाबंद

**हल्द्वानी।** स्थिति को शांतिपूर्ण बनाए रखने के लिए एक बार फिर गिरफ्तारियों का सिलसिला शुरू कर दिया गया है। मंगलवार शाम तक पुलिस ने शंका के आधार पर 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान सबसे अहम कार्रवाई मौलाना मोहम्मद आसिम कासमी पर की गई। कासमी को 50 हजार रुपए के निजी मुचलके पर पाबंद किया गया है। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से पिछले कुछ दिनों से उन लोगों की पहचान की जा रही थी, जो सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद किसी भी प्रकार की हिंसा फैला सकते हैं या लोगों को भड़का सकते हैं। इसी क्रम में 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया और 15 अन्य को नोटिस भेजे गए। नोटिस प्राप्त करने वालों में दो मौलाना भी शामिल हैं, जिनमें से मौलाना असीम कासमी सबसे ज्यादा चर्चा में हैं। पुलिस का मानना है कि मौलाना कासमी की व्यापक पहचान है और उनकी मौजूदगी में बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो सकते हैं, जो कानून-व्यवस्था के लिए खतरे की वजह बन सकता है। इसीलिए इसी प्रकार की कार्रवाई 2 दिसंबर से पहले भी की गई थी, जब पुलिस ने 21 लोगों को गिरफ्तार किया था और 121 लोगों को नोटिस भेजे थे। एसपी सिटी ने बताया कि गिरफ्तारियों की संख्या में और वृद्धि हो सकती है, क्योंकि सुरक्षा स्थिति की लगातार निगरानी की जा रही है।

## अज्ञात वाहन ने पैदल चल रहे ड्राइवर को मारी टक्कर, मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मंगलवार की सुबह टीपीनगर चौकी क्षेत्र में एक बार फिर तेज रफ्तार वाहन का कहर देखने को मिला। इस बार एक तेज रफ्तार वाहन ने सड़क पर पैदल जा रहे ट्रक चालक को अपनी चपेट में ले लिया। सड़क हादसे में ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार मूलरूप से कपकोट बागेश्वर निवासी 43 वर्षीय राजेन्द्र सिंह पेशे से ट्रक ड्राइवर है, और वह अपनी पत्नी व दो बच्चों के साथ बागेश्वर में रहते थे। बताया जा रहा कि मंगलवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे, राजेंद्र ट्रांसपोर्ट नगर के बाहर पुलिस चौकी के पास बने धर्मकांटे के पास पैदल चल रहे थे, तभी तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक फरार हो गया। घायल राजेन्द्र को तत्काल सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि घटना के बाद आसपास के सीसीटीवी फुटेज की मदद से वाहन और उसके चालक की पहचान की जा रही है। कोतवाल विजय मेहता ने कहा कि वाहन चालक को शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा। फिलहाल पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

## सिंथिया स्कूल ने किया शैक्षिक भ्रमण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सिंथिया स्कूल में कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों के लिए



पिछले सप्ताह अलग-अलग दिनों में शैक्षिक भ्रमण आयोजित किया गया। प्रत्येक कक्षा को अपने निर्धारित दिन पर एफटीआई परिसर एवं बटरफ्लाई पार्क का भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रजातियों की तितलियों, पशु-पक्षियों और वनस्पतियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। उन्होंने तितलियों के जीवन चक्र, रूपांतरण प्रक्रिया, जैव विविधता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझा। इस शैक्षिक यात्रा का सबसे ज्ञानवर्धक क्षण रहा जब वन रक्षक कृष्णा पांडेय ने बच्चों को जंगलों की विविधता, पशु-पक्षियों की विभिन्न प्रजातियों, वनस्पतियों, पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन तथा प्रकृति संरक्षण के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उनकी रोचक व्याख्या से बच्चों की जिज्ञासा और भी बढ़ी। बटरफ्लाई पार्क में रंग-बिरंगी तितलियों को देखकर विद्यार्थी उत्साहित हुए, जबकि एफटीआई परिसर में उन्होंने अनेक प्रकार के पौधों और प्राकृतिक संसाधनों को नजदीक से समझा। इस मौके पर सुरेश चंद्र मिश्रा, मोहन चंद्र जोशी, अनुराधा साह, जगत सिंह नेगी, राम सिंह जीना, पुष्कर सिंह राजपूत, सुनीता तिवारी सहित कई शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे।

### राजा बहुगुणा की याद में स्मृति सभा 14 को

**हल्द्वानी।** भाकपा माले के केंद्रीय कंट्रोल कमीशन के चेयरमैन और उत्तराखण्ड के राज्य सचिव रहे कामरेड राजा बहुगुणा की याद में 14 दिसंबर को हल्द्वानी के नगर निगम सभागार में स्मृति सभा का आयोजन किया जायेगा। प्रेस को जारी बयान में भाकपा माले के जिला महासचिव कैलाश पांडे ने बताया कि राजा बहुगुणा की याद में स्मृति में भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव कामरेड दीपंकर भट्टाचार्य के साथ भाकपा भाकपा माले पोलित ब्यूरो सदस्य संजय शर्मा, राज्य सचिव इंद्रेश मैखुरी, पूर्व राज्य सचिव राजेन्द्र प्रथोली, अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय सचिव पुरूषोत्तम शर्मा, राज्य कमेटी के सभी सदस्य व जन संगठनों के नेता और तमाम बुद्धिजीवी मौजूद रहेंगे।

## लाल कपड़े में लिपटा मिला नवजात का शव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रोडवेज स्टेशन में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक लड़की कूड़ा बीनने के लिए पास ही बने खंडहर में पहुंची और अचानक चीखते हुए बाहर आई। आस-पास के लोगों ने जब खंडहर में जाकर देखा तो वहां पर एक लाल कपड़े में निपटा हुआ नवजात का शव था। आनन फानन में लोगों ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। नवजात की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे अपने कब्जे में लिया और फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। जानकारी के अनुसार रोडवेज स्टेशन हल्द्वानी के पास एक खंडहर में शाम सात बजे के आस-पास नवजात के लाल कपड़े में लिपटकर मिलने की सूचना पुलिस को मिली। बताया कि रोडवेज स्टेशन के आस-पास कूड़ा बीनने वाली एक लड़की को कपड़े से लिपटा नवजात दिखा। लड़की की चीख सुनकर आसपास के लोग खंडहर की तरफ भागे तो वहां एक नवजात का शव पड़ा हुआ था। सूचना के बाद पुलिस मौके और फॉरेसिंक टीम पहुंची। नवजात को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि पैदा होने के बाद लोकलाज की डर से किसी ने नवजात को फेंक दिया होगा। बड़ी आशंका यह है कि लड़की पैदा होने के बाद किसी अभिभावक ने इस तरह का कृत्य किया है। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। घटना स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुंटेजों को खंगाला जा रहा है।

### आरोपी महिला को जमानत

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने अनैतिक देह व्यापार निवारण अधि. नियम के एक मामले में आरोपी एक महिला को जमानत दे दी है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ में हुई। मामले के अनुसार 20 फरवरी 2024 को पुलिस स्टेशन हल्द्वानी में भारतीय दंड संहिता की धारा 370 और अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम 1956 के तहत एक महिला एस बेगम सहित दो पुरुषों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। आरोपी महिला की ओर से उनके अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि यह महिला 20 फरवरी 2024 से जेल में हैं और मामले का ट्रायल शुरू हो चुका है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि एफआईआर में नामित दो अन्य सह आरोपी फैजल खान और सकलैन शेख को ट्रायल कोर्ट से पहले ही जमानत मिल चुकी है।

## युवती का पीछा करने के दोषी को चार साल का कारावास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** अपर जिला सत्र न्यायाधीश द्वितीय नैनीताल कुलद. ीप शर्मा की अदालत ने फेसबुक के जरिये एक युवती के साथ नजदीकी बनाकर उसके साथ दुराचार करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोपी को दुराचार के आरोपों से मुक्त कर दिया है लेकिन युवती का लगातार पीछा करने व जान से मारने का प्रयास करने का दोषी ठहराते हुए उसे 4 साल के कारावास की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) राम सिंह रौतेला ने कोर्ट को बताया कि भवाली थाने में 22 अक्टूबर 2022 को विवेक पांडे निवासी लामाचौड़ गुजरौरा के खिलाफ भवाली के निकटवर्ती क्षेत्र निवासी एक युवती ने रिपोर्ट लिखाई कि उक्त युवक ने फेसबुक के जरिये उससे नजदीकी बनाई और फिर जनवरी 2022 हल्द्वानी बुलाकर एक होटल में दुष्कर्म किया। इसके बाद उसने डरा धमकाकर व बलैकमेल कर दुराचार किया। आरोपी से जब उसने दूरी बनाई तो उसने उसे व उसके पिता व परिजनों के साथ अभद्रता की और जान माल की धमकी दी। इस मामले में दोनों पक्षों में 15 सितंबर 2022 को समझौता हुआ लेकिन उसके बाद भी आरोपी ने पीछा करना व धमकाना जारी रखा। इस मामले में गवाहों के बयान तथा पुलिस चार्जशीट के आधार पर कोर्ट ने आरोपी विवेक पांडे को दुराचार के आरोप से बरी कर दिया, लेकिन आईपीसी की धारा 323 के तहत 1 साल की सजा व 1 हजार रुपया जुर्माना तथा 354 के तहत 2 साल की सजा व 5 हजार रुपये जुर्माना और 506 के तहत 4 साल की सजा व 5 हजार रुपये का अर्थदण्ड लगाया है ।

### अध्यक्ष 4, महासचिव पद के लिए 3 ने किए पर्चे दाखिल

**नैनीताल।** हाईकोर्ट बार एसोसियशन के विभिन्न पदों के लिये मंगलवार को नामांकन पत्र जमा हुए। बता दें अध्यक्ष पद के लिये 4 व महासचिव पद के लिये 3 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कुर्बान अली व मुख्य सलाहकार रविन्द्र बिष्ट की मौजूदगी में नामांकन प्रक्रिया हुई। जिसमें अध्यक्ष पद के लिये मनीषा भण्डारी, डीसीएस रावत तथा अंजली भार्गव व डीके जोशी ने नामांकन किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद हेतु सुशील वशिष्ठ व प्रेम कौशल तथा कनिष्ठ उपाध्यक्ष के एक पद हेतु गौरव काण्डपाल जबकि उपाध्यक्ष (महिला) के एक पद हेतु मीना बिष्ट व चेतना लटवाल जबकि महासचिव पद हेतु अक्षय लटवाल, भूपेन्द्र सिंह कोरंगा एवं सौरव अधिकारी वहीं उपसचिव (प्रशासन) के एक पद हेतु एकमात्र प्रत्याशी विश्वस्त काण्डपाल जबकि उपसचिव (प्रेस) के एक पद हेतु एकमात्र प्रत्याशी प्रसन्ना कर्नाटक तथा पुस्तकालयाध्यक्ष पद हेतु एकमात्र प्रत्याशी अविदित नौलियाल, कोषाध्यक्ष पद हेतु शुभ्र रस्तोगी व गुरबानी सिंह द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किये गये। वरिष्ठ कार्यकारिणी के पाँच सदस्यों हेतु मनोज कुमार शर्मा, भुवनेश जोशी, शिवांगी गंगवार, सौरभ कुमार पाण्डे, किशन सिंह, निरंजन कुमार भट्ट, विश्व प्रकाश बहुगुणा कुल सात प्रत्याशियों व वरिष्ठ कार्यकारिणी (महिला) के एक पद हेतु एक मात्र प्रत्याशी श्रुति जोशी ने नामांकन किया। कनिष्ठ कार्यकारिणी के चार सामान्य सदस्य हेतु विक्रम सिंह धपोला, गौरव पवांर, पंकज सेमवाल, रूचित तिवारी, स्वलेहा हुसैन (सना), देवेन्द्र सिंह व नीलम गोदियाल एंव सिद्धार्थ सिंह नेगी कुल आठ प्रत्याशियों द्वारा तथा कनिष्ठ कार्यकारिणी (महिला) के एक सदस्य हेतु उन्नति पंत द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किये।

## मारपीट कर हड्डी तोड़ी, 25 हज़ार रुपये लूटने का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बीते सोमवार की ट्रांसपोर्ट नगर में एक गुटखा कारोबारी ने अपने कुछ साथियों के साथ एक युवक को लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से इतनी बेरहमी से पीटा दिया। जिससे युवक की तीन जगह से हड्डी टूट गई।

पीड़ित ने आरोपियों पर मारपीट के साथ 25 हजार रूपये लूटने का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार शिवाजी कालोनी हिमालय फार्म निवासी हरेंद्र सिंह बिष्ट ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि वह नैनीताल ट्रांसपोर्ट में कलेक्शन एजेंट के तौर पर काम करता है। उसने बताया कि बीते सोमवार की रात वह अपना काम खत्म कर घर को जा रहा था तभी एक गुटखा कारोबारी ने फोन कर उसे अपने ट्रांसपोर्ट बुलाया। पीड़ित ने बताया ट्रांसपोर्ट में पहले से चार लोग मौजूद थे। हरेंद्र कुछ समझ पाता, इससे पहले ही उक्त लोग हरेंद्र को ट्रांसपोर्ट के गोदाम के अंदर खींच कर ले गए और एक टायर के बीच डाला और लाठी-डंडों व लोहे की रॉड से बेरहमी से मारा। जिससे वह लहूलुहान हो गया। बताया जा रहा तीन जगह से उसकी हड्डी टूट गई। जिसको गंभीर अवस्था में उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इधर टीपीनगर चौकी प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।

## आठ गांव गोद लेगा यूओयू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्व. विद्यालय सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत राज्य के दूरदराज और पिछड़े गांवों के समग्र विकास के लिए एक नया कदम बढ़ाते हुए अब 8 गांवों को गोद लेगा। यह निर्णय विश्वविद्यालय की निदेशक मंडल की बैठक में लिया गया, जो मंगलवार को कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इससे पहले वर्ष 2013-14 में उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय ने देहरादून और हल्द्वानी क्षेत्र 5 गांव गोद लिए थे जो वर्तमान में नगर क्षेत्र का हिस्सा बन चुके है। सामाजिक उत्तरदायित्व की इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए विश्वविद्यालय ने अब नई पहल की घोषणा की है। मंगलवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी की



अध्यक्षता में निदेशक मंडल की बैठक आयोजित हुई, जिसमें यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि राज्य के विभिन्न हिस्सों में स्थित विश्वविद्यालय के 8 क्षेत्रीय कार्यालय अब 8 गांव गोद लेंगे। कुलपति प्रो. लोहनी ने कहा कि उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय न केवल गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि राज्य के दूरस्थ और पिछड़े गांवों के समग्र विकास को भी अपनी जिम्मेदारी मानता है। गांव गोद लेने की यह पहल शिक्षा, जागरूकता, कौशल-विकास और सामाजिक उत्थान में निर्णायक भूमिका निभाएगी। हमारा लक्ष्य है कि हर चयनित गांव में शिक्षा के माध्यम से नए अवसर और नई ऊर्जा का संचार हो। विश्वविद्यालय अपने संसाधनों और कर्मचारियों के माध्यम से इन गांवों को आत्मनिर्भर और शिक्षित बनाने की दिशा में निरंतर कार्य करेगा। बैठक में कुलसचिव डा. खेमराज भट्ट, प्रो. गिरिजा पाण्डेय, प्रो. पीडी पंत, प्रो. रेनू प्रकाश, प्रो. डिगर सिंह, प्रो. कमल देवलाल, प्रो. एमएम जोशी, प्रो. जितेंद्र पाण्डेय, प्रो. गगन सिंह, प्रो. कमल देवलाल, प्रो. आशुतोष भट्ट, प्रो. अरविन्द भट्ट आदि मौजूद रहे।

### सांसद अजय भट्ट ने जताया पीएम व सीएम का आभार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री एवं सांसद अजय भट्ट ने ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा उत्तराखंड राज्य की 184 ग्रामीण सड़कों के निर्माण हेतु 1700 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का हृदय से आभार व्यक्त किया है। श्री भट्ट ने कहा कि ग्रामीण विकास को नई गति देने के लिए भारत सरकार द्वारा यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। स्वीकृत की गई यह राशि 184 ग्रामीण सड़कों के निर्माण पर खर्च की जाएगी, जिनकी कुल लंबाई 1228 किलोमीटर है। उन्होंने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन, आर्थिक गति. विधियों और मूलभूत सुविधाओं तक पहुंच को और सुदृढ़ता मिलेगी।

## स्काउट्स और गाइड्स का जागरूकता रैली और प्रशिक्षण शिविर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संस्था नैनीताल के तत्वावधान में लक्ष्मी शिशु मंदिर हल्द्वानी में चल रहे चार दिवसीय तृतीय सोपान प्रशिक्षण एवं जांच शिविर के अंतर्गत मंगलवार को जागरूकता रैली निकाली गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने दीप प्रत्तवलित कर किया। मुख्य शिक्षा अधिकारी एवं जिला मुख्यायुक्त स्काउट गाइड ने मुख्य अतिथि सहित अन्य आगंतुकों का स्वागत किया और संस्था के इतिहास एवं जिला संस्था नैनीताल द्वारा संचा. लित गतिविधियों की जानकारी दी। एसएसपी ने स्काउट गाइड के कार्यकलापों की सराहना करते हुए कहा कि यह बच्चों और युवाओं में




अनुशासन, सेवा भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। संस्था के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र शाह ने भी अपने विचार रखे।

शिविर में जिले के सभी विकासखंडों से लगभग 400 स्काउट गाइड, स्काउट मास्टर, गाइड कैप्टन, रोवर रेंजर ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर संस्था के उपसंरक्षक बिन्देश गुप्ता, लक्ष्मी शिशु मंदिर के प्रबंधक पीयूष गुप्ता, एमबी ट्रस्ट के सचिव सुशील अग्रवाल, राम सिंह जीना, महेन्द्र सैनी, चंद्र लाल, विजय बहादुर, जीतपाल सिंह कठैत, संतोष जोशी, उमेश तिवारी, सीमा सेन, अनुराधा, पुष्पा दरम्वाल आदि मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** ग्राम हल्दी खटीमा निवासी कमलेश पुत्र राज नारायण ने सोहन कुमार पुत्र जवाहरलाल, अजय कुमार पुत्र जवाहरलाल, राम बहादुर पुत्र जवाहरलाल, यशपाल पुत्र राम बहादुर, स्वामीनाथ पुत्र राम बहादुर, संदीप कुमार पुत्र सुरेश, जोगेंद्र पुत्र मंगरू तथा सुरेश पुत्र मंगरु के खिलाफ संगठित होकर व लाठी डंडों से लैस होकर, गाली गलौज करने व पीड़ित के भाई, पिता, पत्नी तथा बच्चों के साथ मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए खटीमा कोतवाली में एक लिखित तहरीर दिया। जिस संबंध में तहरीर के आधार कोतवाली खटीमा में उक्त लोगों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में नवविवाहिता की मौत



- दस दिन पूर्व ही मुरादाबाद निवासी महेश उर्फ गौतम से हुई थी शादी
- पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** महानगर के रम्पुरा निवासी एक नवविवाहिता की शादी के लगभग दस दिन बाद ही मुरादाबाद में संदिग्ध परिस्थितियों में उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजन उसे यहां जिला चिकित्सालय लेकर आये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने चिकित्सालय पहुंचकर मृतका के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार रम्पुरा वार्ड 24 निवासी 26 वर्षीय सोनी पुत्री मंगलसेन का विवाह 26 नवम्बर 25 को शिव बिहार काला.ेनी, लाइन पार, मुरादाबाद यूपी निवासी महेश उर्फ गौतम पुत्र विजय कुमार के साथ हुआ था।

सोनी की छोटी बहन भावना ने बताया कि सोमवार को सुबह 6 बजे सोनी की ससुराल से फोन आया कि सोनी की तबीयत खराब है उसे देखने के लिए आ जाओ। उसने बताया कि सूचना मिलते ही परिजन मुरादाबाद के लिए रवाना हो गए। दोपहर करीब 12 बजे मुरादाबाद सोनी की ससुराल पहुं.चने पर देखा कि सोनी घर में बेसुध पड़ी हुई है। परिजनों ने उसे गोद में लेकर हाल जानने की को.शिश की। उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे स्वयं के खर्चे पर तत्काल निजी चिकित्सालय भर्ती कराया। जहां सायंकाल तक उसकी हालत में कोई सुधार होने पर चिकित्सकों ने सोनी को वेंटीलेटर पर रखने की सलाह दी।

परिजनों ने बताया कि सोनी को बेसुध हालत में मुरादाबाद से रुद्रपुर लेकर आए और यहां निजी चिकित्सालय में दिखाने को लेकर गए, लेकिन जहां उन्होंने उसे जिला चिकित्सालय ले जाने को कहा। जिला चिकित्सालय पहुंचने पर चिकित्सकों ने सोनी को मृत घोषित कर दिया। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

पुलिस का कहना है कि शादी के चंद दिनों बाद ही नवविवाहिता की मौत हुई है। इसलिए पैनल के माध्यम से मृतका का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

## एक नजर

### गोशाला निर्माण के दूसरे चरण में 3.22 करोड़ की धनराशि स्वीकृत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** खटीमा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के ड्रीम प्रोजेक्ट गोशाला निर्माण के लिए दूसरे चरण की धनराशि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जारी कर दी है। नोडल अधिकारी दिनेश यादव ने बताया कि 3 करोड़ 22 लाख 76 हजार की धनराशि स्वीकृत हो गई है। खटीमा के हल्दी फार्म में सात एकड़ भूखंड में गोशाला का निर्माण चल रहा है। गोशाल में एक शेड, चहारदीवारी, खुर्लियां बन गई हैं। इस गोशाला में दो हजार मवेशियों को रखने की व्यवस्था करने का इंतजाम किया जा रहा है। वर्तमान में बिरिया मझोला गांव में एक किराए के भवन में गोशाला चल रही है। जिसमें बमुश्किल ढाई सौ मवेशियों की क्षमता है। हल्दी में निर्माण इकाई जिला पंचायत द्वारा गोशाला निर्माण किया जा रहा है।

**दो गोशाला शेड, केयरटेकर आवास व भूसा घर का होगा निर्माण**

### समस्त बैंक शाखाओं में खुले जाए आधार कार्ड अपडेट काउंटर: गित्ते

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बाजपुर।** नगर पालिका परिषद बाजपुर के नगर पालि.का अध्यक्ष गुरजीत सिंह 'गित्ते' ने एसडीएम डॉक्टर अमृता शर्मा को पत्र लिखकर आधार कार्ड अपडेट कराने में हो रही भारी असुविधाओं को दूर किए जाने व समस्त बैंक शाखाओं को आधार कार्ड अपडेट वास्ते काउंटर खोलने हेतु निर्देशित किए जाने की मांग की है।

चेयरमैन गित्ते ने कहा कि राशन कार्ड व रसोई गैस कनैक्शन में ईकेवाईसी की अनिवार्यता के चलते आधार कार्ड अपडेट कराना जरूरी है। डाकखाने के समक्ष तड़के से ही लंबी-लंबी लाईन लग जा रही है और एक दिन में मात्र 30-35 टोकन ही डाक खाने द्वारा दिए जा रहे है। सीएससी सेन्टर के संचालकों द्वारा आम आदमी से आधार अपडेट के नाम पर मनमानी शुल्क वसूलकर आर्थिक शोषण किया जा रहा है। आधार कार्ड अपडेट कराने में हो रही भारी असुविधाओं के चलते आम जन अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहा है। आम जन की कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। चेयरमैन गित्ते ने जनहितार्थ आधार कार्ड अपडेट कराने में हो रही भारी असुविधाओं को दूर किये जाने व समस्त बैंक शाखाओं को आधार कार्ड अपडेट वास्ते काउंटर खोलने हेतु निर्देशित करने की मांग की है।

## विधायक ने किया अटरिया मन्दिर के होते हुए सिडकुल ढाल को जाने वाले मार्ग का लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रुद्रपुर।** विधायक शिव अरोरा ने 16 वर्षों से जर्जर हाल में एनएच 87 से अटरिया मंदिर मोड़ होते हुए परशुराम चौक सिडकुल ढाल तक जाने वाली 4 किलोमीटर लम्बी 1.94 करोड़ लागत से बनी हॉटमिक्स मार्ग का फीता काटकर लोकार्पण जनता को समर्पित किया।

इस आवास पर सिडकुल ढाल के पास कार्यक्रम आयोजित हुआ जहां पहुंचे विधायक शिव अरोरा का स्थानीय नेताओं, पार्षदों ने गर्मजोशी से साथ फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया। विधायक ने कहा निश्चित रूप से 16 वर्षों के संघर्ष मे यह मार्ग काफी आंदोलन का साक्षी बना, यहां पर बरसात के कारण गड्ढों का आलम ऐसा था की आए दिन टुक टुक पलटने और लोगों के चोटिल होने की घटना प्रकाश में आती थी। इस सड़क के निर्माण के लिए कई बार लोगों ने दरी बिछाकर धरने दिए। विधायक अरोरा बोले अपने 3.5 साल के कार्याकाल मे उन्होंने कई महत्वपूर्ण मार्गो का निर्माण करवाया जो दशकों से खस्ता हाल थे। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सरकार मे विकास कार्यों को नई रफ्तार मिली है, देवभूमि उत्तराखंड को एक नई पहचान मिली है विकास के पथ पर भी उत्तराखंड तेज गति से आगे बढ़ा है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, तरुण दत्ता, राजकुमार साह, पार्षद निमित्त शर्मा, राधेश शर्मा, अनुभव चौधरी, डा. अशोक निराला, सुन्दर लाल, पंकज, दिनेश राणा, नवीन साह, एमपी मौर्य, राजेंद्र राठौर, शंकर विश्वास, पवन राणा, प्रभु यादव, आदेश भरद्वाज, अलोक, गिरीश राठौर, शैलेश गुप्ता, मुरली यादव, बलवीर सिंह, गीता शर्मा, आशा मुंजाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## मदरसा गौसिया में शिविर लगाकर आंखों का किया गया निःशुल्क इलाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** निरंजना हेल्थकेयर द्वारा तथा तंजीम उलेमा-ए-अहले सुन्नत के सौजन्य से मदरसा गौसिया में आंखों के इलाज के लिए दसवां फ्री मेडिकल कैंप लगाया गया। जिसमें आंखों से जुड़ी बिमा.रियों जैसे मोतियाबिंद, काला मोतियाबिंद, आंखों से पानी आना, धुंधला दिखना, आंखों में खुजली, आंखों में कीचड़, आंखों का लाल होना, पलकें झड़ना, आंखों में सूखापन, आंखों में टेढ़ापन आदि का मशीनों से नि:शुल्क टेस्ट किया गया।



खलीफा-ए-हुजूर तहसीने मिल्लत, मुजाहिद उत्तराखंड हजरत अल्लामा मौलाना इरफान- उल-हक कादरी ( मदरसा गौसिया के फाउंडर ) ने रिबन काटकर कैंप का उद्घाटन किया। जिसके बाद बड़ी संख्या में मरीजों ने अपनी आंखों का इलाज करवाया।

इस मौके पर हाफिज इरशाद हुसैन तहसीनी, मोहाफिज रजा मिस्बाही, मुफ्ती सईद अनवर इरशाद, हाफिज जफरुद्दीन अजहरी, हाफिज इरशाद हुसैन मुशाहिदी, मास्टर खालिद हुसैन, कारी इसरार अहमद, चमन साहिब और शमसुल हसन आदि के साथ-साथ मदरसा गौसिया का पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

### फड़ ठेले स्वामियों ने भाजपा नेता गौरव शर्मा को सुनाई अपनी पीड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बाजपुर।** शहर में जाममुक्त अभियान के दौरान फुटपाथ से हटाए गए फड़ ठेले वाले काफी संख्या में एकत्र होकर मंगलवार को अपनी समस्याएं लेकर संजय कालोनी में स्थित भाजपा नगर पालिका प्रत्याशी रहे भाजपा नेता गौरव शर्मा के आवास कैंप कार्यालय पर पहुंचे जहां उन्होंने अपनी पीड़ा को बताया। उन्होंने कहा कि नगर पालिका का ठेकेदार इन लोगों से शुल्क भी लेकर जाता है, लेकिन आज जब जरूरत है तो कोई सामने नहीं आ रहा। इन लोगों ने स्थाई जगह दिलाकर समाधान की मांग की। वहीं भाजपा नेता गौरव शर्मा ने उनकी पीड़ा को समझते हुए स्वयं सीएम से बात कर लोगों की समस्या उन तक रखकर निदान दिलाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका के ठेकेदार द्वारा लगातार दैनिक उगाई की जाती है, लेकिन परेशानी में साथ छोड़ दिया और खुद चौयरमैन गायब है ! गरीब असहाय ठेले वालों की कोई बात नहीं सुन रहा। इनको इनके स्थान से हटाकर निकट सब्जी मंडी सप्ताह में 6 दिन के लिए शिफ्ट किया जा रहा है। अत: एक स्थायी स्थान दिया जाए, हर हफ्ते इधर उधर न जाना पड़े। स्थायी फल मंडी हो तभी लोग आ पाएंगे। इनके छोटे बच्चे और परिवार दु:खी है, एक फल विक्रेता बबली सागर कैंसर से पीड़ित है।

## ग्राम पंचायत झनकट में लगा निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** ग्राम पंचायत झनकट में आयोजित निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में निरंजन हेल्प केयर सेंटर द्वारा 30 नेत्र रोगियों का परीक्षण किया। जिसमें 20 रोगियों के आंखों में मोतियाबिंद की शिकायत पर ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया।

ग्राम पंचायत अध्यक्ष रीता बोरा एवं समाजसेवी ललित बोरा की देखरेख में संपन्न शिविर का क्षेत्र के नेत्र रोगियों को दवाइयां एवं आंखों के रखरखाव संबंधित सुझाव दिए गए। ऑपरेशन हेतु चयन किए गए नेत्र रोगी का ऑपरेशन कर उन्हें उनके घर छोड़ा गया। कैंप व्यवस्थापक डॉ अर्जुन टम्टा द्वारा संचालित कैंप में डॉ. निशा बाटला, टीम ऑप्टोमेट्रिस्ट डॉ. निर्मल आदि की देखरेख में नेत्र रोगियों का उपचार ऑपरेशन किया गया। इस दौरान राज कुमारी, भावना, प्रिया बिष्ट, मोनिका मनोला, सीता आदि मौजूद रहे।

## सीएचसी में हुई सर्जन समेत तीन चिकित्सकों की तैनाती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** लम्बे अन्तराल के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शासन द्वारा सर्जन समेत तीन चिकित्सकों की नवीन तैनाती की गई है। चिकित्सकों समेत स्वास्थ्य मंत्री के प्रतिनिधि ने स्वास्थ्य मंत्री तथा प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया है।

मंगलवार को सीएचसी मीटिंग हॉल में पत्रकारों से बात करते हुए चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राहुल गौर ने बताया कि लंबे समय से चिकित्सालय में सर्जन का पद रिक्त था। शासन स्तर पर आज मंगलवार को सीएचसी में सर्जन डॉक्टर तनवीर अहमद, एनेस्थीसिया डॉक्टर भव्या जायसवाल तथा इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर अर्पणा शंकर की नियुक्ति की गई है, जिन्होंने आज पदभार



ग्रहण कर लिया। चिकित्सालय में नवीन तैनाती पाने वाले तीनों चिकित्सकों का चिकित्सा अधीक्षक डा. राहुल गौर ने महिला चिकित्सक डा. कनक बनौधा, डा. शिखा भट्ट, डा. जीबी पंगरिया, डा. पलक अरोरा, भूपाल सिंह शाह, रुद्र प्रताप सिंह, धर्मेंद्र शर्मा, दीवान को.रंगा के साथ चिकित्सकों का बुकें भेंटकर स्वागत किया। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत के प्रतिनिधि अभिषेक सक्सेना ने भी बुकें भेंटकर नवीन तैनाती पाने वाले तीनों चिकित्सकों का बुकें भेंटकर स्वागत करते हुए स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत का आभार जताते हुए कहा कि उनके द्वारा सीएससी में चिकित्सकों के रिक्त पदों खासकर सर्जन की तैनाती के लिए आग्रह किया था तथा लगातार आग्रह करते रहे जिस पर स्वास्थ्य मंत्री ने संज्ञान लेते हुए सर्जन समेत तीन चिकित्सकों की तैनाती कर क्षेत्र की जनता के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

इस मौके पर चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राहुल गौर ने कहा कि अब सर्जरी के लिए मरीज को बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। सीएचसी में नवीन तैनाती पाने वाले सर्जन डॉ तनवीर अहमद समेत तीनों चिकित्सकों ने कहा कि वह अपनी सेवाएं देते हुए जनता की कसौटी पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे।

उन्होंने कहा कि मानव सेवा से बढ़कर कोई भी सेवा नहीं है वह अपनी कार्यशैली से रोगियों का मन जीत लेंगे।

### वन विभाग ने कैंटर सहित 50 कुंतल खैर की जब्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** प्रभागीय वनाधिकारी तराई केंद्रीय वन प्रभाग उमेश चंद्र तिवारी एवं उप प्रभागीय वनाधिकारी मनिंदर कौर के निर्देशों के क्रम में अवैध पातन की रोकथाम हेतु वन विभाग द्वारा सघन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान मंगलवार को वन दरोगा ठाकुर दत्त के नेतृत्व में गठित टीम ने मुखबिर खास की सूचना पर बाजपुर दोराहा क्षेत्र में बरहैनी वन क्षेत्र की टीम द्वारा चेकिंग के दौरान एक कैंटर वाहन सहित खैर का प्रकाष्ठ जब्त किया। वाहन में लदे खैर प्रकाष्ठ के स्रोत की जानकारी प्राप्त करने के लिए वन विभाग की टीम द्वारा खैर अच्छादित वन क्षेत्रों में गहन खोजबीन की जा रही है। इस दौरान टीम ने कैंटर सहित 50 कुंतल खैर जब्त की है। जिसकी कीमत लगभग दो लाख रुपये आंकी गई है। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध लकड़ी तस्करी के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। टीम में वन रक्षक विनोद चंद्र, कृष्णपाल, रोपण रक्षक जगमोहन सिंह आदि शामिल रहे।



## प्राधिकरण के खिलाफ गरजे राज्य आन्दोलनकारी

- ग्रामीण क्षेत्रों में कालोनियां कर रोक लगाने पर जताया आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जिला विकास प्राधिकरण द्वारा ग्रामीण क्षेत्रें में निवास कर रहे परिवारों को नक्शा स्वीकृति के लिए दिए जा रहे नोटिस के खिलाफ आज राज्य आन्दोलनकारी एवं पूर्व दर्जा राज्य मंत्री हरीश पनेरू के नेतृत्व में अनेक राज्य आन्दोलनकारियों व ग्रामीणों ने विकास भवन पहुंचकर जिला विकास प्राधिकरण के विरूद्ध जोरदार प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा और सात दिनों में आपनी मांगों का समाधान न होने पर आन्दोलन करने का ऐलान किया।

श्री पनेरू ने कहा कि वर्तमान में जिला विकास प्राधिकरण की प्रणाली आम जनता के लिए परेशानी का कारण बन चुकी है। उन्होंने कहा कि तराई भावर क्षेत्र में प्लॉट खरीदने वाले अधिकांश परिवार पर्वतीय जिलों से आते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में विकसित छोटी कालोनियां ही इन परिवारों के लिए घर बनाने का सबसे सस्ता एक मात्र विकल्प है। यदि ग्रामीण क्षेत्रों में कालोनियां बंद कर दी गई तो हजारों परिवारों का अपना घर बनाने का सपना टूट जाएगा। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण ने बिना मानचित्र स्वीकृति के भवन को बिजला कनेक्शन देने पर रोक लगा दी है, जबकि करीब 50 प्रतिशत परिवार बिना रजिस्ट्री वाली जमीन पर रहते हैं। श्री पनेरू ने मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की छोटी कालोनियों को सरल प्रक्रिया से वैध घोषित किया जाए, डीडीए कों ग्रामीण क्षेत्रों में नोटिस व सीलिंग करने से रोका जाए, गरीब व मध्यम वर्गीय परिवारों पर नोटिस सीलिंग दबाव की नीति बंद की जाए, नक्शा पास कराने में हो रही रिश्वत खोरी की जांच कर दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए, पर्वतीय व मध्यम वर्गीय व परिवारों के लिए सस्ती व सरल आवास नीति लागू की जाये आदि की मांगे प्रस्तुत की हैं। उनका कहना है कि यदि 7 दिनों में प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो तालाबंदी, धरना प्रदर्शन, कार्यालय घेराव, भ्रष्ट अधिकारियों के विरूद्ध सार्वजनिक विरोध आन्दोलन किया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी जिला विकास प्राधिकरण अधिकारियों की होगी। प्रदर्शन करने वालों में गोपाल सिंह, कुन्दन सिंह, विजय गिरी, हेम सिंह, हरीश पाण्डे, वाई एस कोरंगा, नवीन पिलखवाल व राजेन्द्र बिष्ट, मनोज पनेरू, सुमित पाण्डे, आकाश चौहान, इंद्र सिंह रौतेला, संजय अधिकारी, प्रकाश पंत आदि शामिल थे।

## आढ़तियों को दुकानों के ब्लॉकों का आवंटन करने की मांग

- पूर्व विधायक ठुकराल ने कृषि विभाग के सचिव से की मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने रूद्रपुर में नवनिर्मित मण्डी भवन की बदहाली एवं आढ़तियों को दुकानों के ब्लॉकों का आवंटन न किए जाने के मामले को लेकर देहरादून में कृषि विभाग के सचिव एसएन पाण्डे से मुलाकात की और उन्हें पूरी स्थिति से अवगत कराते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की।

ठुकराल ने बताया कि उनके विधायक कार्यकाल के दौरान आदित्य नाथ झा राजकीय इंटर कालेज की भूमि का उत्तराखण्ड शासन से हस्तांतरण कराकर उत्तराखण्ड और उत्तर प्रदेश की सीमा पर विशाल अनाज मण्डी का निर्माण कराया गया था। उन्होंने कहा कि मण्डी का उद्देश्य न केवल आढ़तियों के लिए व्यवस्थित दुकानें उपलब्ध कराना था, बल्कि इससे राजस्व संग्रह बढ़ाने और किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने में भी मदद मिलनी थी। उन्होंने दुख जताते हुए कहा कि आज तक नवनिर्मित मण्डी में गल्ला आढ़तियों को दुक.ानों के ब्लॉकों का आवंटन नहीं किया गया है, जिससे मण्डी जर्जर और निष्प्रयोज्य स्थिति में पहुंच गई है। पूरे



परिसर में घास उग आई है, नशेडियों का जमावड़ा रहता है और मण्डी में रखे सामान की चोरी की घटनाएं आम हो गई हैं। इसके अलावा, ठुकराल ने निर्माण की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि शटर जंग खा चुके हैं और विभिन्न निर्माण कार्यों की गुणवत्ता भी अत्यंत खराब है। उन्होंने नवीन मण्डी के निर्माण में भ्रष्टाचार की जांच कराने और पारदर्शी प्रक्रिया के तहत गल्ला आढ़तियों को दुकानों का आवंटन करने की मांग की। कृषि विभाग के सचिव एसएन पाण्डे ने ठुकराल को आश्वासन दिया कि इस मामले में आवश्यक कार्यवाही शीघ्र की जाएगी और मण्डी के संचालन को सुचारू बनाने के लिए कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि आढ़तियों और किसानों दोनों के हित में मण्डी की व्यवस्थाओं में सुधार करना विभाग की प्राथमिकता है।

### रंगदारी न देने पर दी जान से मारने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कोतवाली पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

**पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर दर्ज किया मुकदमा**

चन्द्रशेखर निवासी ग्राम लछमपुर बैलपोखरा कालाढूंगी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका फार्म बलवीर गार्डन छोई खुशालपुर लामपुर लच्छी रामनगर में स्थित है। तीन नवंबर को दोपहर के समय 04 गाडियों में 15-16 हथियार बन्द लोग चोरी छिपे जंगल के रास्ते मेरे फार्म हाउस में मुझे जान से मारने की नियत से दाखिल हुए, जो कि हथियारों से लैस थे। जिनके वाहन संख्या डीएलआई सीएजी 1727, दूसरा वाहन यूके18 यू 4871,तीसरा वाहन यूके19ए 9991 और चौथा वाहन यूके 07डीटी 6821 थे। मौके पर उसके खेत में धान मढाई चल रही थी और बंटाई दार रंजीत मौके पर खेत में मौजूद था, जिसके द्वारा मुझे फोन में बताया गया कि आप घर से बाहर मत निकलना कुछ हथियार बन्द लोग आपको जान से मारने के लिए छोई फार्म में आए हुए हैं और आपको तलाश रहे हैं। जब में मौके पर नहीं मिला तो आरोपी व्यक्तियों के द्वारा रंजीत सिंह को धमकी देते हुए यह कहा कि अगर चन्द्रशेखर द्वारा हमे रंगदारी का पैसा नहीं दिया तो हम चन्द्रशेखर को जान से मार देगें, आज तो वह बच गया, लेकिन हम फिर आएंगे। उन्होंने बताया कि वाहन काली डिफेण्डर डीएलआई सीएजी 1727 के द्वारा पूर्व में 20 अगस्त 2025 को मेरा पीछा गया, जबकि मैं रामनगर कोर्ट में गवाही देने के लिए जा रहा था। बीते 22 अगस्त को मेरे बेटे हेमन्त शेखर भी रामनगर कोर्ट में गवाही देने जा रहा था। जिसकी सूचना हमने पूर्व में कोतवाली में दी गई थी। वाहनों से मेरा पीछा विपक्षी महेश आगरी उर्फ महेश चन्द्र टम्टा द्वारा करवाया जा रहा है। उसके द्वारा ही अपने वाहन वालों से पैसे की डिमाण्ड करवायी जा रही है और फार्म में आकर मेरे कर्मचारियों को धमकाया जा रहा है। जिससे दहशत का माहौल है। उसके द्वारा पूर्व में भी मुझ पर 02 अक्तूबर 2019 को प्रोफेशनल शूटरों के द्वारा जानलेवा हमला करवाया गया, जिसका मामला न्यायालय में विचाराधीन है। उन्होंने बताया कि उनको परिवार सहित अपनी जान का खतरा बना हुआ है। आरोपी द्वारा कभी भी कोई बड़ी घटना कर सकता है। उन्होंने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की है। कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मोहम्मद यूनुस ने बताया कि रामनगर निवासी महेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष दीपेन्द्र का किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री दीपेंद्र कोश्यारी के खटीमा आगमन पर युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने टोल प्लाजा पर उनका ढोल नगाड़ों के साथ फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। वहीं टोल टैक्स से पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस तक युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने बड़े उत्साह के साथ जुलूस निकाला। वहीं उत्तराखंड गोलीकांड के शहीदों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।



पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस के प्रांगण में कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि युवा मोर्चा पार्टी की रीढ़ है। प्रदेश एवं राष्ट्र के विभिन्न पदों पर आसीन भाजपा के कार्यकर्ता युवा मोर्चा में कार्य कर कर ही राजनीति के उच्च शिखर पर पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि युवा मोर्चा में ईमानदारी से कार्य करने वाला कार्यकर्ता एक न एक दिन अपनी कार्यशैली एवं समाज सेवा के बलबूते बड़ी से बड़ी जिम्मेदारी हासिल कर लेता है, इसका सबसे बड़ा उदाहरण हमारे प्रदेश के मुखिया पुष्कर सिंह धामी हैं, जिन्होंने युवा मोर्चा में लंबे समय तक कार्य करने का अनुभव प्राप्त किया और आज मुख्य सेवक के रूप में सेवा करने का अवसर प्राप्त किया। पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने कहा कि भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर युवाओं को अपने साथ जोड़ने का कार्य करना चाहिए। यहां शशांक बिष्ट, सतीश गोयल, नंदन सिंह खड़ायत, रमेश जोशी, मनोज वाधवा, संतोष अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष अमित पांडे, महेश राणा तथा सूरज धामी आदि उपस्थित रहे।

## पत्रकार की सास के निधन पर जताया शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** नेशनल यूनियन ऑफ जनर्लिस्ट के नगर सचिव व पत्रकार जुगेश अरोडा बंटी की 70 वर्षीय सास व बम्बाघेर आंगनबाड़ी केंद्र संचालिका मीरा भारती की माता द्रोपदी देवी के निधन पर मीडिया कर्मियों व आंगनबाड़ी संचालिकाओं ने शोक व्यक्त किया।

उनके निधन पर विनोद पपने, हरीश भट्ट, डॉ जफर सैफी, चंचल गोला, गिरीश पांडे, गणेश रावत, नाजिम सलमान, त्रिलोक रावत, राजू वर्मा, अजीत गोस्वामी, राजीव अग्रवाल,नदीम वारसी, रोहित गोस्वामी, सलीम मलिक, खुशाल रावत, गोविंद पाटनी, दानिश खान, रागिब खान, नदीम कुरैशी, चंद्रसेन कश्यप अमित बेलवाल, जीवन कुमार, नवीन पोखरियाल, विक्की कश्यप, चंद्रशेखर जोशी, गगन कुमार, आसिफ इकबाल, पूर्व सभासद रूबीना सैफी,पूर्व सभासद अश्विनी सिद्धर्थ, नसीम राजा, विमला अधिकारी, फरीद कुरैशी, मो उस्मान, कैफ खान, सब्बू खान, नावेद सैफी, अरबाज खान व बाल विकास परियोजना की सीडीपीओ पूनम रौतेला, सुपर वाइजर दुर्गा बिष्ट, गीता आर्या, आंगनबाड़ी केंद्र संचालिका विनीता शर्मा, पूनम गोला, चांदनी कस्सार, गीता वर्मा, गीता भारती, दीपा थापा,फर्रुख इरम, सुरभि तिवारी, महजबी, बाला कश्यप, दया राईस अहमद आढती, राजा, फुरकान, गो.विंद, लव जोशी आदि ने शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत की आत्मा की शांति व शोकाकुल परिवार को धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना ईश्वर से की है।

**सम्बंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र खुर्शीद एवं पुत्रवधू यासमीन के दुर्व्यवहारों से तंग आकर इनसे अपने तथा अपने अन्य परिजनों के सभी सम्बंध विच्छेद कर अपने पुत्र खुर्शीद एवं पुत्रवधू यासमीन को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरा या मेरे किसी भी परिजन का मेरे खुर्शीद एवं पुत्रवधू यासमीन से कोई सम्बंध या वास्ता सरोकार नहीं है। जो भी व्यक्ति मेरे पुत्र खुर्शीद एवं पुत्रवधू यासमीन से किसी भी प्रकार का कोई सम्बंध या वास्ता-सरोकार अथवा लेनदेन के व्यवहार रखेगा तो उसके लिए वह व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होगा। मैं या मेरा कोई भी परिजन इनके किसी भी कृत्य के लिए जिम्मेदार नहीं है।

**सिराज नवी पुत्र श्री रज्जाक, निवासी-वार्ड नं. -5, खेड़ा, थाना व तहसील,रुद्रपुर जिला-ऊधमसिंह नगर**

# गुलदार का खूनी तांडव शौच को गए व्यक्ति को नोंचकर मार डाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** धरगड़ा गांव की सुबह चीख-पुकार में तब बदल गई जब शौच के लिए निकले देव सिंह अधिकारी (42 वर्ष) को गुलदार ने घात लगाकर मौत के घाट उतार दिया। गर्दन पर वार करते ही व्यक्ति की मौके पर ही तड़पकर जान चली गई। पिछले 27 दिन में दूसरा हमला होने से ग्रामीणों में आक्रोश और दहशत चरम पर है।

मंगोली की त्रासदी का जख्म अभी भरा भी नहीं था कि गुलदार ने एक और घर को उजाड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी मनीष कुमार टीम सहित मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की परेशानी देखते हुए उन्होंने तुरंत आदेश देकर समीप आयुर्वेदिक चिकित्सालय में ही पोस्टमार्टम करवाया। डा. मंजित सिंह की टीम ने प्रक्रिया पूरी कर शव परिजनों को सौंपा। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने गुलदार को मार गिराने की मांग उठाई। डीएम ने इस मांग को वन विभाग के शीर्ष अधिकारियों तक पहुंचाने और गांव को हर स्तर पर सुरक्षा देने का भरोसा दिया। घटना के तुरंत बाद एसीएफ सुनील कुमार, काली कुमाऊं व लोहाघाट रेंज के अधिकारी मौके पर जुट गए। कुछ देर बाद चंपावत वन प्रभाग का अतिरिक्त कार्यभार देख रहे डीएफओ आशुतोष सिंह भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार को विभाग की ओर से छह लाख का मुआवजा चेक सौंपा और क्षेत्र में व्यापक ऑपरेशन शुरू कर दिया। वन विभाग ने क्षेत्र में 4 स्टील पिंजरे, 1 ड्रोन, लगभग 2 दर्जन ट्रैप कैमरे, पेट्रोलिंग तेज की। डीएफओ ने साफ कहा हमलावर गुलदार नरभक्षी बन चुका है, इसलिए कुछ दिन यही आसपास मंडराने की पूरी आशंका है। किसी भी हालत में अकेले जंगल न जाएं। मुख्यमंत्री की ओर से संवेदना व्यक्त करते हुए भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सतिश चन्द्र पांडे ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की। जिला पंचायत सदस्य योगेश जोशी लगातार सुरक्षा प्रबंधन पर नजर बनाए हुए हैं।

# सीएम घोषणाओं में ढिलाई पर डीएम भटगांई का प्रचंड एक्शन

## जीरो टॉलरेंस, तुरंत सुधार करो, देरी प्रशासनिक विफलता और जनता के साथ अन्याय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने मुख्यमंत्री घोषणाओं की विभागवार समीक्षा बैठक के दौरान बेहद कड़े तेवर दिखाते हुए सभी विभागों को स्पष्ट संदेश दिया कि ढिलाई, लापरवाही और अपारदर्शिता पर अब जीरो टॉलरेंस लागू रहेगा।




बैठक में डीएम ने लोनिवि, पंचायती राज, नगर निगम, सिंचाई, लघु सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य और राजस्व विभागों द्वारा प्रस्तुत प्रगति रिपोर्टों का बारीकी से परीक्षण किया। कई विभागों में पारदर्शिता की कमी, कार्यों की धीमी रफ्तार और फील्ड लेवल पर कमजोर मॉनिटरिंग देखने पर जिलाधिकारी भटगांई ने अधिकारियों को सख्त फटकार लगाते हुए तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए। डीएम ने मुवानी क्षेत्र की खस्ताहाल सड़क को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता को निर्देशित किया कि एक अधिशासी अभियंता की विशेष तैनाती तुरंत की जाए और सड़क मरम्मत कार्य को प्राथमिकता के आधार पर युद्धस्तर पर शुरू किया जाए।

इसके साथ ही देवसिंह मैदान से लगी सड़क की स्थिति खराब पाए जाने पर उन्होंने लोनिवि और एनएच दोनों विभागों को तत्काल कार्रवाई के सख्त आदेश दिए।

डीएम ने कहा कि जनता को असुविधा देने वाले किसी भी विभाग को बख्शा नहीं जाएगा और सड़कें ठीक होना उनकी प्राथमिकता है, इसमें लापरवाही करने वालों पर सीधे कार्रवाई होगी। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री घोषणाओं से संबंधित सभी कार्य निर्धारित टाइमलाइन के भीतर ही पूरे हों। जहां बजट या तकनीकी बाधाएँ हों, उनकी विस्तृत रिपोर्ट तत्काल प्रस्तुत की जाए। सभी अधिकारी फील्ड विजिट करें और गुणवत्ता में कोई समझौता न करें।

हर विभाग की साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट अनिवार्य होगी और कमी पाए जाने पर सीधे जिम्मेदार अधिकारी पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि जो विभाग समय पर परिणाम नहीं देंगे उनकी जिम्मेदारी तय की जाएगी और कार्यवाही सुनिश्चित होगी।

बैठक में सीएमओ डा. एसएस नबियाल, एसडीओ वन राजकुमार, डीडीओ रमा गोस्वामी, जिला पंचायत राज अधिकारी हरीश आर्या सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### पिथौरागढ़ पुलिस रख रही है बुजुर्गों का खास ख्याल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** पुलिस अधीक्षक रेखा यादव' के निर्देशन में पिथौरागढ़ पुलिस द्वारा वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा, सेवा और सहयोग के लिए विशेष अभियान निरंतर चलाया जा रहा है।



इसी क्रम में थानाध्यक्ष जाजरदेवल मनोज पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना जाजरदेवल क्षेत्रान्तर्गत, थानाध्यक्ष थल प्रकाश पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थल क्षेत्रान्तर्गत तथा थानाध्यक्ष कनालीछीना प्रवीण सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा कनालीछीना क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न क्षेत्रों में वरिष्ठ नागरिकों से भेंट कर उनके स्वास्थ्य, पारिवारिक एवं व्यक्तिगत समस्याओं को गम्भीरता से सुना। अधिकांश समस्याओं का समाधान मौके पर ही कर दिया गया तथा शेष के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया गया।

पुलिस टीम ने बुजुर्गों को आपातकालीन सेवा नंबर 112 एवं मोबाइल नंबर 9411112982 की जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में आप अकेले नहीं हैं, पुलिस सदैव आपके साथ खड़ी है।

### जाम मुक्त अभियान दूसरे दिन भी रहा जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** जाम मुक्त के अभियान के तहत दूसरे दिन मंगलवार को पुलिस ने कोतवाली से लेकर हल्द्वानी बस स्टैंड तक सड़क पर फैले फड़, ठेलों को हटाकर फुटपाथ को साफ कराया। जिससे वह हड़कंप मच गया।



इस दौरान कुछ लोगों ने पुलिस का विरोध भी किया। कोतवाल नरेश चौहान के नेतृत्व में जाम मुक्त को लेकर शहर में अभियान की शुरुआत सोमवार से की गई है, जिसका असर भी दिखाई दिया है। अभियान के तहत ई-रिक्शा को नगर में पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया है, जिससे ई-रिक्शा चालकों में काफी नाराजगी बनी हुई है। पुलिस ने अभियान के दौरान सड़क किनारे खड़े वाहनों का चालान भी काटे। वहीं पुलिस द्वारा बुजुर्ग, वृद्ध, दिव्यांग और स्कूली बच्चों को ई-रिक्शा में आने के लिए अनुमति भी दी गई है।

### पुलिस ने बॉर्डर पर चलाया सघन चेकिंग अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** पुलिस ने उत्तराखंड व यूपी के अन्तरराज्यीय बार्डर में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान 14 वाहनों में अनियमियता मिलने पर एमबी एक्ट में चालान किया गया।



अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था उत्तराखण्ड व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशन में पुलिस अधीक्षक रुद्रपुर व पुलिस क्षेत्राधिकारी विमल रावत के देखरेख में अन्तरराज्यीय सीमा चौकी सत्रहमील में पुलिस टीम ने संघन चेकिंग अभियान चलाकर 5 रोडवेज बस, 18 बड़े व करीब 60 छोटे वाहनों को चेक किया गया। टीम को चेकिंग के दौरान कोई आपत्तिजनक व संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई। साथ ही पुलिस टीम ने वाहन चालकों व यात्रियों को यातायात व जागरुकता के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। चेकिंग के दौरान पुलिस टीम को वाहनों में अनियमितता मिलने पर 14 वाहनों का एमबी एक्ट में चालान तथा दो बाइकों को रैट्रो साईलेन्सर में सीज किया गया। इस दौरान टीम में कोतवाल विजेन्द्र शाह, एसएसआई ललित मोहन रावल, सत्रहमील चौकी प्रभारी ललित बिष्ट, एएसआई प्रकाश सिंह नेगी, हेड कांस्टेबल मनोज देव, पंकज कुमार, आरक्षी किशोर कुमार, झिगुरी राम, विजय राना, संतोष कुमार आदि मौजूद थे।

### डीएम भदौरिया के आदेश पर जन सेवा केन्द्र में छापेमारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में इस्लामनगर गोटिया में संचालित जन सेवा केन्द्रों में छापामारी की गई। जिसमें अली मोहम्मद सैफ द्वारा सीएससी का बोर्ड लगाकर सीएससी का संचालन किया जा रहा था, सीएससी का मोनोग्राम भी लगाया गया था। वहीं पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि मेरा भाई संचालन करता है। इसके उपरांत तत्काल उक्त दुकान में लगे बैनर को हटाया गया।

इसी क्रम में चिश्ती जन सेवा केंद्र इस्लामनगर और कासिम फरीद जन सेवा केंद्र में भी छापामारी की गई उक्त दोनों संचालकों द्वारा टीम के आने से पहले ही दुकान बंद कर चले गए। उक्त दोनों सीएससी की आईडी बंद करने की कार्रवाई की जा रही है। भविष्य में भी सीएससी केन्द्रों पर लगातार छापामारी की कार्यवाही जारी रहेगी।

### ड़क किनारे गोवंशीय पशु का कटा सिर मिलने से हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** मंगलवार सुबह नैनीताल हाईवे पर जिला अस्पताल के ठीक सामने गोवंशीय पशु के बच्चे के अवशेष मिलने से हड़कंप मच गया। सबसे पहले सड़क से गुजर रहे राहगीरों ने अवशेष (सिर) को देखा था। घटना से कुछ ही देर में मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर सिडकुल चौकी पुलिस टीम पहुंची और मामले को संदिग्ध देखते हुए पुलिस ने अवशेष को कब्जे में ले लिया। उधर, घटना की जानकारी मिलने पर रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा और हिंदूवादी संगठनों के प्रतिनिधि भी मौके पर पहुंचे और घटना पर नाराजगी जताई। सिडकुल चौकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि आसपास के लोगों से पूछताछ की गई।

# गोवा नाइट क्लब अग्निकांड में मारे गए मनीष का पार्थिव शरीर पहुंचा गांव

## जिलाधिकारी व जिला पंचायत अध्यक्ष ने दी श्रद्धांजलि

■ सरयू तट पर हुआ अंतिम संस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** गोवा के एयरपोर्ट के पास स्थित नाइट क्लब में शनिवार को हुए भीषण अग्निकांड में नेत्र-सलान निवासी 22 वर्षीय मनीष की मौत के बाद सोमवार देर रात उसका पार्थिव शरीर गांव पहुंचा।



दो दिनों से रो-रोकर बेसुध हुए माता-पिता बेटे का शव देखते ही फफक पड़े। पूरा गांव मातम में डूब गया। वहां मौजूद हर किसी की आंखें नम हो गईं।

गांव में पार्थिव शरीर पहुंचते ही जिला पंचायत सदस्य योगेश जोशी, भाजपा प्रांतिय कार्यकारिणी सदस्य सतीश चंद्र पांडे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने मनीष को श्रद्धांजलि अर्पित की। मंगलवार सुबह मनीष का अंतिम संस्कार सरयू नदी के कन्ताल श्मशान घाट में किया गया।

इस दौरान जिलाधिकारी मनीष कुमार ने मुख्यमंत्री एवं जिला प्रशासन की ओर से परिवार को संवेदना प्रकट की। जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद सिंह अधिकारी और जिला पंचायत सदस्य योगेश जोशी भी अंत्येष्टि में शामिल रहे। ग्रामीणों ने बताया कि मनीष ही परिवार का सहारा था। जिला पंचायत सदस्य योगेश जोशी और भाजपा कार्यकर्ता सतीश चंद्र पांडे ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता देने की मांग की। इस पर जिलाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री राहत कोष से सहायता दिलाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।

# चीनी मिल के रिपेयर मेंटेनेंस में हुए व्यय की हो उच्च स्तरीय जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष हरेंद्र सिंह लाडी ने साथियों सहित मंगलवार को चीनी मिल के प्रशासनिक भवन में पहुंचकर चीनी मिल की प्रधान प्रबंधक एसडीएम डॉक्टर अमृता शर्मा से चीनी मिल सुचारू रूप से न चलने से किसानों को हो रही समस्याओं व किसानों का गन्ना मूल्य भुगतान न होने पर नाराजगी व्यक्त की।



हरेन्द्र सिंह लाडी ने कहा कि सर्दी के मौसम में किसानों के तीन से चार दिन में वाहन खाली हो रहे हैं और सर्दी में किसान परेशान है। गन्ने के खेत खाली न होने से किसान गेहूं की बुवाई नहीं कर पा रहे हैं। जिससे उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रधान प्रबंधक एसडीएम डॉक्टर अमृता शर्मा ने आश्वासन दिया की चीनी मिल में तकनीकी खराबी ठीक होने की संभावना है। आशा है कि शीघ्र ही चीनी मिल पूर्ण क्षमता के साथ चलेगी।

गन्ने के भुगतान के संबंध में प्रधान प्रबंधक ने अवगत कराया है कि शासन स्तर से बैंक गारंटी जल्दी आने वाली है। बैंक गारंटी आते ही गन्ना मूल्य भुगतान कर दिया जाएगा मरम्मत पर करोड़ों रुपये व्यय होने के बाद भी चीनी मिल सुचारू रूप से ना चलने पर हरेंद्र सिंह लाडी ने कहा कि मिल में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है।

मरम्मत पर हुए करोड़ों रुपये के खर्चे की उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए। सरकार की मंशा इस चीनी मिल को पीपी मोड पर देने की लग रही है।यदि यशपाल आर्य यहां से विधायक ना होते तो यह मिल अब तक पीपी मोड पर चली गई होती।

# गदरपुर में जमकर अतिक्रमण कर रहे व्यापारी, बनी जाम की समस्या

## सकैनिया मोड़ के पास नगर पालिका ने अतिक्रमणकारियों को दी 24 घंटें की मोहलत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** प्रशासन की अनदेखी के कारण नगर के बाजारों में अतिक्रमण बढ़ रहा है। मुख्य बाजार चौक चौराहे आदि जगहों पर दुकानदारों ने दुकानों के सामने सड़क पर कई-कई फुट अतिक्रमण किया हुआ है तो वहीं कुछ दुकानदार अपनी दुकान के आगे ठेले लगवाकर अतिक्रमण करवा रहे हैं, जिससे मुख्य बाजार से पैदल निकलना भी कभी-कभी दुबर हो जाता है।



नगर के व्यापारियों की है हठधर्मिता व प्रशासन की लापरवाही के चलते नगर के बाजारों में अतिक्रमण ने पूरी तरह से अपने पैर पसार लिए हैं। दुकानदारों ने अपनी दुकान के सामने बेंच लगाकर सामान बाहर तक निकाल लिया है। इसके अलावा लोग दुकानों के सामने वाहन खड़ा कर देते हैं तथा कुछ दुकानदारों ने तो सरकारी नाली के 10-10 फुट आगे तक अतिक्रमण कर रखा है। बात करें नगर पालिका के सामने कुछ दुकानदारों ने अपनी दुकान के आगे पैसे लेकर ठेले लगवा रखे हैं। वहीं नगर पालिका प्रशासन ने अतिक्रमण को हटाने के लिए कई बार व्यापारियों से अपील की है। मंगलवार को भी नगरपालिका की टीम ओर वार्ड नंबर 4 के सभासद अश्वनी कुमार ने सकैनिया मोड़ के पास कुछ दुकानदारों को 24 घंटे की चेतावनी दी है।

नगर पालिका की टीम ने साफ कहा है कि अगर 24 घंटे तक अतिक्रमण नहीं हटाया तो 5100 की चलानी प्रकिया की जाएगी। अब देखना यह होगा कि दुकानदारों पर इसका कितना असर होता है।

# लोनिवि के अधिकारियों ने पूर्व विधायक संग किया नए पुल निमार्ण का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** ग्राम साधू नगर से सिडकुल को जोड़ने को नए पुल के निमार्ण की सीएम द्वारा की गई घोषणा के बाद लोक निर्माण के अधिकारियों ने जनजाति के प्रदेश अध्यक्ष एवं भाजपा के पूर्व विधायक डा. प्रेम सिंह राना के साथ कैलाश नदी पर बनने वाले पुल के लिए निरीक्षण किया है।

बता दें कि बीते दिवस उत्तराखंड प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नानकमत्ता में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान जनजाति के प्रदेश अध्यक्ष एवं भाजपा के पूर्व विधायक डा. प्रेम सिंह राना की मांग पर कैलाश नदी में ग्राम साधु नगर से सिडकुल तक जाने के लिए पुल के निर्माण कराने की घोषणा की थी।

मंगलवार को लोक निर्माण विभाग खटीमा के एक्शन नीरज अग्रवाल एवं जेई सत्यपाल द्वारा पूर्व विधायक डा. प्रेम सिंह राणा के साथ कैलाश नदी पहुंचकर नए पुल के निर्माण के लिए निरीक्षण किया।

# प्रकाश उपाध्याय के नेतृत्व में जनपद की टीम राज्य स्तर के लिए हुई रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** जिले की शैक्षणिक उपलब्धियों में एक और नया अध्याय जुड़ गया है। राज्य स्तरीय सामाजिक विज्ञान महोत्सव में भाग लेने के लिए चयनित छात्र-छात्राओं की टीम आज शैलेश मटियानी राज्य उत्कृष्ट पुरस्कार प्राप्त शिक्षक प्रकाश चन्द्र उपाध्याय के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में रवाना हुई। यह टीम पूरे जनपद की शैक्षणिक प्रतिष्ठा का प्रतिनिधित्व करेगी।

राज्य स्तर का यह अवसर बच्चों के अंदर नेतृत्व क्षमता, सामाजिक समझ और रचनात्मकता को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। एस्कॉर्ट शिक्षक एवं जनपद सह समन्वयक सामाजिक विज्ञान प्रकाश चन्द्र उपाध्याय ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सामाजिक विज्ञान केवल विषय नहीं, बल्कि समाज को समझने की एक व्यापक दृष्टि है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनकी टीम अपनी परियोजनाओं, मॉडल प्रस्तुतियों और संवाद क्षमता से राज्यस्तरीय निर्णायकों पर गहरी छाप छोड़ेगी। डीडीहाट, पिथौरागढ़ में आयोजित हो रहे राज्य स्तरीय सामाजिक विज्ञान महोत्सव में मॉडल प्रदर्शनी, भाषण प्रतियोगिता और क्विज प्रतियोगिता में जनपद के प्रथम स्थान प्राप्त छात्र छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है, जिसमें



राज्य के 13 जनपद प्रतिभाग कर रहे हैं। सांस्कृतिक विरासत, स्थानीय प्रशासन जैसे विषयों पर अपनी अभिनव प्रस्तुतियां देगी। विद्यालय की सहभागिता से अभिभावकों में भी गर्व की अनुभूति देखी गई, जिन्होंने बच्चों को शुभकामनाओं के साथ विदा किया। टीम में महिला मार्गदर्शक शिक्षिका के रूप में कविता भट्ट सम्मिलित हैं। मुख्य शिक्षा अधिकारी मेहरबान सिंह बिष्ट, जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा.) एवं डायट प्राचार्य मान सिंह, प्रभारी प्राचार्य डायट एवं जिला समन्वयक सामाजिक विज्ञान डॉ अनिल कुमार मिश्र, बीईओ घनश्याम भट्ट, बीईओ संजय भट्ट, मार्गदर्शक शिक्षक रवीश पचौली, सुरेश राम आर्य आदि ने टीम को रवाना करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# राष्ट्रीय ट्रैक चैंपियनशिप में देखने को मिलेगा रफ्तार का रोमांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** एक बार फिर राष्ट्रीय खेलों के बाद मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम स्थित वेलोड्रम में राष्ट्रीय ट्रैक चैंपियनशिप में रफ्तार का रोमांच देखने को मिलेगा। इसकी जानकारी उत्तराखंड साइकिलिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष विमल चौधरी ने दी।

उन्होंने बताया कि 19 से 23 दिसंबर तक 77वीं सीनियर, 54वीं जूनियर और 40वीं सब जूनियर राष्ट्रीय ट्रैक चैंपियनशिप वेलोड्रम में आयोजित होगी। आयोजन उत्तराखंड साइकिलिंग एसोसिएशन द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि केरल की टीम पहुंच गई है।

चैंपियनशिप में 28 राज्यों, सर्विसेंस, रेलवे और एयरफोर्स की कुल 31 टीमें प्रतिभाग करेंगी। इसमें लगभग 700 खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। 17 दिसंबर तक सभी टीमें रुद्रपुर पहुंच जाएंगी।

# मृत्यु के बाद भी दुनिया देखेगी परमजीत कौर की आंखें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** आवास विकास निवासी परमजीत कौर खरबंदा के निधन के उपरांत उनके पुत्र तजिंदर सिंह खरबंदा और सुखविंदर सिंह खरबंदा ने उनके नेत्रदान के लिए सहमति देकर समाज के सामने एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। नेत्रदान की प्रक्रिया महाराजा अग्रसेन ग्लोबल चैरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन एसके मित्तल की उपस्थिति में तथा डॉ. एलएम उप्रेती के निर्देशन में आई टेक्नीशियन मनीष रावत द्वारा संपन्न कराई गई। इस कार्य में भारत विकास परिषद रुद्रपुर के संजय, संजय ठुकराल, सोचो डिफरेंट के संदीप चावला, विकास भुसरी तथा परिजन तजिंदर सिंह, सुखविंदर सिंह, इंद्रप्रीत कौर, मंदीप कौर, गुरबाज चावला, अपार सिंह, अमरजीत कौर, अमरजीत सिंह, गुरशरण सिंह आदि का सहयोग रहा।

# संविधान की हत्या कर रही है केंद्र की भाजपा सरकारः बेहड़

## 14 दिसंबर को दिल्ली में होने वाली वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली में देश भर से जुटेंगे कार्यकर्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** भाजपा सरकार के खिलाफ आगामी 14 दिसंबर को दिल्ली में होने वाली वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली को लेकर काशीपुर बायपास रोड स्थित सिटी क्लब में विधायक तिलक राज बेहड के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं की एक बैठक आहूत की गई। जिसमें इस महारैली में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करने का आवाहन किया गया।




किच्छा विधायक तिलक राज बेहड ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार संविधान की हत्या कर रही है और वोट चोरी के माध्यम से राज्यों में अपनी सरकार बना रही है। उन्होंने कहा कि देश की जनता अब यह बात ही समझ चुकी है कि भाजपा देश की जनता के हितों के साथ खिलवाड़ कर रही है और आने वाला समय अब कांग्रेस पार्टी का है।

बेहड ने कहा कि भाजपा सरकार एक विशेष वर्ग पर जानबूझकर हमला कर रही है। कांग्रेस सभी समाज के वर्गों का सम्मान करती है और जिस प्रकार से भाजपा जानबूझकर लोगों को निशाना बना रही है, उसे आने वाले समय में जनता माफ नहीं करेगी।

उन्होंने कहा कि खेड़ा स्थित ईदगाह कई दशकों पुरानी है, जिसमें भाजपा के तत्कालीन नगर पालिका अध्यक्ष सुभाष चतुर्वेदी और उपाध्यक्ष चंदन बेग भी जाते थे। ऐसे में उसे नजूल बढ़कर निशाना बनाया गया है।

बेहड़ ने कहा कि लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में दिल्ली में होने वाली यह महारैली ऐतिहासिक होगी और भाजपा की जड हिला देगी।

कांग्रेस की सरकार बनने पर भाजपा की नीतियों को समाप्त किया जाएगा। महारैली के उधम सिंह नगर प्रभारी मोहनखेड़ा ने कहा कि संगठन में एकजुटता बेहद आवश्यक है। यदि सभी कांग्रेसी कार्यकर्ता एकजुट होकर भाजपा सरकार के खिलाफ आवाज उठाएंगे तो परिवर्तन होना तय है। उन्होंने कहा कि महा रैली के लिए सभी वाहनों की व्यवस्था कर दी गई है और जनपद से अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ता इस महारैली में सहभागिता करें और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करें।

इस दौरान कांग्रेस नगर अध्यक्ष ममता रानी ,व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, मोनिका ढाली ,प्रीति साना, दिनेश पंत, परिमल राय, विक्रम सिंह विर्क, राजेंद्र मिश्रा, प्रकाश शर्मा, गौरव खुराना, गौरव गिरी, सौरभ बेहद, राजीव कोली, इंद्रजीत सिंह, जितेश शर्मा समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद थे।

# एसएसपी, एसएचओ को नोटिस

## निचली आदालत के सम्मन आदेश पर हाई कोर्ट ने लगाई रोक

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता के खिलाफ दर्ज मुकदमे निस्तारित होने के बाद भी निचली अदालत के द्वारा उन्हें सममन जारी करने को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की एकलपीठ ने निचली अदालत के सम्मनिंग आदेश पर रोक लगाते हुए एसएसपी नैनीताल व एसएचओ हल्द्वानी को नोटिस जारी कर एक सप्ताह में जवाब प्रस्तुत करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 31 दिसंबर की तिथि नियत की है। मामले के अनुसार आरटीआई एक्टिविस्ट व सामाजिक कार्यकर्ता भुवन पोखरिया ने उच्च न्यायलय में याचिका दायर कर न्यायिक मैजिस्ट्रेट प्रथम अप्पर सिविल जज हल्द्वानी के सम्मनिंग आदेश 10 अगस्त 2025 को चुनौती दी है। याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में कहा है कि उनके खिलफ़ जो भी मामले पंजिकृत थे उनका निस्तारण पहले ही हो चुका है। एसएसपी हल्द्वानी ने भी अपनी रिपोर्ट 21 फरवरी 2024 के पत्र में इसकी जानकारी दी है। जब उनका केस पहले ही निस्तारित हो चुका है तो अब निचली अदालत ने किस आधार पर उन्हें सममन भेज रही है। इसपर रोक लगाई जाय। राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि इनके खिलाफ वर्ष 2020 में सरक.ारी कार्य मे बाँधा डालने का आरोप है। पोखरिया ने अपने केस की खुद पैरवी करते हुए कोर्ट से प्रार्थना की है कि उनके खिलाफ जारी सम्मनिंग आदेश पर रोक लगाई जाय। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने सम्मनिंग आदेश पर रोक लगाते हुए पक्षकारों से एक सप्ताह में जवाब प्रस्तुत करने को कहा है।



### प्रत्यावेदन सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य को दें

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने उत्तराखंड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड द्वारा हेल्थ वर्कर (महिला) परीक्षा-2025 के लिये जारी विज्ञप्ति में ऊपरी आयु सीमा तय करने के लिए 1 जुलाई 2025 की कट आफ तारीख को बढ़ाने की मांग को दायर याचिका की सुनवाई के बाद याचिकाकर्ता से आयु सीमा में छूट के लिये प्रत्यावेदन सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य को देने को कहा है। याचिकाकर्ता ने कट आफ तारीख को रद्द करने की मांग करते हुए कहा था कि वर्ष 2014 में उसने हेल्थ वर्कर की योग्यता पूरी की थी लेकिन भर्ती परीक्षा आयोजित न करने की वजह से उसकी उम्र दो साल अधिक हो गई है। याचिकाकर्ता की ओर से दलील दी गई कि 2002 से 2021 के बीच इस पद के लिए कोई विज्ञापन जारी नहीं किया गया लेकिन सरकार की ओर से कहा गया कि आयु में छूट देने का अधिकार विशेष रूप से नियोक्ता/राज्य के अधिकार क्षेत्र में आता है और इस संबंध में न्यायालय द्वारा कोई परमादेश जारी नहीं किया जा सकता है। सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की पीठ ने याचिका का निपटारा कर दिया।

### आयोग व सरकार आईपीएस का एक पद रिक्त रखे

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने सिविल सेवा परीक्षा 2024 में अखिल भारतीय स्तर पर 189 वीं रैंक हासिल अनुप्रिया राय को आईपीएस कैडर न दिए जाने के खिलाफ दायर याचिका की सुनवाई के बाद संघ लोक सेवा आयोग व सरकार से फिलहाल आईपीएस का एक पद रिक्त रखने को कहा है साथ यूपीएस सी व केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जबाव देने को कहा है। याचिकाकर्ता का दावा है कि उसे उसकी पहली पसंद भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) से केवल कम ऊंचाई के आधार पर वंचित कर दिया गया है। उनके अनुसार अधिकारियों ने सिविल सेवा परीक्षा 2024 के लिए उम्मीदवारों की चिकित्सा परीक्षा से संबंधित विनियमों के नियम 8(3) की गलत व्याखया की है। याचिकाकर्ता के वकील ने न्यायालय से अनुरोध किया कि मामले के अंतिम निपटारे तक सिविल सेवा परीक्षा 2024 के आई पी एस कैडर की एक सीट को रिक्त रखा जाए जैसा कि पहले केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट) द्वारा निर्देशित किया गया था। न्यायमूर्ति रवींद्र मैठाणी और न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद अंतरिम राहत प्रार्थना पत्र पर उक्त अंतरिम आदेश पारित किया है। मामले की अगली सुनवाई आगे की सुनवाई के लिए 11 फरवरी 2026 को होगी।

### महालेखाकार व सरकार जवाब पेश करे

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने प्रदेश के कई निजी कालेजों के द्वारा फर्जी छात्र दिखाकर करोड़ों रूपये की एससी-एसटी छात्रों की छात्रवृत्ति का गबन करने के मामले में उसकी जांच महालेखाकार से कराए जाने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायधीश की अध्यक्षता वाली खण्डपीठ ने महालेखाकार व राज्य सरकार से 10 दिन के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के साथ ही स्थिति से अवगत कराने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई हेतु 10 दिन बाद की तिथि नियत की है। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ती सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ में हुई। मामले के अनुसार इंटर नेशनल पब्लिक वेलफेयर सोसायटी ने उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर कर कहा है कि केंद्र सरकार के द्वारा निजी कालेजों में पढ़ने वाले एसटी व एसी छात्रों की शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति समाज कल्याण विभाग के माध्यम से दी जाती है लेकिन यह छात्रवृति छात्रों को कालेजों के द्वारा नहीं दी गयी। जब इसकी शिकायत की गई तो पता चला कि कई कालेजों ने अपने वहां फर्जी छात्र दिखाकर उनके नाम से छात्रवृत्ति ले ली गई। याचिका में कहा गया कि इस गबन में अब तक 156 मुकदमे दर्ज हो चुके हैं लेकिन उनकी सुनवाई अभी तक नहीं हुई। मंगलवार को हुई सुनवाई पर जब कोर्ट ने केंद्र सरकार के अधिवक्ता से पूछा कि अभी तक महालेखाकार के द्वारा इसका ऑडिट किया तो उनके द्वारा कोर्ट को अवगत कराया कि अभी तक इसका ऑडिट नहीं कराया गया जिसपर कोर्ट ने केंद्र व राज्य सरकार से कहा कि इसमें दस दिन में शपथपत्र पेशकर स्थिति से अवगत कराएं।

### पेड़ों के प्रस्तावित कटान पर सुनवाई 12 को

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने ऋषिकेश भानियावाला स्ट्रैच में शिवालिक एलिफेंट रिजर्व फारेस्ट सड़क चौड़ीकरण की जद में आ रहे 4 हजार 369 पेड़ों के प्रस्तावित कटान को लेकर दायर जनहित याचिका में मार्च 2025 में हुए स्थगन आदेश के खिलाफ राज्य सरकार द्वारा दायर शीघ्र सुनवाई हेतु प्रार्थना पत्र पर सुनवाई हुई। मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ती सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने मामले को सुनने के बाद 12 दिसंबर की अगली तिथि नियत की है और कहा है एफआरआई के विशेषज्ञ कोर्ट में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहेंगे। बता दें मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता द्वारा कोर्ट को अवगत कराया की पूर्व में जो पेड़ ट्रांसप्लांट हुए हैं वह कामयाब नहीं हुए हैं। उनके द्वारा एफआरआई की रिपोर्ट कोर्ट में पेश की गई है जिसमें बताया गया है कि 4369 में से 700 पेड़ों को ट्रांसप्लांट किया गया है। वही 3615 पेड़ अभी भी काटे जाने हैं। जिस पर कोर्ट ने एफआरआई के विशेषज्ञों से 12 दिसंबर को वीडियो कांफेंसिंग के माध्यम से कोर्ट में उपस्थित रहने को कहा है।

## वाहन चेकिंग के दौरान मुठभेड़ में एक बदमाश को लगी गोली

**नकुड़/अम्बेहटा।** अंबेहटा चौकी क्षेत्र उस समय गोलियों की आवाज से दहल उठा जब वाहन चे.कंग के दौरान पुलिस और एक बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में पुलिस की जवाबी फायरिंग से बदमाश के पैर में गोली लगी जिसके बाद उसे घायलावस्था में दबोच लिया गया। क्षेत्राधिकारी रुचि गुप्ता ने बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान एक संदिग्ध बाइक सवार को रुकने का इशारा किया गया। पुलिस को देखते ही युवक घबराया और बाइक मोड़कर फरार होने लगा। तेजी में उसकी बाइक फिसलकर गिर गई। अपने को चारों ओर से घिरता देख युवक ने अचानक पुलिस पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। मौके की नजाकत देखते हुए पुलिस ने भी मुस्तैदी दिखाते हुए जवाबी गोली चलाई जो बदमाश के पैर में लगी और वह वहीं घायल हो गया। पुलिस टीम ने घायल बदमाश को कब्जे में लेकर तत्काल सीएचसी नकुड़ भेजा जहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस पूछताछ में उसकी पहचान अमजद पुत्र राशिद निवासी घाटमपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने बदमाश के कब्जे से हथियार बरामद कर उसके खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### श्रीमद भागवत कथा को विश्राम

**गंगोह।** मंगलवार को श्रीमद् भागवत सप्ताह के समापन पर कथा वाचक ने कहा जो काम प्रेम के माध्यम से संभव है, वह हिंसा से संभव नहीं हो सकता है। समाज में कुछ लोग ही अच्छे कर्मों द्वारा सदैव चिर स्मरणीय होता है, इतिहास इसका साक्षी है।

## एक नजर

### सैलानियों से करें मधुर व्यवहार: सीओ

**नैनीताल।** पुलिस क्षेत्राधिकारी नैनीताल रविकांत सेमवाल द्वारा मंगलवार को नैनीताल के विभिन्न होटल स्वामियों के एक गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी के दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी सेमवाल ने आने वाले क्रिसमस तथा थर्टी फर्स्ट व नव वर्ष-2026 के दौरान देश के विभिन्न शहरों से आने वाले सैलानियों से अच्छा व्यवहार करने तथा उचित पार्किंग व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही उन्होंने होटल में शराब तथा अन्य नशीले पदार्थों का सेवन प्रतिबंधित करने व अवैध क्रियाकलाप न करने के निर्देश दिए गए। गोष्ठी के दौरान प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मल्लीताल हेम चंद्र पंत सहित होटल रेडिसन, नैनी रिट्रीट, शेरवानी, विक्रम विंटेज, स्विस कॉटेज, एला निवास, सीजन क्लासिक आदि होटल व रिसॉर्ट के प्रबंधक मौजूद रहे।

### मार्ग पुनर्निर्माण व भारी वाहनों पर रोक की मांग

**नैनीताल।** नैनीताल-बीरभट्टी मार्ग की बदहाल स्थिति और ठेकेदार के भारी वाहनों के चलते हो रही अतिरिक्त क्षति को लेकर कृष्णापुर के क्षेत्रवासियों ने डीएम ललित मोहन रयाल से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि जीआईसी के समीप बलियानाला क्षेत्र में लगभग सौ मीटर सड़क भू-कटाव के कारण ध्वस्त हो गई है।कहा कि सड़क को इसकी पूर्व निर्धारित चौड़ाई के अनुरूप ही पुनर्निर्मित किया जाए। वहीं बलियानाला कार्य से जुड़े ठेकेदार के वाहनों द्वारा मार्ग पर निर्माण सामग्री ढोने से मार्ग खराब होने की शिकायत की। डीएम ने लोगों की समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया है। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व सभासद डीएन भट्ट व कैलाश रौतेला समेत भाजपा जिला उपाध्यक्ष दया किशन पोखरिया, रेखा जोशी, दीपा बिष्ट, मुन्नी रौतेला, मीना रौतेला, मोहन सिंह पपोला, उमेश सिंह नेगी, सुरेश कुमार तथा आनंद सिंह रावत मौजूद रहे।

### नाव चालकों में हुई मारपीट में एक घायल

नैनीताल। नगर के तल्लीताल बोट स्टेंड में मंगलवार को दो नाव चालकों में जमकर मारपीट हो गई। अन्य नाव चालकों के बीच बचाव में आने के बाद ही मामला शांत हुआ लेकिन तब तक एक चालक घायल हो गया। नाक से अत्यधिक रक्तस्राव होने के कारण उसे राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में भर्ती कर उपचार दिया जा रहा है। दूसरी ओर पीड़ित ने मामले में पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार चार्टन लॉज निवासी मोहन राम मंगलवार को एक अन्य साथी के साथ तल्लीताल स्थित बोट स्टेंड में खड़े थे। इस बीच वहां बीते कुछ समय से काम कर रहे अन्य नाव चालक बेवजह गाली गलौच करने लगा। उसने विरोध किया तो युवक ने उसे पकड़ चेहरे पर मुक्का मार दिया। झगड़ा होता देख अन्य नाव चालक भी बीच बचाव को पहुंचे। इस बीच मोहन राम लहुलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। नाव चालकों ने उसे तत्काल राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां अत्यधिक रक्तस्राव होने के कारण उसे भर्ती कर उपचार दिया जा रहा है। मोहन राम ने बताया कि मेडिकल परीक्षण के बाद संबंधित नाव चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस से शिकायत की गई है। मामले में कोतवाली में तैनात एसआई दीपक कार्की ने बताया कि मामले में प्राथमिकता से जांच की जा रही है।

### सिखों के प्रति कांग्रेस की मंशा ठीक नहीं: भगत

**हल्द्वानी।** विधायक बंशीधर भगत ने कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत द्वारा सिख समाज पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को कांग्रेस पार्टी की सिख समाज के प्रति भावना का खुला प्रदर्शन करार दिया है। उन्होंने कहा कि धर्म की रक्षा करने वाली बहादुर कौम के मान-सम्मान को चोट पहुंचाने वाले ऐसे कांग्रेस नेता को सिख समाज कभी माफ नहीं करेगा। भगत ने मीडिया को बयान जारी कर कहा कि हरक सिंह रावत ने सिख समाज पर जो अभद्र और अपमानजनक टिप्पणी की है, वह कांग्रेस की असल सोच को उजागर करती है। यह वहीं पार्टी है जो हमेशा अल्पसंख्यकों के वोट बैंक की राजनीति करती है, लेकिन उनके सम्मान की परवाह नहीं करती। सिख समाज देश की सबसे बहादुर कौम है जिसने अनगिनत कुर्बानियां दी हैं। ऐसे में इस तरह की टिप्पणी न केवल शर्मनाक है, बल्कि कांग्रेस की घटिया मानसिकता को दर्शाती है। उन्होंने हरक सिंह रावत से तुरंत सार्वजनिक मफ़ी मांगने की मांग की, अन्यथा पूरे देश का सिख समाज इसका जवाब देगा।

### चोरी की नकदी व चाकू के साथ चोर हत्थे चढ़े

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने पूर्व में हुई चोरी की एक घटना के फरार आरोपी को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से चोरी की गई नकदी तथा एक चाकू नाजायज बरामद किया है। वहीं दूसरी ओर संदिग्ध अवस्था मे घूम रहे एक शातिर आरोपी को एक अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक विगत 1 अक्टूबर को मुकदमा वादी माँगेराम सैनी पुत्र शोभा राम सैनी निवासी मोहल्ला कांजीमल कस्बा सुल्तानपुर थाना चिलकाना की लिखित तहरीर पर अज्ञात व्यक्तियो द्वारा खेडे वाले मन्दिर के दान पात्र से करीब दस हजार रूपये चोरी कर ले जाने के के सम्बन्ध मे थाना पर चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसके बाद उक्त घटना को अंजाम देने वाले एक आरोपी मुकीम पुत्र हनीफ निवासी ग्राम दुमझेड़ा को पुलिस टीम द्वारा पूर्व में ही गिरफ्तार कर लिया गया था।

## सरस्वती शिशु मंदिर की बिल्डिंग में लगी आग

### ऊपर हिस्सा जलकर खाक, प्रधानाचार्य व बच्चे को सकुशल बचाया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल स्थित चीना बाबा मंदिर के समीप स्थित सरस्वती शिशु मंदिर की

> देर रात तक आग बुझाने के प्रयास जारी

बिल्डिंग में मंगलवार की रात को अचानक आग लग गयी। आग लगने की वजह से स्कूल की बिल्डिंग का ऊपरी हिस्सा पूरी तरह जलकर राख हो गया, समाचार लिखे जाने तक दमकल विभाग के चार वाहन मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में लगे हैं। स्थिति की भयावहता को देखते हुए आस पास



के सभी घरों को भी खाली करा लिया है।

जानकारी के मुताबिक मंगलवार की रात में करीब साढ़े सात बजे लोगों ने स्कूल की बिल्डिंग से धुआ उठते देखा बाद में इसकी सूचना दमकल विभाग को दी दमकल विभाग के वाहन आते तब तक आग ने विकराल रुप ले लिया था। इस दौरान स्कूल के बिल्डिंग के भीतर मौजूद प्रधानाचार्य रमेश तिवारी व उनके एक बच्चे तथा पालतू कुत्ते को भी सुकुशल बचा लिया गया। फिलहाल मौके पर दमकल विभाग के साथ की पुलिस प्रशासन व जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और आग बुझाने में सहयोग कर रहे हैं। खास बात यह देखने में आयी कि जैसे ही क्षेत्र के लोगों को आग लगने की सूचना मिली वह सभी आग बुझाने के लिए तत्परता से जुट गए। फिलहाल आग कैसे लगी इसका पता नहीं चल पाया है। समाचार लिखे जाने तक सभी लोग आग बुझाने में प्राथमिकता से जुटे हुए हैं।

## नियमितिकरण की कट आफ डेट बढ़ाया जाना जरूरी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड राज्य विश्व. विद्यालय शिक्षक संघ तथा कुमाऊँ विवि शिक्षक संघ (कूटा) के अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी ने प्रदेश सरकार की ओर से कर्मचारियों के लिए नियमितीकरण का शासनादेश जारी करने पर सूबे के सीएम पुष्कर सिंह धामी व प्रदेश सरकार का विशेष आभार जताया है। प्रो. तिवारी ने कहा है कि कर्मचारियों की लंबे समय से चली आ रही इस जायज मांग पर सरकार ने रचनात्मक निर्णय लिया है। प्रो. तिवारी ने सरकार से आग्रह किया है कि नियमितिकरण की कट आफ डेट 2024-25 की जाए। उन्होंने कहा कि मामले को लेकर उन्होंने सीएम को ज्ञापन भी भेजा है। उन्होंने कहा कि नियमितिकरण के संबंध में गठित उप समिति इस संबंध में जरुर उचित निर्णय लेगी। प्रो. तिवारी के मुताबिक कई कर्मचारियों को संविदा में कार्य करते हुए 15 वर्ष से अधिक का समय बीत चुका है।



कूटा अध्यक्ष प्रो. तिवारी ने उच्च शिक्षा के संविदा शिक्षकों का वेतनमान 57 हजार 70 रुपया प्रतिमाह किए जाने की मांग भी की है। उन्होंने नैनीताल जिले के भवाली में सेनेटोरियम में मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल तथा गेठिया के अस्पताल को एडवांस सेंटर बनाने के सरकार के निर्णय पर खुशी जताते हुए सीएम धामी का आभार व्यक्त किया है तथा कहा है कि इससे पहाड़ के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया हो सकेंगी।

## सरकारी वाहन को बंधक बनाने की धमकी देने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिले में तैनात एक न्यायिक अधिकारी के चालक राजेंद्र सिंह ने तल्लीताल थाने में तहरीर दी है। तहरीर में चालक सिंह ने कहा है कि सोमवार को वह न्यायिक अधिकारी को लेकर हल्द्वानी से नैनीताल आ रहा था। दो गांव के समीप उसके आगे चल रहे टैक्सी वाहन संख्या यूके 04 टीबी 8147 ने आपातकालीन ब्रेक मारा तो उसे भी ब्रेक लगाना पड़ा। जिससे उनका वाहन टैक्सी वाहन से टकराने से बाल बाल बचा। वह वाहन निकालकर आगे आ गए लगभग दो किलोमीटर आगे आने पर टैक्सी चालक ने उनके वाहन को ओवरटेक कर सामने तिरछा वाहन लगा दिया जिसके बाद उसको बाहर निकालकर धक्का मुक्की व अभद्रता की। उसने विरोध करते हुए आश्वासन दिया कि यदि उसके वाहन में नुकसान हुआ होगा तो थाने में शिकायत करें लेकिन टैक्सी चालक व उसके साथी उग्र होकर मारपीट पर उतारु हो गए। वाहन में न्यायिक अधिकारी के बैठे होने की जानकारी देने पर भी वह जान से मारने व वाहन को बंधक बनाने की धमकी देते रहे जिससे सड़क पर जाम भी लग गया। पुलिस के पहुंचने के बाद भी चालक व उसके साथियों का हंगामा जारी रहा। एसओ मनोज नयाल ने बताया शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## एसएसपी, नवीन वर्मा को आमंत्रण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन के तत्वावधान में 17 दिसम्बर को राष्ट्रीय पेंशनर्स दिवस के अवसर पर एक समारोह का आयोजन कोतवाली परिसर स्थित बहुउद्देशीय सभागार में किया जायेगा। समारोह को सफल बनाने के लिए तैयारियां की जा रही हैं।

डीएम ललित मोहन रयाल को बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित करने के बाद ऑर्गनाइजेशन के प्रतिनिधियों ने मंगलवार को वशिष्ठ अतिथियों से भेंट कर कर उन्हें आमंत्रण पत्र दिये। संगठन के प्रांतीय कार्यकारिणी के सदस्य एवं पेंशनर्स एक्टिव टीम के मुख्य संयोजक रमेश चंद्र पाण्डे, शाखा अध्यक्ष लीलाधर पाण्डेय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एनसी जोशी, महासचिव विजय तिवारी एवं पूरन



चंद्र कांडपाल ने वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद के उपाध्यक्ष नवीन वर्मा एवं एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी से भेंट कर उन्हें समारोह के अति विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया।

इसके साथ ही संगठन ने निदेशक समाज कल्याण संदीप तिवारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी हरीश चंद्र पंत एवं कोषाधिकारी डीपी वर्मा को भी विशिष्ठ अतिथि आमंत्रित किया है। इससे पहले बद्रीपुरा स्थित संघ भवन में हुई बैठक में समारोह को सफल बनाने के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया। बैठक में महासचिव विजय तिवारी, एनसी जोशी, लक्ष्मण सिंह गौनिया, केके तिवारी, डीके पंत, जेएस खोलिया, डीसी पाठक, एलएम पाण्डे, भुवन पाण्डे, रमेश जोशी मौजूद रहे।

## 17 लाख रुपये की ठगी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल में ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा कमाने का झांसा देकर 17.31 लाख रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने पुलिस में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के नवीन जोशी ने शिकायत करते हुए कहा है कि इंस्टाग्राम पर उसने क्वांटम एआई नाम का एक विज्ञापन देखा था। लिंक पर किलक कर रजिस्ट्रेशन करने के बाद उनके पास एक अज्ञात नंबर से फोन आया। कॉल करने वाले ने खुद को नाका सॉल्यूशन कंपनी का प्रतिनिधि बताया और खाते को सक्रिय करने के नाम पर 21,17 रुपये जमा कराने को कहा। भरोसा कर उसने पैसे भेज दिए। कुछ दिनों बाद नई योजना बताकर 2,20,745 रुपये और जमा कराने को कहा गया। निवेश पर भारी लाभ दिखाए जाने के कारण पीड़ित ने यह रकम भी भेज दी। जब पीड़ित ने राशि निकालनी चाही तो पहले फॉरेक्स मर्चेंट कमीशन, फिर टैक्स और बाद में इंश्योरेंस के नाम पर 4,88,435 रुपये, 3,36,940 रुपए तथा 6,64,307 रुपये रुपये जमा करा लिए गए। अंत में 7.72,745 रुपये और मांगे जाने पर पीड़ित को धोखाधड़ी का शक हुआ। पीड़ित का कहना है कि 10 अक्तूबर से 12 नवंबर के बीच अलग-अलग बैंक खातों में कुल 17,31,497 रुपये ट्रांसफर कराए गए। इसकी शिकायत उन्होंने साइबर क्राइम पोर्टल पर भी दर्ज कराई है। उसने पुलिस से अज्ञात आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई और उनकी ठगी गई राशि वापस दिलाने की मांग की है। मामले में एसओ मनोज नयाल ने बताया कि मामला साइबर सैल को प्रेषित कर दिया गया है।

## शिविर लगाकर दी कानूनी जानकारी

**नैनीताल।** अखिल भारतीय महिला परिषद की भवाली शाखा की ओर से मंगलवार को नैनीताल जिले की भीमताल विधान सभा के दूरस्थ क्षेत्र तिरछाखेत में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के सहयोग से विधिक साक्षरता शिविर का विशेष आयोजन किया गया। शिविर में जिला अदालत की सिविल जज (सीनियर डिवीजन) पारुल थापरियार ने महिलाओं को एवं ग्रामीण क्षेत्र के समस्त नागरिकों को कानूनी जानकारी एवं घरेलू हिंसा के बारे में विस्तार से बताया। शिविर में परिषद की भवाली शाखा की अध्यक्ष खष्टी बिष्ट ने सिविल जज समेत सभी अतिथियों व गणमान्य जनों व क्षेत्रवासियों का परिषद की ओर से स्वागत किया गया। बिष्ट ने कहा कि परिषद भविष्य में इस तरह से शिविर के माध्यम से ग्रामीणों एवं महिलाओं को जागरूक कराएगा। शिविर में ग्राम प्रधान रजनी आर्य समेत महिला समूह की अध्यक्ष माया पन्त, सरपंच सरस्वती रौतेला, सोनम तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल से कुमारी रितु समेत क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों व विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। समूह की महिलाओं द्वारा स्वागत गीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया। शिविर में 70 से अधिक लोगों ने प्रतिभाग किया।

## नैनीताल में निकाली शौर्य जागरण यात्रा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल की ओर मंगलवार को नैनीताल में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसके तहत पहले ऐतिहासिक डीएसए मैदान में सभा का आयोजन किया गया जिसमें संगठन की गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी गयी उसके बाद नगर में शौर्य जागरण यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। बता दें शौर्य जागरण यात्रा डीएसए मैदान से होते हुए मल्लीताल बाजार से माल रोड गई और फिर वापस डीएसए मैदान पहुंची। यात्रा में सभी कार्यकर्ता अपने गणवेश में नजर आए। अंत में हनुमान चालीसा पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इससे पूर्व डीएसए मैदान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश सह संयोजक पूरन चंद्र जोशी ने कहा कि संगठन का




कार्य पर्यावरण संरक्षण समेत योजनाबद्ध तरीके से धर्मांतरण को रो.कना है तथा कई सामाजिक कार्यों में भी संगठन बढ़ चढ़कर प्रतिभाग करता है। संगठन की ओर से युवाओं को समाजसेवा तथा पर्यावरण संरक्षण और आपदा प्रबंधन जैसे विषयों में जागरूक व प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि संगठन के कार्यकर्ता वनाग्नि की घटनाओं में वन विभाग के साथ सहयोग करेंगे तथा साफ-सफाई और नशा मुक्ति के लिए भी नियमित अभियान चलाएंगे। जोशी ने कहा कि संगठन की दुर्गा वाहिनी भी महिलाओं को प्रशिक्षण देने के लिए कार्यरत रहती हैं। कार्यक्रम के अध्यक्ष तथा पूर्व आईपीएस अधिकारी गिरिजा शंकर पांडे ने आयोजित कार्यक्रम के लिए संगठन को शुभकामनाएं दी तथा धार्मिक और सामाजिक मुद्दों पर अपनी चिंता प्रकट करते हुए लोगों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना संगठन को देने की अपील की। पांडे ने ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने और भूमि खरीद फरोख्त में सतर्क रहने पर भी जोर दिया गया। इस दौरान प्रांत संयोजक बजरंग दल अनुज बाल्या, जिलाध्यक्ष विहिप नैनीताल खजान भट्ट, नैनीताल की विधायक सरिता आर्या समेत अमरप्रीत सिंह, सह प्रांत संयोजक विहिप पूरन जोशी, संयोजक बजरंग दल नैनीताल मनोज कुमार, सह संयोजक विहिप नैनीताल विवेक वर्मा, भाजपा मंडल के पूर्व उपाध्यक्ष भूपेंद्र बिष्ट समेत समाजस.ेवी कविता गंगोला, रमेश कुमार, विनोद सिंह, तरुण लूथरा, कुणाल बेदी तथा राजीव साह मौजूद रहे।

## सेंट लामार्ट में खेलकूद सप्ताह शुरू

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**शांतिपुरी।** सोमवार को जवाहर नगर सेंट लामार्ट सीनियर सेकेंडरी



स्कूल में वार्षिक खेलकूद सप्ताह का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य कोषाधिक.ारी, उधम सिंह नगर पंकज शुक्ला ने खेल सप्ताह की औपचारिक शुरुआत की। मुख्य अतिथि शुक्ला ने विद्यालय परिवार को खेल सप्ताह की शुभकामनाएं दीं और बच्चों से सपने देखते रहने तथा उन्हें पूरा करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने की बात कही। पहली बास्केटबॉल प्रतियोगिता में पृथ्वी हाउस ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए 17-10 के अंतर से जीत दर्ज की। कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य बृज मोहन कुनियाल ने मुख्य अतिथि सहित सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए छात्रों को खेलों में सकारात्मक प्रतिस्पर्धा और खेल भावना बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंध निदेशक प्रमोद कुमार वर्मा ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन आस्था गोस्वामी और कृष्णा सिंह कोरंगा ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक प्रमोद वर्मा, एकेडमिक डायरेक्टर उमेश बोरा, प्रिंसिपल बृज मोहन कुनियाल, खेल शिक्षक खुशाल सिंह कोरंगा, सहित सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**NAME CHANGE**

I **RATNA BIRTY SMART** have changed my name from **RATNAWATI JODH SINGH SMART** to **RATNA BIRTY SMART** hence forth I shall be known as **RATNA BIRTY SMART** Wo Birty Cecil Smart R/o.57A Devlikhet, Near Hydle, Ranikhet, Almora, UK

खेल विशेष

## रितिक ने यश घांघस को हराकर पुरुष जूडो 100 प्लस किग्रा वर्ग में अपना तीसरा स्वर्ण पदक जीता

**उदयपुर, वार्ता।** खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (केआईयूजी) राजस्थान 2025 में लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) के रितिक ने यश घांघस को हराकर जूडो पुरुष 100 प्लस किग्रा वर्ग में अपना तीसरा स्वर्ण पदक हासिल किया। उदयपुर के अटल बिहारी वाजपेई इंडोर हॉल में अपने चौथे केआईयूजी में लवली एलपीयू का प्रतिनिधित्व करते हुए रितिक ने अपना तीसरा केआईयूजी स्वर्ण पदक जीता। उनके खाते में इससे पहले एक कांस्य पदक भी शामिल है। यह जीत इसलिए भी खास थी क्योंकि कुछ दिन पहले ही रितिक को हांगकांग में एशियन ओपन चैम्पियनशिप में पहले ही दौर में हार का सामना करना पड़ा था। लेकिन वे उस निराशा में डूबने के बजाय सीधे उदयपुर पहुंचे और विदेशी दौरे से मिली सीख को अपनी रणनीति और मानसिक मजबूती में बदलते हुए शांत, संयमित और प्रभावी खेल दिखाया। फाइनल में उन्होंने अपने पुराने प्रतिद्वंद्वी यश घांघस को हराकर खिताब अपने नाम किया। मुक. ाबले के बाद रितिक ने कहा कि हमारे वेट कैटेगरी में खिलाड़ी कम हैं, इसलिए हम एक-दूसरे को लंबे समय से जानते हैं। मैंने उसे पहली बार गुवाहाटी केआईवाईजी में हराया था और केआईयूजी 2025 में फिर ऐसा कर पाने की खुशी है। रितिक ने कहा कि पहले राउंड में हारने के बावजूद हांगकांग से मैं बहुत कुछ सीखकर लौटा हूं। जूडो में मानसिक मजबूती भी उतनी ही जरूरी है। ऐसी यात्राओं से पता चलता है कि वर्ल्ड और ओलंपिक चैंपियन खेल को कैसे देखते हैं, उनकी तकनीकें क्या हैं और विश्व स्तर के खिलाड़ियों के साथ स्पैरिंग का अनुभव मिलता है।

# रोहित-विराट के नाम एक और कारनामा

● **इस साल वनडे में जड़ दिए सबसे ज्यादा शतक, भारत के लिए लगे 9 शतकों में से 5 तो केवल इन दोनों बल्लेबाजों ने ही जड़े**

**नई दिल्ली, वार्ता।** साल 2025 में भारत का वनडे में प्रदर्शन काफी हद तक अच्छा रहा है। साल की शुरुआत में भारत ने इंग्लैंड को 3-0 से हराया था।

फिर चैंपियंस ट्रॉफी में भी बिना कोई मैच गंवाए लगातार पांच जीत के साथ चौंपियन बना। इस तरह भारत ने साल की शुरुआत में लगातार 8 मुकाबले जीते थे। चैंपियंस ट्रॉफी के बाद खेले गए 6 मैच में से भारत 3 मैच गंवा चुका है। इस तरह भारत ने इस साल खेले गए 14 में से 11 मुकाबले जीते हैं। इस प्रदर्शन के बावजूद अगर हम भारत के लिए वनडे में इस साल के शतकों की बात करें तो कुल 9 ही शतक लगे हैं। शतकवीरों की बात की जाए तो उनमें सिर्फ पांच नाम ही सामने आते हैं। इनमें भी चौथा और पांचवां नाम तो ऐसा है, जिन्हें वनडे टीम में बहुत ही कम मौके मिले हैं। )तुराज गायकवाड़ की साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में दो साल बाद भारतीय टीम में वापसी हुई है। वहीं यशस्वी जायसवाल ने करियर में सिर्फ 4 वनडे मैच खेले हैं। टेस्ट और टी-20 से संन्यास ले चुके दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा के वनडे से भी संन्यास की अटकलें लगाई जा रही थी, लेकिन इस साल भारत के लिए लगे 9 शतकों में से 5 तो केवल इन दोनों बल्लेबाजों ने ही लगाए हैं। विराट ने इस साल 3 और रोहित ने 2 शतक जड़े हैं। इनके अलावा युवा बल्लेबाज शुभमन गिल ने भी 2 शतक लगाए हैं। साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज से भारतीय टीम में वापसी कर रहे बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ ने इस साल के अपने दूसरे ही मैच में शतक



जड़ दिया। सीरीज के आखिरी वनडे मैच में यशस्वी जायसवाल ने भी शतक जड़कर इस सूची में अपना नाम शामिल कर लिया। भारत के लिए साल 2025 में 6 बल्लेबाजों ने अर्द्धशतक लगाए हैं। सबसे ज्यादा अ(शतक लगाने के मामले में भी विराट कोहली और रोहित शर्मा सूची में क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। दोनों ने इस साल 4-4 अर्द्धशतक लगाए हैं। सूची में पहले स्थान पर श्रेयस अय्यर हैं, जिन्होंने इस साल 11 मैच की 10 पारियों में 5 अ(शतक लगाए हैं। शुभमन गिल और केएल राहुल 11 पारियों में 2-2 अर्द्धशतक लगा चुके हैं। वहीं एक अर्द्धशतक अक्षर पटेल ने भी जड़ा है। इस साल में वनडे में रोहित शर्मा और विराट कोहली ने ही भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। कोहली ने 13 पारियों में 65.10 की औसत से 651 रन बनाए, वहीं पूर्व कप्तान रोहित ने 14 पारियों में 50 की औसत से 650 रन बनाए।

# कोहली-रोहित टीम इंडिया की रीढ़, इन्हे 2027 तक खेलना चाहिए

● **पूर्व पाकिस्तानी कप्तान शाहिद अफरीदी ने भारतीय कोच गौतम गंभीर पर भी साधा निशाना**

**कराची, वार्ता।** पूर्व पाकिस्तानी कप्तान शाहिद अफरीदी ने एक बार फिर भारतीय क्रिकेटरों को लेकर बड़ा बयान दिया है। अफरीदी ने विराट को. हली और रोहित शर्मा को भारतीय वनडे टीम की रीढ़ करार दिया और कहा कि दोनों बल्लेबाजों को कम से कम 2027 वनडे विश्व कप तक खेलते रहना चाहिए।

उन्होंने भारतीय कोच गौतम गंभीर पर भी अप्रत्यक्ष निशाना साधा और कहा कि गंभीर अपने फैसलों में खुद को हमेशा सही मानते हैं। अफरीदी ने कहा कि समय ने साबित किया है कि गंभीर का हर फैसला सही नहीं होता। टेलिकाम एशिया स्पोर्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, अफरीदी ने कहा कि ये सच है कि विराट और रोहित भारतीय बल्लेबाजी की रीढ़ हैं। हालिया वनडे सीरीज में दोनों की फार्म देखकर साफ है कि वे 2027 विश्व कप तक खेल सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि इन दोनों दिग्गजों का सही इस्तेमाल होना चाहिए। अफरीदी ने कहा कि जब भारत कमजोर टीमों के खिलाफ खेले, तब नए खिलाड़ियों को मौका देना चाहिए और रोहित-विराट को आराम दिया जा सकता है।

अफरीदी और गंभीर के रिश्ते पहले भी मैदान पर गर्म रहे हैं। अब उन्होंने एक बार फिर गंभीर पर कटाक्ष किया। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान ने कहा, श्गंभीर ने अपनी कोचिंग शुरुआत इस तरह की जैसे वही हर बात में सही हों, लेकिन बाद में साबित हो गया कि हर समय आपके फैसले सही नहीं होते। अफरीदी ने रोहित शर्मा के द्वारा उनके वनडे में कुल छक्कों के रिकॉर्ड तोड़ने पर खुशी जताई। उन्होंने कहा, श्रिकॉर्ड बनते हैं और टूटते हैं।

मुझे खुशी है कि एक ऐसा खिलाड़ी जिसे मैंने हमेशा पसंद किया, उसने यह रिकॉर्ड तोड़ा।श रोहित ने हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रायपुर में खेले गए दूसरे वनडे में अफरीदी के 351 छक्कों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया और अब उनके नाम 355 छक्के हैं। अफरीदी ने याद करते हुए कहा कि 2008 में आईपीएल में डेक्कन चार्जर्स के लिए साथ खेलते समय ही उन्होंने रोहित की क्लास पहचान ली थी। अफरीदी ने कहा कि प्रैक्टिस के दौरान रोहित की बल्लेबाजी देखकर ही समझ गया था कि ये खिलाड़ी एक दिन भारत के लिए खेलेगा और आज वह विश्व क्रिकेट का बड़ा नाम है।

# ट्रॉफी चोर नकवी की लंदन में हुई घनघोर बेइज्जती

● **ब्रिटिश पुलिस ने गाड़ी की तलाशी ली, वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** पीसीबी के अध्यक्ष और देश के गृहमंत्री मोहसिन नकवी की लंदन में घनघोर बेइज्जती हुई है। ब्रिटिश पुलिस ने ट्रॉफी चोर नकवी की गाड़ी को रोक कर तलाशी ली। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस घटना ने यह साबित कर दिया है कि दुनिया में पाकिस्तान की अंतर्राष्ट्रीय साख कैसी है। बताया जा रहा है कि नकवी शहजाद अकबर और आदिल राजा के प्रत्यर्पण पर बातचीत के लिए ब्रिटेन में थे। लंदन पुलिस ने हालांकि, नकवी की गाड़ी की तलाशी के बारे में कुछ भी टिप्पणी नहीं की है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दिख रहा है कि किस तरह ब्रिटिश पुलिस ने नकवी की गाड़ी को रोक कर तलाशी ली। वीडियो देखकर लग रहा है कि यह रूटीन चेकिंग नहीं थी क्योंकि पुलिस ने हर दिशा से गाड़ी को चेक किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनसार, नकवी की गाड़ी की तलाशी उस वक्त ली गई जब वह अधिका. रियों से मिलने के लिए ब्रिटेन के विदेश मंत्रालय पहुंचे। नकवी पीसीबी अध्यक्ष होने के साथ एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के चेयरमैन भी हैं। मालूम हो कि नकवी ने भारत द्वारा जीती एशिया कप की ट्रॉफी अपने पास रख ली है और अब तक इसे भारत को नहीं दिया है। भारत ने इस साल फाइनल में पाकिस्तान को हराकर एशिया कप का खिताब जीता था, लेकिन टीम ने नकवी के हाथों ट्रॉफी लेने से इन्कार कर दिया था।

# शमी को लेकर चयनकर्ताओं पर भड़के गांगुली

● **वह क्यों नहीं खेल सकते भारतीय टीम के पूर्व कप्तान ने अगरकर को आड़े हाथों लिया**

**कोलकाता, वार्ता।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर पर निशाना साधा है। गांगुली ने अगरकर से सवाल पूछते हुए कहा कि वह बताएं कि मोहम्मद शमी भारत के लिए क्यों नहीं खेल सकते? शमी ने बंगाल के लिए खेलते हुए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया। शमी भले ही राष्ट्रीय टीम से बाहर हैं, लेकिन उन्होंने घरेलू क्रिकेट में अपना दम दिखाया है। शमी ने सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी में पिछले तीन मैचों में 11 विकेट लिए और अपनी फार्म साबित की। इससे पहले, उन्होंने रणजी ट्रॉफी में भी प्रभावित किया था। शमी और अगरकर के बीच पिछले कुछ समय से चीजें सही नहीं चल रही हैं। आस्ट्रेलिया के खिलाफ



सीमित ओवरों की सीरीज के लिए शमी को नहीं चुने जाने के बाद से ही अगरकर पर निशाना साधा जा रहा है। अब गांगुली ने भी शमी को टीम में शामिल करने की मांग पर सीधे अगरकर को घेरा है। बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) के अध्यक्ष गांगुली ने कहा, मुझे यकीन है कि चयनकर्ता देख रहे हैं। मुझे यकीन है कि मोहम्मद शमी और चयनकर्ताओं के बीच बातचीत होती है। मुझे नहीं पता, लेकिन अगर आप मुझसे फिटनेस और कौशल के मामले में पूछें तो यह वही मोहम्मद शमी है जिसे हम जानते हैं। इसलिए मुझे कोई कारण नहीं दिखता कि वह भारत के लिए टेस्ट मैच, वनडे और टी-20 क्रिकेट क्यों नहीं खेल सकते, क्योंकि उनका कौशल बहुत बड़ा है। 2023 वनडे विश्व कप के बाद शमी के टखने में चोट लगी थी और इसके बाद से ही वह टीम में अंदर-बाहर होते रहे हैं। शमी को आस्ट्रेलिया के खिलाफ बार्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए टीम में नहीं चुना गया था, लेकिन वह चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम में शामिल थे। चैंपियंस ट्रॉफी में शमी ने पांच मैचों में नौ विकेट लिए, लेकिन इसके बाद से उन्हें राष्ट्रीय टीम में जगह नहीं मिली है।

# म्लाबा टी-20 गेंदबाजों की रैंकिंग में चार पायदान आगे पहुंचे

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका की स्पिनर नॉनकुलुलेको म्लाबा को आयरलैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन कर बड़ी छलांग लगाकर छठे स्थान पर पहुंच गई है। आईसीसी की ओर से जारी रैंकिंग के अनुसार म्लाबा ने आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के पहले दो मैचों में केवल 11-33 की औसत से तीन विकेट लिए हैं और इसके परिणामस्वरूप यह बाएं हाथ की टी-20 गेंदबाजों की रैंकिंग में 705 अंकों के साथ चार स्थान ऊपर चढ़कर छठे स्थान पर पहुंच गई है। 25 वर्षीय स्पिनर अब रैंकिंग में शीर्ष पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज एनाबेल सदरलैंड से केवल 31 अंक पीछे है। इसके अलावा दक्षिण अफ्रीकी ऑलराउंडर नादिन डी क्लर्क दो मैचों में चार विकेट लेने के बाद टी-20 गेंदबा. जों की रैंकिंग में दो स्थान ऊपर चढ़कर 45वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जबकि क्लो ट्रायोन इसी लिस्ट में 12 स्थान ऊपर चढ़कर 49वें स्थान पर पहुंच गई हैं। लुस ने दो पारियों में 81 और 37 रन बनाए हैं और टी-20 बल्लेबाजों की सूची में सात पायदान ऊपर चढ़कर 41वें स्थान पर पहुंच गई हैं। दक्षिण अफ्रीका की पूर्व कप्तान डेन वैन नीकेर्क अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के बाद टी-20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में 82वें स्थान पर फिर से शामिल हो गई हैं, जबकि आयरलैंड की लेह पॉल प्रोटियाज के खिलाफ दो अच्छे स्कोर बनाने के बाद इसी सूची में नौ स्थान ऊपर चढ़कर 67वें स्थान पर पहुंच गई हैं। ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी नंबर 1 बल्लेबाज बनी हुई हैं, जबकि दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट आयरलैंड के खिलाफ नाबाद 115 और 22 रन बनाकर पांचवें स्थान पर पहुंच गई हैं।

# मार्क वुड हुए एशेज से बाहर



**मेलबर्न, वार्ता।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड पर्थ में पहले ऐशेज टेस्ट के दौरान लगी बाएं घुटने की चोट के दोबारा उभरने के कारण ऐशेज सीरीज के शेष मैचों से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह मैथ्यू फिशर को टीम में जगह दी गई है। छह फुट दो इंच लंबे फिशर ने अपना इकलौता टेस्ट 2022 में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेला था। वह पहले से ही इंग्लैंड लायंस टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया में मौजूद हैं और इस सप्ताह सीनियर टीम से जुड़ जाएंगे।

एडिलेड में होने वाला तीसरा टेस्ट 17 दिसम्बर से शुरू होगा। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि वुड इस सप्ताह के आखिर में स्वदेश लौटेंगे और अपने रिहैब और रिकवरी के लिए ईसीबी की मेडिकल टीम के साथ मिलकर काम करेंगे। वुड ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा कि ऐशेज के शेष मैचों से बाहर होकर बेहद दुखी हूं। सर्जरी और वापसी के लिए सात महीनों की लंबी, कड़ी मेहनत और रिहैब के बाद भी मेरा घुटना साथ नहीं दे पाया। हममें से किसी को इसकी उम्मीद नहीं थी। मैं यहां बड़ा असर डालने की पूरी उम्मीद के साथ आया था।

मुझे बेहद निराशा है कि और इंजेक्शन और गहन चिकित्सकीय इलाज के बावजूद मेरे घुटने की सूजन की स्थिति हमारी आशंका से भी ज्यादा खराब है। उन्होंने कहा कि मुझे बहुत अफसोस है कि मैं उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाया, लेकिन मेरी को. शिश में कोई कमी नहीं थी। आगे जो भी हो, मैं दोबारा वापसी के लिए अपनी पूरी ताकत लगाता रहूंगा। पिछले कुछ महीने बेहद कठिन रहे हैं, लेकिन मैं फिर से पूरी तरह कोशिश करने के लिए दृढ़ संकल्पित हूं। मुझे अब भी विश्वास है कि हम हालात पलट सकते हैं। कभी हार मत मानो, चलो बढ़ो, इंग्लैंड।

# सूर्या-गंभीर जगन्नाथ मंदिर पहुंचे

● **कटक टी-20 मुकाबले से पहले टीम इंडिया ने पुरी में की पूजा**

**पुरी, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी-20 मुक. ाबले से पहले भारतीय क्रिकेट टीम ने ओडिशा के पुरी स्थित प्रसिद्ध श्री जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। भारतीय खिलाड़ियों के साथ मुख्य कोच गौतम गंभीर भी मौजूद रहे। टीम इंडिया ने यह आध्यात्मिक यात्रा मंगलवार सुबह की, ठीक उसी दिन जब कटक के बाराबाती स्टेडियम में पहला टी-20 मुकाबला खेला जाना है। भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव, अपनी पत्नी देविशा शेट्टी के साथ मंदिर पहुंचे। उनके साथ तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, शुभमन गिल और कई खिलाड़ी शामिल रहे। सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच सभी खिलाड़ियों ने मंदिर में प्रवेश कर पूजा की। भारत और दक्षिण अफ्रीका टेस्ट और वनडे सीरीज के मुकाबले अब टी-20 में आमने-सामने होंगे। दक्षिण अफ्रीका ने भारत को टेस्ट में 2-0 हराया था, जबकि भारत ने वनडे में दमदार वापसी करते हुए 2-1 से जीत दर्ज की थी। टी-20 सीरीज दोनों टीमों के लिए खास है क्योंकि यह सीरीज टी-20 वर्ल्ड कप 2026 की तैयारी मानी जा रही है। इस मैच के लिए भारत की टीम में कई महत्वपूर्ण खिलाड़ियों की वापसी हो रही है। शुभमन गिल, हार्दिक पांडया और जसप्रीत बुमराह की वापसी से टीम का बैटिंग और बालिंग काम्बिनेशन और मजबूत हो गया है। दक्षिण अफ्रीका की टीम में भी बड़े नाम वापसी कर रहे हैं। डेविड मिलर, एनरिक नार्त्जे और अन्य खिलाड़ी इस सीरीज को बड़ा मंच मान रहे हैं, क्योंकि इस सीरीज के बीच में आईपीएल नीलामी होने वाली है। कई खिलाड़ी इस सीरीज को एक आडिशन की तरह देख रहे हैं।

**भारत:** अभिषेक, गिल, सूर्यकुमार (कप्तान), तिलक वर्मा, संजू (विकेटकीपर), हार्दिक, अक्षर, कुलदीप, वरुण , जसप्रीत, अर्शदीप सिंह।

# IPL की छोटी नीलामी में 350 खिलाड़ी शामिल

**नई दिल्ली, वार्ता।** अबू धाबी में 16 दिसम्बर को होने वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 की छोटी नीलामी में शामिल होने वाले कुल 350 खिलाड़ियों में से 40 खिलाड़ियों ने स्वयं को अधिकतम बेस प्राइस दो करोड़ रुपये पर सूचीबद्ध किया है, जिनमें वेंकटेश अय्यर और रवि बिश्नोई ही केवल दो भारतीय खिलाड़ी हैं।

कैमरन ग्रीन के सबसे महंगे खिलाड़ी बनने की उम्मीद है और उन्होंने स्वयं को बल्लेबाज के रूप में सूचीबद्ध किया है और वह पहले सेट में नजर आएंगे। क्विटन डी कॉक, दुनित वेल्लालागे और जॉर्ज लिंडे को अंतिम सूची में शामिल किया गया है। ए तीनों खिलाड़ी लॉन्ग लिस्ट का हिस्सा नहीं थे। कुल मिलाकर टीमों की मांग के बाद 35 नए खिलाड़ियों को जोड़ा गया है। सूचीब( किए गए 350 खिलाड़ियों में से 240 भारतीय हैं और 110 विदेशी हैं। इसके अलावा इस सूची में निखिल



चौधरी का नाम भी शामिल है, जिन्होंने 2017 में पंजाब के लिए लिस्ट ए और टी-20 में पर्दापण किया था, लेकिन बाद में कोविड के दौरान ऑस्ट्रेलिया चल गए और वहीं बस गए। उन्हें भारतीय अनकैप्ड खिलाड़ी के रूप में नीलामी में जगह मिली है, जबकि वह ऑस्ट्रेलिया में घरेलू क्रिकेट और बिग बैश लीग खेल चुके हैं। खिलाड़ियों की नीलामी की शुरुआत कैप्ड खिलाड़ियों के सेट से होगी- जिसमें बल्लेबाजो, ऑलराउंडर, विकेटकीपर -बल्लेबाजो, तेज गेंदबाजो और स्पिन गेंदबाजो का अलग-अलग सेट आएगा। इसके बाद अनकैप्ड खिलाड़ियों का पूरा राउंड होगा। एक्सीलरेटेड प्रक्रिया खिलाड़ी नंबर 70 के बाद शुरू होगी। कुल 77 स्लॉट नीलामी में भरे जाने हैं, जिनमें 31 विदेशी खिलाड़ियों के लिए हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स के पास सबसे बड़ा पर्स 64-30 करोड़ रुपये का है और उनके पास कुल 13 स्लॉट खाली हैं।

# टॉम ब्लंडेल हैमस्ट्रिंग चोट के कारण बाहर न्यूजीलैंड टीम से हुए बाहर

● **न्यूजीलैंड ने ब्लंडेल की जगह मिशेल को टीम में जगह दी है**

**वेलिंग्टन, वार्ता।** न्यूजीलैंड के विकेटकीपर-बल्लेबाज टॉम ब्लंडेल के हैमस्ट्रिंग चोट के कारण बुधवार से शुरु हो रहे दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए है। न्यूजीलैंड ने उनकी जगह मिशेल हे को टीम में जगह दी है। यह ऐसा समय हुआ जब जब मैट हेनरी, नाथन स्मिथ और मिशेल सेंटनर की तिकड़ी क्रमशः पिडली, पसली और कमर की चोटों के कारण टेस्ट सीरीज के बाकी मैचों से बाहर हो गई थी। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने ऑलराउंडर क्रिश्चियन क्लार्क और तेज गेंदबाज माइकल रे को उनकी जगह टीम में शामिल किया है। 25 वर्षीय हे ने न्यूजीलैंड के लिए दो सफेद गेंद प्रारुप (12 टी-20, सात एकदिवसीय) में 19 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में कैंटरबरी के लिए खेले गए 29 मैचों में उन्होंने 48-58 की शानदार औसत से 1895 रन बनाए हैं, जिसमें 17 अर्द्धशतक और एक शतक शामिल है, जो उनका सर्वोच्च स्कोर 146 रन था। मिशेल हे और नए गेंदबाजों को लेकर मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने कहा कि मिच एक युवा क्रिकेटर हैं उसने पहले ही सफेद गेंद टीम में अच्छा योगदान दिया है। प्रथम श्रेणी स्तर पर कैंटरबरी के लिए उनका रिकॉर्ड भी शानदार है। उनका टेस्ट टीम में आना उनके करियर का एक बड़ा पल है और हम उन्हें खेलते हुए देखने के लिए बहुत उत्साहित हैं। 24 वर्षीय क्लार्क ने नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स के लिए 28 मैचों में 79 विकेट लिए हैं, जबकि रे (30) ने अपने फर्स्ट-क्लास करियर में 70 मैचों में 208 विकेट लिए हैं। उन्होंने कहा कि क्रिश्चियन और माइकल दोनों ही बेहतरीन क्षमता वाले खिलाड़ी हैं, और पिछले कुछ सालों में दोनों ने अपनी घरेलू टीमों के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है।

# दिया चितले-मानुष शाह की जोड़ी डब्ल्यूटीटी फाइनल में करेगी स्पर्धा




**हांगकांग, वार्ता।** दिया चितले और मानुष शाह की जोड़ी बुधवार से यहां शुरु हो रहे डब्ल्यूटीटी फाइनल 2025 प्रतियोगिता के मिश्रित युगल में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। हांगकांग में डब्ल्यूटीटी फाइनल 2025 ग्लोबल डब्ल्यूटीटी सीरीज का समापन है, जिसमें साल के केवल शीर्ष रैंक वाले खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। सीजन की इस आखिरी प्रतियोगिता में केवल 16 सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला एकल टेबल टेनिस खिलाड़ी, साथ ही शीर्ष आठ मिश्रित युगल जोड़ियां हिस्सा लेंगी। दिया और मानुष, दोनों मौजूदा नेशनल टेबल टेनिस चैंपियन हैं, उन्होंने इस साल की शुरुआत में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतिष्ठित डब्ल्यूटीटी फाइनल के लिए क्वालिफाई किया था। इस भारतीय जोड़ी ने डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर ब्राजील में एक ऐतिहासिक मिश्रित युगल स्पर्धा का रजत पदक जीता था। मिश्रित युगल स्पर्धा में आठ जोड़ियों को चार-चार के दो ग्रुप में बांटा जाएगा। दिया और मानुष को ग्रुप 1 में चीनी जोड़ियों लिन शिडोंग और कुआई मैन, वांग चुकिन और सन यिग्शा के साथ-साथ हांगकांग चीन के हुआंग जेंटिंग और डू काइकिन के साथ रखा गया है।

# चोटिल हेजलवुड ऑस्ट्रेलिया टीम से बाहर, कमिंस की वापसी करीब

**मेलबर्न, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम को मंगलवार को एक बड़ा झटका लगा, जब तेज गें. दबाज जॉश हेजलवुड एक नई चोट के कारण एशेज सीरीज के बाकी मैचों से बाहर हो गए। हेजलवुड शुरू में पिछले महीने शेफील्ड शील्ड के दौरान लगी हैमस्ट्रिंग चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट से बाहर थे। हालांकि, पिछले हफ्ते एक नई अकिलीज से संबंधित समस्या ने इस गर्मी में उनकी वापसी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है, ऑस्ट्रेलियाई टीम के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड ने हेजलवुड के चोटिल होकर टीम से बाहर होने की पुष्टि करते हुए कहा कि दुर्भाग्य से, जोश एशेज का हिस्सा नहीं होंगे। उनके लिए यह बहुत निराशाजनक है। कुछ ऐसे झटके लगे जिनकी हमने उम्मीद नहीं की थी, और हमें लगा था कि वह सीरीज में बहुत बड़ी भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से अलग चोट है। यह पिडली के निचले हिस्से में अकिलीज क्षेत्रा में है। उनकी तैयारी अब वर्ल्ड कप की ओर होगी, जो हमारे लिए एक अविश्वसनीय रूप से महत्वपूर्ण अभियान है। दाएं हाथ का यह तेज गेंदबाज अब सात फरवरी से शुरू होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप के लिए फिटनेस हासिल करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया को कप्तान पैट कमिंस के एडिलेड में तीसरे टेस्ट में वापसी की उम्मीद से बढ़ावा मिला है। मैकडॉनल्ड ने कहा कि कमिंस का टीम का नेतृत्व करना 'लगभग तय' है, क्योंकि उन्होंने ब्रिस्बेन में टीम के खेलने के दौरान एलन बॉर्डर मैदान में व्यापक अभ्यास किया था। मैकडॉनल्ड ने कहा कि उनका शरीर खेलने के लिए तैयार है और अगले हफ्ते कुछ और न होने पर, मुझे उम्मीद है कि पैट सिक्का उछालेंगे और ब्लेजर पहनेंगे।

## आईएफएएफ अपना मुख्यालय स्विट्जरलैंड के लॉजेन शहर में करेंगा स्थानांतरित

**जिनेवा, वार्ता।** इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ अमेरिकन फुटबॉल (आईएफएएफ) ने अपना वैश्विक मुख्यालय ओलंपिक की राजधानी स्विट्जरलैंड के लॉजेन शहर में स्थानांतरित करने का फैसला किया है। आईएफएएफ की ओर से सोमवार को जारी एक बयान में कहा गया कि यह कदम अमेरिकन फुटबॉल के खेल के लिए एक बड़ा मील का पत्थर है, जो ओलंपिक आंदोलन के प्रति अपनी लंबी अवधि की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। आईएफएएफ के अध्यक्ष पियरे ट्रोचेट ने कहा कि यह मत एक स्पष्ट बयान है कि आईएफएएफ और हमारा वैश्विक अमेरिकन फुटबॉल परिवार मानता है कि उसका भविष्य ओलंपिक आंदोलन के केंद्र में है। हमारे मुख्यालय को लॉजेन और मैसन डू स्पोर्ट इंटरनेशनल में स्थानांतरित करना हमारे खेल के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

### एसपी देहात ने किया लक्सर कोतवाली का अर्धवार्षिक निरीक्षण

# ओवरलोड वाहनों पर अंकुश लगाया जाए : सुयाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने कोतवाली का अध वार्षि निरीक्षण करते हुए कोतवाली की तमाम व्यवस्थाओं को जांचा परखा हवालात का निरीक्षण किया तो रिकॉर्ड रूम की व्यवस्थाओं को भी चाचा वही कंप्यूटर रूम व तमाम कोतवाली के बारीकी से निरीक्षण के बाद वस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए ।

जानकारी के अनुसार एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने कोतवाली का अर्धवार्षि निरीक्षण किया। एसपी देहात शेखर चन्द्र सुयाल ने बताया कि कोतवाली की सभी चीजों का बारीकी से निरीक्षण किया गया है लेकिन फिर भी सफाई व्यवस्था का खास ख्याल रखने का निर्देश दिया गया है इस दौरान असलोह की बीमारी किस जांच की गई व हवालात रिकॉर्ड रूम कंप्यूटर रूम सिपाहियों की बैरक वगैरा का निरीक्षण किया गया सफाई व्यवस्था रखने की हिदायत दी गई है साथ ही पीड़ितों को तुरंत हिसाब दिलाने वह ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। एसपी



देहात ने बताया कि लक्सर पुलिस क्षेत्राधिकारी नताशा सिंह ने भी

> ❖थाने पर आने वाले पीड़ितों को तुरंत इंसाफ दिलाया जाए, सफाई व्यवस्था का खास ख्याल रखा जाए

मुझसे पहले निरीक्षण किया उन्होंने यह भी कहा कि नताशा सिंह का कार्यालय लक्सर में ही मौजूद है जो सभी जगह बारीकी से नजर रखती है उन्होंने लक्सर कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण के नेतृत्व में पुलिस की भी सराहना करते हुए कहा कि मुझे कोई अभी तक कमी नहीं दिखाई दी है उन्होंने ओवरलोड वाहनों के खिलाफ भी कार्यवाही का आश्वासन दिया है उन्होंने कहा जिनके पास ओवरलोड वाहन चलाने वालों के पास कोई अगर कागज नहीं है तो उनके खिलाफ भी चेकिंग करते हुए कार्रवाई की जाएगी उन्होंने यह भी कहा कि अभी और आगे निरीक्षण कर रहे हैं।

# मौत के मामले में अज्ञात बाइक चालक पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** चार दिन पूर्व सड़क दुर्घटना में युवक की हुई मौत के मामले में मृतक के भाई ने अज्ञात मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। झबरेड़ा थाना की इकबालपुर चौकी क्षेत्र के गांव हीराहेड़ी निवासी अरविंद कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मेरा भाई प्रवीण 5 दिसंबर को शाम के लगभग 5 बजे अपनी मोटरसाइकिल से इकबालपुर की ओर जा रहा था जब वह देवपुर पुलिया के पास पहुंचा तो देवपुर पुलिया के पास चकरोड की ओर से एक अज्ञात मोटरसाइकिल चालक तेज व लापरवाही गति से मोटरसाइकिल चलाता हुआ आया तथा मेरे भाई को टक्कर मार कर मौके से भाग गया दुर्घटना की सूचना मिलने पर हम मौके पर पहुंचे तथा भाई को इलाज के लिए अस्पताल ले गए जहां पर उपचार के दौरान डॉक्टर ने मेरे भाई को मृत घोषित कर दिया पीड़ित भाई ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कार्यवाहक थाना अध्यक्ष रविंद्र सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा मामले की जांच की जा रही है।

# 4.46 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कलियर।** कलियर पुलिस ने अवैध नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से लगभग 50,000 की कीमत की 4.64 ग्राम स्मैक बरामद की गई। थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया कि इमलीखेड़ा चौकी प्रभारी शहजाद अली पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में चेकिंग कर रहे रहें थे।इस दौरान धनौरी रोड से एक व्यक्ति को पकड़ा लिया।जिसके पास से 4.64 ग्राम अवैध स्मेक बरामद हुई है।पकड़े गए आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम भूरा पुत्र मंगता निवासी महमूदपुर कलियर बताया। उसने स्वीकार किया कि पहले वह डेरी का काम करता था, लेकिन पैसों के लालच और अधिक मुनाफे के चक्कर में उसने स्मैक की खरीदख़फरोख्त शुरू कर दी।आरोपी स्मैक खरीदकर उसे नशा करने वालों को ऊँचे दामों पर बेचता था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया, जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया। इसी के साथ पुलिस ने सप्लाई करने वाले अन्य व्यक्ति की तलाश के लिए टीम गठित कर दी है और जल्द गिरफ्तारी की बात कही है।पुलिस टीम में थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार,इमलीखेड़ा चौकी प्रभारी शहजाद अली,हे0का0 सोनू कुमार,सुनील चौहान,इमरान अली आदि शामिल रहे।

# कांग्रेस गुप्ता सचिन गुप्ता ने किया फिल्म जिद्दी छोरा का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रूडकी में फिल्म जिद्दी छोरा का शुभ मुहूर्त किया गया। इस फिल्म में मुंबई और रुड़की के कलाकार मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म रुड़की के अलावा आसपास के देहात क्षेत्रों में फिल्माई जायेगी।

रामनगर स्थित दुर्गा मंदिर में आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कांग्रेस महासचिव सचिन गुप्ता एवं पूजा गुप्ता ने कहा कि रुड़की में पहले भी बॉलीवुड की कई फिल्मों की शूटिंग हुई है इससे जहां शहर को विश्वपटल पर एक पहचान मिलती है तो वहीं स्थानीय कलाकारों को भी आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि फिल्म जिद्दी छोरा लोगों का भरपूर मनोरंजन करेगी और पूर्ण विश्वास है कि लोगों का प्यार कलाकारों और फिल्म निर्माताओं को मिलेगा।

फिल्म के प्रोड्यूसर व डायरेक्टर अजीत वर्मा ने बताया कि कहानी उत्तराखंड की पृष्ठभूमि पर आधारित है और यहाँ के प्राकृतिक सौंदर्य ने शूटिंग के लिए इसे उनकी पहली पसंद है। अजीत वर्मा ने बताया फिल्म के अंदर क्षेत्रीय कलाकारों को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। फिल्म के एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर अली हसन ने बताया कि टीम ने रुड़की के



कई स्थानों पर शूटिंग की रूपरेखा तैयार कर ली है। इस फिल्म में कई नामचीन चेहरे नजर आएंगे जिसमें मोहित दुआ मनीष खन्ना, उधम सिंह,जारा पटेल,करिश्मा राव,अजीत वर्मा राजा कापसे और कार्तिक राणा शामिल है। जबकि फिल्म की प्रोडक्शन यूनिट में अनुभवी सदस्य सिनेमैटोग्राफर त्रिलोक चौधरी,फाइट मास्टर आशिफ आर्ट डायरेक्टर जसिम सूरज प्रोडक्शन मोहोसिन, सोनू को-प्रोड्यूसर टीम उधम सिंह, नितेश सिंह आदि शामिल रहेंगे।

# जूता व्यापारी से 23 हजार की साइबर ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** जूते का थोक व्यापारी बता कर पीठ बाजार में जूता बेचने वाले दुकानदार से 23500 रुपये ठगने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने साइबर क्राइम अधिकारी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

लंढौरा के मोहल्ला बाहर किला निवासी नफीस ने रुड़की साइबर अधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह पीठ बाजार में जूते बेचने का काम करता है। उसका कहना है कि वह जूता खरीदने के लिए दिल्ली प्रीतमपुरा गया था। वहां पर एक व्यक्ति से उसकी मुलाकात हुई। दिल्ली निवासी व्यक्ति ने होलसेल जूतों की दुकान दिखाई। होलसेल विक्रेता बताने वाले व्यक्ति जूतों का मंडल ट्रांसपोर्ट से भेजने की बात कहते है 23500 रुपये फोन पे से अपने खाते में डलवा लिए। कई दिन बीतने के बाद भी जब ट्रांसपोर्ट से जूते नहीं पहुंचे तो उसने फोन पर संपर्क किया। कई दिन तक आज कल की बात करता रहा। बाद में ठगी करने वाले व्यक्ति ने मोबाइल नंबर ब्लॉक कर दिया। पीड़ित ने रुड़की साइबर क्राइम अधिकारी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

# पूर्व विधायक की स्मृति बनावए गेट का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बे में स्थित पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के मुख्य गेट का निर्माण पूर्व विधायक की स्मृति में कराकर उनकी पत्नी व बेटे द्वारा गेट का उद्घाटन फीता काटकर किया गया। आर्थिक रूप से कमजोर चार छात्राओं को आर्थिक मदद के चेक भी दिए गए तथा कॉलेज की सभी छात्राओं को फल वितरित किए गए। पूर्व विधायक तेजपाल सिंह पवार की स्मृति में उनकी पत्नी चंपा देवी व पुत्र दिनेश पवार द्वारा कस्बे में स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के मुख्य गेट का निर्माण करा कर गेट का उद्घाटन फीता काटकर किया गया। साथ-साथ कॉलेज की छात्राओं को फल वितरित करते हुए आर्थिक रूप से कमजोर चार छात्रों को 6 6 हजार रुपए के चेक भी दिए गए। इस अवसर पर चंपा देवी ने कहा कि हमारी बेटियां आज प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढती हुई देश का नाम रोशन कर रही है। खेल का मैदान हो या राजनीति शिक्षा के क्षेत्र मैं ऊंचाइयां छूने के साथ-साथ देश की सेना में भी लड़ाकू विमान की पायलट बनकर देश के विकास में भागीदार बन रही है। उन्होंने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर दिनेश पवार कालेज प्रधानाचार्य पूनम शर्मा कमलेश पवार हेमलता सारिका सुदेश अलका देवी ज्योति पंकज सुरेश तथा संजय कुमार आदि उपस्थित रहै।

## चाकू के साथ एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** गंगनहर पुलिसने मुखबिर खास की सूचना के आधार पर एक व्यक्ति विशाल उर्फ बल्ली पुत्र बबलू निवासी नई बस्ती रामनगर रुड़की कोतवाली गंगनहर जनपद हरिद्वार को दौराने पूछताछ व जामा तलाशी ली गई तो उक्त व्यक्ति से एक अदद चाकू बरामद हुआ, उपरोक्त व्यक्ति को चाकू रखने का कारण पूछा गया तो बताने में कासिर रहा। उक्त व्यक्ति को उसके जुर्म धारा से अवगत कराते हुए प्रीत विहार से अंडरपास रेलवे स्टेशन की तरफ अंडरपास के मुख्य द्वार से 20 मीटर आगे से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

# रुड़की में माटी कला शिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** माटी कला प्रशिक्षण केंद्र, रुड़की में विकास आयुक्त हस्तशिल्प के प्रायोजन और जिला उद्योग केंद्र, हरिद्वार के आयोजन में माटी कला शिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय कारीगरों को माटी कला से जुड़ी नई तकनीकों, डिजाइन व कौशल से अवगत कराना तथा रोजगार के अवसर बढ़ाना है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मंत्री शोभाराम प्रजापति उपस्थित रहे। उन्होंने पारंपरिक विधि के अनुसार द्वीप प्रज्वलन कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि माटी कला उत्तर भारत की सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा है और ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थानीय युवाओं व कारीगरों को स्वरोजगार की दिशा में मजबूत बनाते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों और स्थानीय कारीगरों ने हिस्सा लिया और प्रशिक्षण के प्रति उत्साह व्यक्त किया। आयोजन समिति ने बताया कि प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्रतिभागियों को उन्नत माटी कला तकनीकों, आधुनिक डिजाइन व विप्णन से संबंधित जानकारी भी प्रदान की जाएगी। समारोह का सबसे विशेष और प्रेरणादायक क्षण वह था जब



राज्य मंत्री शोभाराम प्रजापति और महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र उत्तम कुमार तिवारी ने स्वयं चाक पर बैठकर मिट्टी के बर्तन बनाने का प्रयास किया। अतिथियों को मिट्टी के साथ काम करते देख प्रतिभागी व उपस्थित कारीगरों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस प्रदर्शन ने न सिर्फ कार्यक्रम में जीवंतता भरी, बल्कि माटी कला के प्रति सम्मान और बढ़ती रुचि को भी दर्शाया। इस अवसर पर महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र उत्तम कुमार तिवारी, सहायक निदेशक डीसी हैंडीक्राफ्ट नलिन कुमार, लघु उद्योग भारती से केतन भारद्वाज तथा रुड़की स्माल स्केल इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के बी. बी. गुप्ता भी मौजूद रहे। महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र उत्तम कुमार तिवारी ने बताया कि एक माह के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में न सिर्फ पारंपरिक शिल्प को नई ऊर्जा देगा, बल्कि आधुनिक बाजार की मांग के अनुरूप कारीगरों को तैयार करेगा।

# खुशखबरी : बेरोजगार युवाओं के लिए लगेगा रोजगार मेला

## जनपद के विभिन्न स्कूलों में 12 दिसंबर से 1 जनवरी 26 तक आयोजित होगा रोजगार मेला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** एस0आई0एस0 इंडिया लि के कमांडेड संदीप कुमार ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में जनपद के बेरोजगार युवाओं के लिए 12 दिसंबर 2025 से 01 जनवरी 2026 तक जनपद के विभिन्न स्कूलों में विशेष भर्ती शिविर कैंप आयोजित किए जा रहे है। उन्होंने अवगत कराया है कि विशेष भर्ती अभियान के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय स्तर की कम्पनी में सीधे भर्ती होने का सुनहरा अवसर जिला हरिद्वार में 12 दिसंबर से 9 विद्यालयों में 2 दिवसीय भर्ती शिविर कैंप का आयोजन एस0आई0एस0 इंडिया लिमिटेड के द्वारा लगाए जायेंगे शिविर, शिविर में सुरक्षा सैनिक , सुपरवाइजर एवं सुरक्षा अधिकारी की जायेगी भर्ती 09 विद्यालयों पर सुरक्षा सैनिक, सुरक्षा सुपरवाइजर की भर्ती प्रक्रिया की जा रही है जिसमें (1)-12/12/2025-13/12/2025 को राजकीय प्राथमिक विद्यालय खानपुर, (2)-15/12/2025-16/12/2025 को जंदग्नि पब्लिक स्कूल लक्सर, (3)-17/12/2025- 18/12/2025 को आर एम पी पी वी इंटर कालेज गुरुकुल नारसन, (4)-19/12/2025-20/12/2025 को आर्य विद्यालय जूनियर हाई स्कूल लिब्बरेहडी, (5)- 22/12/2025-23/12/2025 को अटल उत्क्रष्ट राजकीय इंटर कालेज रूड़की, (6)-24/12/2025-25/12/2025 को बी एस एम इंटर कालेज रूड़की, (7)-26/12/2025-27/12/2025 को राजकीय इंटर कालेज भगवानपुर, भर्ती अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा सैनिक , सुरक्षा सुपरवाइजर पद के लिए शारीरिक माप दण्ड जिसमें लम्बाई 168 सेंमी, सीना 80-85 सेंमी तथा उम्र 19 से 40 के बीच, वजन 56 से ज्यादा 90 से कम, योग्यता हाईस्कूल पास/ फेल होना चाहिए। जहा सुरक्षा सुपरवाइजर के लिए 12 वीं पास होना जरूरी है। जिसके लिए उन्होंने इच्छुक बेरोजगार युवको को उक्त निर्धारित तिथिया अपनी सुविधानुसार संबंधित विभागों में निर्धारित शिविर में भर्ती हेतु प्रतिभाग कर सकते है, जिसमें तिथिवार और जगह निर्धारित कर दिया गया है जो कि उपरोक्त है। जिसमें चयनित अभ्यर्थियो का पंजीकरण करने के लिए 350 रू0 जमा करना होगा पंजीकृत चयनियत अभ्यर्थियो को प्रशिक्षण अथवा ट्रेनिंग के लिए एस0आई0एस0 ट्रेनिंग सेंटर देहरादून भेजा जायेगा, जहाँ प्रत्येक चयनित उम्मीदवारों को प्रशिक्षण के दौरान एक माह प्रशिक्षण के उपरान्त उन्हें तैनाती स्थलो पर सुरक्षा के कार्य में स्थाई तैनाती दिया जायेगा। जहाँ नौकरी के दौरान पीएफ, ईएसआई,बोनस, ग्रेच्युटी, इन्स्युरेन्स, पेंशन एवं अन्य सुविधाएं प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा 65 वर्ष तक स्थाई नौकरी, सलाना वेतनवृद्धि, समय समय पदोन्नति एवं राज्य सरकार के न्यूनतम वेतन अधिनियम के तहत वेतन का भुगतान किया जाता है। जानकारी के लिए संस्था के अधिकृत वेबसाइट को देखा जा सकता है।

# वाहन चोर गिरोह के दो आरोपी दबोचे, चार मोटरसाइकिल बरामद

**शाह टाइम संवाददाता**

**मंगलौर।** मंगलौर पुलिस व एसओजी रुड़की को बड़ी सफलता हाथ लगी है दोनों ने एक वाहन चोर गिरोह के दो सदस्यों को दबोच कर उनके कब्जे से कर चोरी की चार मोटरसाइकिल बरामद की है जो जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से चोरी की गई थी पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दिया है।

मंगलवार को कोतवाली में एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि पीड़ितों के द्वारा पुलिस को तहरीर दी गई थी, जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज करने के बाद सीसीटीवी और इनपुट के आधार पर मंगलौर पुलिस ने सीओ मंगलौर



के नेतृत्व में सीआई यू की मदद से दो शातिर चोरों को दबोच कर, चोरी की हुई चार मोटर साइकिल बरामद की है , वहीं पुलिस गिरफ्तार किए गए चोरों का अपराधिक इतिहास जुटा रही है। गिरफ्तार आरोपियो के नाम गुलसजर पुत्र मनव्वर निवासी ग्राम भनेड़ा टांडा,सोनू पुत्र अल्लाहदिया निवासी ग्राम भनेड़ा टांडा बताए गए हैं। पुलिस टीम में वरिष्ठ उप निरीक्षक रफत अली, उप निरीक्षक वजिन्द्र नेगी, अपर उप निरीक्षक, हरिमोहन,हैड कांस्टेबल माजिद खान,हैड कांस्टेबल रविन्द्र खत्री और रोशन सिह शामिल रहे।

# नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी

## कचहरी रोड से लेबर चौक रामनगर तक हटवाया गया अतिक्रतण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** नगर निगम रूडकी का अतिक्रमण हटाओ अभियान लगातार जारी है। आज कचहरी रोड से लेबर चौक रामनगर तक अभियान चलाया गया और अतिक्रमण हटवाया गया।

मंगलवार को भी वरिष्ठ कर निर्धारण अधिकारी एसपी गुप्ता के नेतृत्व मे शहर से अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जा रहा है। आज भी कचहरी रोड से लेबर चौक तक नगर निगम टीम व पुलिस प्रशासन के साथ दुकानों के आगे किये गये सडपर अवैध अतिक्रमण को जेसीबी से तुडवाया गया जिस दौरान व्यापारियों का विरोध भी झेलना पडा। लेकिन अधिकारियों ने जो अस्थायी अतिक्रमण किया था उसका तुडवाया भी और उठवाया भी। वरिष्ठ कर निर्धारण अधिकारी एसपी गुप्ता ने बताया कि पुलिस टीम को साथ लेकर लगतार अतिक्रमण हटवाया जा रहा है। और यह अभियान जनहित में लगातार जारी रहेगा। आज रामनगर कचहरी से अवैध अतिक्रमण हटवाते हुए रामनगर लेबर चौक तक अवैध अतिक्रमण तुडवाये गये। दुकानों के आगे जो भी अवैध अस्थायी कब्जे किये थे उन्हें जेसीबी से हटवाया। वहीं दुकानों के बाहर सडक पर रखे अस्थायी बोर्ड आदि



को भी तुडवाया। एसपी गुप्ता ने बताया कि शहर में लगातार जाम की शिकायतों के बाद प्रशासन ने निगम के साथ मिलकर अवैध अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया है। साथ ही व्यापारियों से आहवान किया जा रहा है कि वह इस अभियान में निगम का सहयोग करे।

# वोट चोर गद्दी छोड़ रैली की तैयारियों को कांग्रेसियों की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** 14 दिसंबर को दिल्ली में आयोजित होने वाली वोट चोर गद्दी छोड़ रैली की तैयारियों के संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें तमाम वरिष्ठ कार्यकर्ताओं सहित रैली प्रभारी सचिन गुप्ता हेमेंद्र चौधरी पर्यवेक्षक एवं वरिष्ठ नेता गण उपस्थित रहे।इस अवसर पर सर्वसम्मति से एक रैली को लेकर कमेटी बनाई गई जो सभी तैयारीयों का काम करेगी। सिविल लाइंस स्थित जिलाध्यक्ष राजेन्द्र चौधरी के कैम्प कार्यालय पर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व राज्य मंत्री पिछड़ा वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष गौरव चौधरी ने सुझाव दिया कि हम सभी को अपने स्तर से ज्यादा से ज्यादा सहयोग कर भारी संख्या में दिल्ली जाना चाहिए उन्होंने अपनी तरफ से भी कार्यकर्ताओं को भेजने की बात कही। सचिन गुप्ता ने कहा कि भारी से भारी संख्या में लोगों के साथ दिल्ली रैली में समय से पहुंचना है। प्रणय प्रताप सिंह ने सुझाव दिया कि एक बड़ी बैठक कर सभी जिम्मेदार साथियों से चर्चा कर अधिक से अधिक संख्या में लोगों को लेकर जाना है।राजकुमार सैनी ओर विकास त्यागी ने भी अधि



क से अधिक संख्या में पहुंचकर रैली को सफल बनाने की बात कही। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुल्किराज सैनी ,डॉक्टर हरविंदर सिंह सरदार जी, प्रधान मीर हसन,अजय चौधरी, हाजी नौशाद अहमद,मोहित त्यागी, एसपी सिंह राणा, सुशील कश्यप जिला अध्यक्ष सेवादल ग्रामीण, नीरज सैनी पूर्व पार्षद संजय गुड्डू लवी त्यागी राव रिजवान अहमद विनोद कुमार विजयपाल सिंह सुभाष शर्मा सुधीर चौधरी सुभाष चौधरी राजा चौधरी कमल मित्तल, मिंटू कुमार आदि मौजूद रहे।

# सम्पादकीय

बुधवार, 10 दिसम्बर 2025

## एसआईआर में यूपी पिछड़ा

एसआईआर की प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में है। एसआईआर के तहत राज्यों में चल रहे फार्म वितरण और डिजिटलीकरण दोनों काम तेजी से पूरे किए जा रहे हैं। बिहार में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन की प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद अब देश के 12 अन्य राज्यों में यह प्रक्रिया मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है। केंद्रीय चुनाव आयोग की ओर से जारी रिपोर्ट से पता चलता है कि इन राज्यों में 99.95 प्रतिशत से अधिक फार्म मतदाताओं तक पहुंच चुके हैं, जिसमें से 98.69 प्रतिशत फार्म का डिजिटलीकरण किया जा चुका है। चुनाव आयोग की ओर से जानकारी दी गई कि एसआईआर फार्म वितरण राष्ट्रीय स्तर पर लगभग पूरा हो चुका है। कुल 50.99 करोड़ पात्र मतदाताओं में से 50.95 करोड़ लोगों को फार्म सौंपे जा चुके हैं। यह पूरा अभियान 11 दिसम्बर तक जारी रहेगा। फार्म वितरण का ये प्रतिशत बताता है कि चुनावी तैयारी में जुटी मशीनरी काफी सक्रिय है और हर जिले में टीमें तय समय पर अपना लक्ष्य हासिल कर लेंगी। गोवा और लक्षद्वीप जैसे छोटे क्षेत्र पहले ही 100 प्रतिशत डिजिटलीकरण पूरा कर चुके हैं। इनके अलावा अंडमान-निकोबार, मध्य प्रदेश, पडुचेरी, छत्तीसगढ़, गुजरात, पश्चिम बंगाल, राजस्थान और तमिलनाडु में भी डिजिटलीकरण दर 99 प्रतिशत से ऊपर पहुंच चुकी है। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में भी 99.95 प्रतिशत फार्म बांटे जा चुके हैं, जबकि 96.91 प्रतिशत फार्म को डिजिटल रिकॉर्ड में डाला जा चुका है। डिजिटल रिकॉर्ड बनाने की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है और 50.33 करोड़ से अधिक फार्म डिजिटल रिकॉर्ड में डाले जा चुके हैं। पश्चिम बंगाल में कुल 7.66 करोड़ फार्मों में से लगभग सभी फार्म वितरित हो चुके हैं। इसमें से 99 प्रतिशत से अधिक डिजिटलीकरण होने से राज्य का प्रदर्शन देश में सबसे अच्छे राज्यों में शामिल हो गया है। गुजरात और मध्य प्रदेश ने भी वितरण में लगभग पूर्णता हासिल कर ली है, जिससे चुनाव आयोग की तैयारियों को गति मिली है। वहीं, उत्तर प्रदेश एक ऐसा राज्य है जहां वितरण तो तेजी से हुआ है, लेकिन डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करने का काम सबसे धीमी गति से आगे बढ़ रहा है। आयोग ने जो आंकड़े जारी किए हैं उसके मुताबिक राज्य में 15।53 करोड़ फार्म बांटे जा चुके हैं जबकि इन फार्म में से 14.96 करोड़ फार्म को डिजिटल रिकॉर्ड में डाला जा चुका है। इन आंकड़ों को प्रतिशत में देखें तो 99.95 प्रतिशत फार्म बांटे गए जबकि 96.91 प्रतिशत फार्म का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जा चुका है। फार्म को भरने के बाद उसे डिजिटल रिकॉर्ड में डालना जरूरी है। इससे आगे होने वाली सत्यापन और डेटा अपडेट प्रक्रिया सहज और तेज बनती है। आयोग के अनुसार, अब तक 50.33 करोड़ फार्म डिजिटल किए जा चुके हैं, जिससे डिजिटलीकरण दर 98.69 प्रतिशत तक पहुंच गई है। यह दर बताती है कि फिजिकल फार्म जमा होने के तुरंत बाद उनका आनलाइन रिकॉर्ड बनाने पर जोर दिया जा रहा है। डेडलाइन करीब आने के साथ राज्यों में इस प्रक्रिया को तेजी से पूरा किया जा रहा है। पश्चिम बंगाल में जहां डिजिटलीकरण 99.64 प्रतिशत तक पहुंच चुका है, वहीं उत्तर प्रदेश में यह आंकड़ा अभी 96.91 प्रतिशत के आसपास है।

### ईमानदारी व पारदर्शिता के साथ पूरी हो एसआईआर प्रक्रिया



लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता सूची की सही और व्यापक तैयारी, उम्मीदवारों के आपराधिक इतिहास की अनिवार्य पारदर्शिता और ईवीएम की जगह बैलेट पेपर व्यवस्था की वापसी आवश्यक है, पूरे देश में एसआईआर प्रक्रिया के माध्यम से मतदाता सूची तैयार की जा रही है, जिसका बसपा विरोध नहीं करती, लेकिन मतदाता सूची में नाम जोड़ने और संशोधन की प्रक्रिया तय समय सीमा के कारण पूरी नहीं हो पाती, जिससे लाखों पात्र मतदाता अपने वोट के अधिकार से वंचित हो जाते हैं, बीएलओ पर अधिक दबाव होने और जांच में लापरवाही की शिकायतें आ आ रही हैं, सूची संशोधन की समय सीमा बढ़ाई जाए और प्रक्रिया को ईमानदारी व पारदर्शिता के साथ पूरा कर यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी पात्र मतदाता का नाम सूची से बाहर न रह जाए। **सुश्री मायावती, प्रमुख, बहुजन समाज पार्टी**

## मानवाधिकारों की विश्वव्यापी घोषणा के 77 वर्ष पूरे






योगेश कुमार गोयल

संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा मानवाधिकारों की विस्तृत व्याख्या के लिए 27 जनवरी 1947 को एक आयोग गठित किया गया था, जिसकी सिफारिशों के सार्वभौमिक घोषणा पत्र को संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्यों ने 10 दिसम्बर 1948 को सर्वसम्मति से स्वीकार किया था। तभी से विश्वभर में 10 दिसम्बर का दिन 'विश्व मानवाधिकार दिवस' के रूप में मनाया जा रहा है। मनुष्य के जीवनयापन और विकसित होने के मूलभूत सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक अधिकारों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 'मानवाधिकार' के रूप में स्वीकार किया गया है। 1945 में संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना इस उद्देश्य से की गई थी कि भविष्य में द्वितीय विश्वयुद्ध जैसी स्थिति उत्पन्न न होने पाए और संयुक्त राष्ट्र संघ ने अपनी स्थापना के कुछ ही समय बाद मानवाधिकारों का संरक्षण किए जाने की ओर ध्यान देना शुरू किया, लेकिन विड़म्बना है कि मानवाधिकारों की घोषणा के 77 वर्ष बीत जाने के बाद भी विश्वभर में करोड़ों लोग संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित मानवाधिकारों से वंचित हैं।

करोड़ों लोग रोटी, कपड़ा और मकान जैसी बुनियादी जरूरतों से वंचित हैं। एक अरब से भी ज्यादा लोग कम अथवा ज्यादा कुपोषण के शिकार हैं। कुपोषण के कारण प्रतिदिन हजारों बच्चे काल के ग्रास बन रहे हैं। दुनियाभर में करोड़ों बच्चे बाल मजदूरी का दंश झेल रहे हैं। भारत में 8 करोड़ से भी ज्यादा बच्चे अपने मासूम बचपन को बाल मजदूरी की तपती भठ्ठी में झोंकने को विवश हैं, जो स्कूली शिक्षा से भी वंचित हैं। औद्योगिकीकरण की अंधी दौड़ में देश में मजदूर महिलाओं व छोटे-छोटे मासूम बच्चों का शारीरिक व मानसिक शोषण किसी से छिपा नहीं है। दुनियाभर में अरबों लोग आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से वंचित हैं। एक अरब से अधिक लोगों को पीने के लिए स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं हैं। इसकी विवेचना यदि हम मानवाधिकारों की दृष्टि से करें तो क्या ए सभी उचित स्तर पर जीवनयापन के अधिकार, शिक्षा के अधिकार, जीवन के प्रति सुरक्षा के अधिकार, शोषण से मुक्ति के अधिकार तथा अन्य सामाजिक अधिकारों से पूर्णतया वंचित नहीं हैं? क्या यह सरासर मानवाधिकारों के उल्लंघन का मामला नहीं है? क्या यह मानवाधिकार आयोग का दायित्व नहीं है कि वह इन विसंगतियों को दूर करने के लिए सार्थक एवं प्रभावी कदम उठाए? आधुनिक भारत में करोड़ों लोग आज भी भूखे-नंगे अपनी जिंदगी के दिन जैसे-तैसे उद्देश्यहीन पूरे कर रहे हैं। क्या ऐसे लोगों के लिए मानवाधिकारों का कोई महत्व हो सकता है? मानवाधिकारों की सुरक्षा के लिए संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार आयोग के अलावा लगभग प्रत्एक देश में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग सक्रिय हैं लेकिन जिस गति से मानवाधिकारों का हनन हो रहा है, उससे मानवाधिकार आयोगों के अस्तित्व पर प्रश्नचिन्ह लगता है। दुनियाभर में दो प्रमुख मानवाधिकार संगठनों एमनेस्टी इंटरनेशनल व ह्यूमन राइट वाच का विशेष रूप से उल्लेख किया जा सकता है, जो वैश्विक स्थिति पर नजर रखते हैं और प्रतिवर्ष इस पर अपनी रिपोर्ट भी पेश करते हैं। मानवाधिकार हनन के मामले में हर देश की क्रमानुसार स्थिति दर्शाई जाती है और इस रिपोर्ट के आधार पर जिस देश में मानवाधिकार की स्थिति दयनीय होती है, उसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर न केवल आलोचना का शिकार होना पड़ता है बल्कि अमेरिका जैसे विकसित देश उस पर आर्थिक प्रतिबंध भी लाद देते हैं लेकिन वास्तविकता यही है कि पिछले कुछ वर्षों से इन संगठनों की रिपोर्टों को भी पूरी तरह निष्पक्ष नहीं माना जाता। इन रिपोर्टों के पीछे अमेरिका इत्यादि विकसित देशों के अपने निजी हित या स्वार्थ भी छिपे होते हैं। भारत में मानवाधिकार संगठनों की सक्रियता खासतौर से पंजाब के आतंकवाद के भयावह दौर से देखी जा रही है, जब इन संगठनों को पुलिस व सेना के जवानों का हर छोटा-बड़ा कारनामा तो नजर आता था लेकिन आतंकवादियों की करतूतों के विरुद्ध इनकी जुबान पर लगाम कसी रहती थी। इस बारे में भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस एएस आनंद ने एक बार कठोर टिप्पणी करते हुए कहा भी था कि यह संगठन सुरक्षा बलों के अत्याचारों पर तो उंगली उठाते हैं पर आतंकवादी संगठन कश्मीर में जो कुछ कर रहे हैं, उस पर चुप रहते हैं। यह हकीकत भी है कि यदि कोई आतंकवादी या शरारती तत्व पुलिस अथवा सेना के हाथों मारे जाएं तो मानवाधिकारवादी संगठन खूब हो-हल्ला मचाते हैं लेकिन वहीं अगर यही सिरफिरे लोग निर्दोषों के लहू से होली खेलें, अबलाओं की इज्जत के सरेआम चिथड़े उड़ाएं, उन्हें गैंगरेप जैसी पाशविक घटनाओं को अंजाम देकर जिंदा जला डालें तो ऐसी हैवानियत मानवाधिकार के ठेकेदारों को नजर नहीं आती बल्कि ऐसे मामलों में इन संगठनों की भूमिका पर सवाल उठाने वालों के समक्ष तर्क प्रस्तुत किया जाता है कि आतंकवादी संगठन किसी स्थापित कानून के तहत काम करने वाली कोई सरकारी संस्था नहीं हैं और वैसे भी आतंकवादी संगठनों की कार्रवाई चूंकि कानून की नजर में अपराध है, अतः यदि कोई आतंकवादी या अराजक तत्व पकड़ा भी जाए, तब उसके खिलाफ कानून के मुताबिक ही कार्रवाई होनी चाहिए।

हालांकि ऐसा नहीं है कि मानवाधिकार संगठनों की भूमिका हर मामले में ही संदेहास्पद रही हो बल्कि कई मामलों में इन संगठनों ने सही मायनों में पीड़ित मानवता के हित में सार्थक पहल की है किन्तु यह भी कटु सत्य है कि दुनियाभर में आज भी करोड़ों-अरबों लोग मानवाधिकारों की विश्वव्यापी घोषणा के 77 वर्षों बाद भी अपने अधिकारों से वंचित हैं। मानवाधिकारों की सुरक्षा के लिए 1961 में स्थापित अंतर्राष्ट्रीय संगठन 'एमनेस्टी इंटरनेशनल' की एक रिपोर्ट में बताया गया था कि दुनियाभर में करीब 120 देशों में मानवाधिकारों का बड़े पैमाने पर हनन हो रहा है। भारत में सितम्बर 1993 में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का गठन किया गया था, जिसका उद्देश्य मानवाधिकारों का संरक्षण करना और उनको प्रोत्साहन देना ही था। आयोग के गठन के कुछ ही समय बाद आयोग ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा था कि देश की सभी जटिलताओं को दृष्टिगत रखते हुए आयोग मानता है कि जो लोग सर्वाधिक दुर्बल हैं, उनके रक्षण का आयोग पर एक विशेष और अपरिहार्य दायित्व है लेकिन आयोग अपने गठन के बाद के इन 32 वर्षों में भी अपने दायित्वों को निभाने में कितना सफल रहा है, इसकी पड़ताल किए जाने की आवश्यकता है। यह विड़म्बना ही है कि देश की सुरक्षा के नाम पर सुरक्षातंत्र को मजबूत करने व सैन्य शक्ति बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक हथियारों व उपकरणों की खरीद-फरोख्त के लिए तो हमारी सरकारें विभिन्न माध्यमों से चंद दिनों में ही अरबों रूपए जुटा सकती हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## शीतनिद्रा में भी भालुओं में खून क्यों नहीं जमता


स्रोत फीचर्स

**शोधकर्ताओं ने पाया कि गर्मियों में भालुओं के रक्त में एचएसची 47 नामक प्रोटीन प्रचुर मात्रा में था, जबकि जाड़ों में यह लगभग नदारद था। चूहों पर हुए पूर्व अध्ययनों में यह देखा गया था कि अन्य कार्यों के अलावा एचएसची 47 प्रोटीन की भूमिका रक्त के थक्के बनाने में भी है। एचएसची 47 प्रोटीन रक्त प्लेटलेट्स की सतह पर बैठ जाता है और संक्रमण से लड़ने वाली सफेद रक्त को. शिकाओं ( न्यूट्रोफिल ) को आकर्षित करता है और प्लेटलेट्स से जोड़ता जाता है। इससे बने जाल में प्रोटीन, रोगजनक और कोशिकाएं वगैरह फंस जाते हैं।**

लंबे समय की निष्क्रियता पैर की शिराओं और फेफड़ों में रक्त के थक्के जमा सकती है, लेकिन यह परेशानी महीनों लंबी शीतनिद्रा में सोए भालुओं में पेश नहीं आती। साइंस पत्रिका में बताया गया है कि इसका कारण है कि शीतनिद्रा में सोए भालू एक प्रोटीन एचएसची 47 कम बनाते हैं जो रक्त का थक्का जमाने में भूमिका निभाता है। रक्त के थक्के मनुष्यों के लिए काफी घातक हो सकते हैं। अमूमन ये थक्के पैर की शिराओं में बनते हैं। स्थिति तब घातक हो जाती है जब ये रक्त प्रवाह के साथ फेफड़ों तक पहुंच जाते हैं और वहां रक्त संचार को अवरुद्ध कर देते हैं।

इसका वर्तमान उपचार है रक्त को पतला करना, लेकिन वह ज्यादा प्रभावी नहीं है और इसके कारण अनियंत्रित रक्तस्राव हो सकता है। यह समझने के लिए कि शीतनिद्रा के दौरान भालुओं में रक्त के थक्के क्यों नहीं बनते, लुडविग मैक्सिमिलियन विश्वविद्यालय के एक दल ने शीतनिद्रामग्न भूरे भालुओं पर अध्ययन किया। शोधकर्ताओं ने जाड़ों में शीतनिद्रामग्न (13) भूरे भालुओं को खोजा और उनके रक्त के नमूने लिए। इसके बाद उन्होंने गर्मी के मौसम में भी इन्हीं भालुओं के रक्त के नमूने लिए। शोधकर्ताओं ने पाया कि गर्मियों में भालुओं के रक्त में एचएसची 47 नामक प्रोटीन प्रचुर मात्रा में था, जबकि जाड़ों में यह लगभग नदारद था। चूहों पर हुए पूर्व अध्ययनों में यह देखा गया था कि अन्य कार्यों के अलावा एचएसची 47 प्रोटीन की भूमिका रक्त के थक्के बनाने में भी है। एचएसची 47 प्रोटीन रक्त प्लेटलेट्स की सतह पर बैठ जाता है और संक्रमण से लड़ने वाली सफेद रक्त को. शिकाओं (न्यूट्रोफिल) को आकर्षित करता है और प्लेटलेट्स से जोड़ता जाता है। इससे बने जाल में प्रोटीन, रोगजनक और कोशिकाएं वगैरह फंस जाते हैं। नतीजतन, रक्त का थक्का बनता है। देखा गया है कि जिन चूहों में इस प्रोटीन की कमी थी उनकी प्लेटलेट्स ने न्यूट्रोफिल को कम आकर्षित किया और रक्त का थक्का बनने की संभावना कम रही। अब चूंकि शीतनिद्रा में भालुओं में एचएसची 47 कम बनता है, इसलिए उक्त प्रक्रिया द्वारा थक्का निर्माण की संभावना भी कम होती है। शोधकर्ताओं ने उन लोगों में एचएसची 47 का स्तर देखा जो रीढ़ की हड्डी में चोट की वजह से चल-फिर नहीं पा रहे थे लेकिन उनमें रक्त के थक्के नहीं बन रहे थे।





पाया गया कि इन लोगों में एचएसची 47 का स्तर अपेक्षाकृत कम था। इससे लग रहा था कि चलना-फिरना बंद हो जाने पर शरीर एचएसची 47 प्रोटीन कम बनाने लगता है। जांच के लिए शोधकर्ताओं ने 10 स्वस्थ व्यक्तियों को 27 दिन तक बेडरेस्ट कराया। जैसी कि उम्मीद थी धीरे-धीरे उनमें एचएसची 47 का स्तर कम होने लगा था। लगता है कि जिन लोगों ने अचानक बिस्तर पकड़ लिया है उनमें स्वाभाविक रूप से एचएसची 47 का स्तर घटना शुरू होने से पहले एचएसची 47 का स्तर घटा कर थक्का बनने के जोखिम को कम किया जा सकता है। लेकिन अभी और अध्ययन की जरूरत है। बहरहाल, भालुओं और मनुष्यों दोनों में एचएसची 47 की एक जैसी भूमिका से लगता है कि स्तनधारियों में थक्का बनने का तंत्र काफी पुराना है।

## आपको भी तो नहीं दुनिया की इन खतरनाक बीमारियों में से कोई एक

बीमारियां मानव जीवन का एक अभिन्न हिस्सा हैं। कुछ बीमारियां मामूली होती हैं और कुछ समय में ठीक हो जाती हैं, जबकि कुछ ऐसी खतरनाक बीमारियां होती हैं जो न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डालती हैं, बल्कि उसकी जान के लिए भी खतरा बन जाती हैं। इस लेख में, हम दुनिया की सबसे खतरनाक बीमारियों के बारे में विस्तार से चर्चा करेंगे, जो आज भी मानवता के लिए एक बड़ी चुनौती बनी हुई हैं।

**कैंसर**

कैंसर दुनिया की सबसे खतरनाक और जटिल बीमारियों में से एक है। यह तब होता है जब शरीर की कोशिकाएं अनियंत्रित रूप से बढ़ने लगती हैं और शरीर के अन्य हिस्सों में फैल जाती हैं।

**प्रमुख प्रकार**

फेफड़ों का कैंसर

स्तन कैंसर

त्वचा कैंसर

रक्त कैंसर ल्यूकेमिया

लक्षण- वजन में कमी, थकावट, असामान्य गांठ, और लंबे समय तक खांसी।

उपचार- कैंसर के उपचार में कीमोथेरेपी, रेडियोथेरेपी, और सर्जरी शामिल हैं। हालांकि, कैंसर का इलाज बीमारी के प्रकार और उसके चरण पर निर्भर करता है।

चुनौती- कैंसर का प्रारंभिक चरण में पता लगाना और उसका सही समय पर इलाज करना बहुत कठिन है, जिसके कारण यह बीमारी जानलेवा साबित हो सकती है।

**हृदय रोग**



हृदय रोग, जिसे कार्डियोवैस्कुलर डिजीज भी कहा जाता है, विश्व में मृत्यु का प्रमुख कारण है। यह रोग हृदय और रक्त वाहिकाओं को प्रभावित करता है।

प्रमुख प्रकार

कोरोनरी आर्टरी डिजीज

हार्ट अटैक

स्ट्रोक

लक्षण- सीने में दर्द, सांस लेने में कठिनाई, और थकान।

कारण- उच्च रक्तचाप, उच्च कोलेस्ट्रॉल, धूम्रपान, और अस्वस्थ जीवनशैली।

उपचार- दवाइयों, सर्जरी, और लाइफस्टाइल में बदलाव से हृदय रोग का प्रबंधन किया जा सकता है।

डायबिटीज

डायबिटीज एक क्रॉनिक द्धदीर्घकालिकऋ बीमारी है, जिसमें शरीर का ब्लड शुगर लेवल अनियंत्रित हो जाता है।

प्रमुख प्रकार

टाइप 1 डायबिटीज- यह बीमारी ऑटोइम्यून कारणों से होती है।

टाइप 2 डायबिटीज- यह अधिकतर खराब जीवनशैली के कारण होती है।

गर्भावधि डायबिटीज- गर्भावस्था के दौरान होने वाली डायबिटीज।

लक्षण- बार-बार प्यास लगना, बार-बार पेशाब आना, और वजन में कमी।

जटिलताएं- डायबिटीज आंखों, किडनी, और हृदय पर गंभीर प्रभाव डाल सकती है।

एचआईवी

एचआईवी ह्यूमन इम्युनोडिफिशिएंसी वायरस शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर कर देता है, जिससे व्यक्ति को अन्य बीमारियों का अधिक खतरा होता है। जब एचआईवी एड्स में बदल जाता है, तो यह जानलेवा हो सकता है। इसके लक्षण कमजोरी, वजन में कमी, बार-बार बुखार, और त्वचा पर घाव। संक्रमण के तरीकों की बात करें तो असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सुई का उपयोग, और संक्रमित रक्त का स्थानांतरण हैं। उपचार- एंटीरेट्रोवायरल थेरेपी द्ध।त्ञ्ऋ एचआईवी को नियंत्रित कर सकती है, लेकिन इसे पूरी तरह खत्म नहीं कर सकती।

**टीबी**

टीबी एक संक्रामक बीमारी है, जो माइकोबैक्टीरियम टड्ूबरकुलोसिस नामक बैक्टीरिया के कारण होती है। यह मुख्य रूप से फेफड़ों को प्रभावित करती है। लक्षण- लंबे समय तक खांसी, खांसी में खून आना, बुखार, और वजन में कमी। संक्रमण- यह खांसी, छींक या किसी संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से फैलता है। उपचार- एंटीबायोटिक दवाओं का उपयोग करके टीबी का इलाज किया जा सकता है। चुनौती- टीबी के ड्रग-रेसिस्टेंट प्रकार द्धडक्त-ज्ठऋ का इलाज करना बहुत मुश्किल है।

**मलेरिया**

मलेरिया एक परजीवी संक्रमण है, जो मच्छर के काटने से फैलता है। यह दुनिया के सबसे खतरनाक संक्रामक रोगों में से एक है। लक्षण- बुखार, ठंड लगना, सिरदर्द, और मांसपेशियों में दर्द। कारण- प्लाज्मोडियम परजीवी, जो मादा एनोफिलीज मच्छर के काटने से फैलता है। उपचार- एंटीमलेरियल दवाएं इस बीमारी का इलाज कर सकती हैं। चुनौती- मलेरिया के परजीवियों में दवाओं के प्रति बढ़ती प्रतिरोधक क्षमता एक बड़ी समस्या है।

**डेंगू**

डेंगू एक वायरल बीमारी है, जो एडीज मच्छर के काटने से फैलती है। यह विशेष रूप से उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में अधिक प्रचलित है। लक्षण- तेज बुखार, सिरदर्द, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द, और त्वचा पर चकत्ते। गंभीर रूप- गंभीर डेंगू (डेंगू हेमोरेजिक फीवर) जानलेवा हो सकता है। उपचार- डेंगू के लिए कोई विशिष्ट इलाज नहीं है, लेकिन उचित देखभाल और हाइड्रेशन से इसका प्रबंधन किया जा सकता है।

**इबोला वायरस**

इबोला एक अत्यधिक खतरनाक और संक्रामक बीमारी है, जो इबोला वायरस के कारण होती है। यह बीमारी अफ्रीका में अधिक प्रचलित है। लक्षण- तेज बुखार, रक्तस्राव, और अंग विफलता। संक्रमण- यह संक्रमित व्यक्ति के शरीर के तरल पदार्थों के संपर्क में आने से फैलता है। उपचार- फिलहाल इस बीमारी के लिए कोई ठोस इलाज नहीं है, लेकिन वैक्सीन और एंटीवायरल दवाएं उपलब्ध हैं।

**स्पेनिश फ्लू और कोविड-19 जैसी महामारियां**

स्पेनिश फ्लू 1918 और कोविड-19 (2019) ने दुनिया भर में लाखों लोगों की जान ली। लक्षण- बुखार, खांसी, सांस लेने में कठिनाई, और थकावट। संक्रमण- संक्रमित व्यक्ति से दूसरों में तेजी से फैलना। उपचार- इन महामारियों के दौरान वैक्सीन और सावधानी बरतने से इनका प्रसार रोका गया।

**कुष्ठ रोग**

कुष्ठ रोग माइकोबैक्टीरियम लेप्रे नामक बैक्टीरिया के कारण होता है। यह त्वचा, नसों और अन्य अंगों को प्रभावित करता है। लक्षण- त्वचा पर सफेद धब्बे, घाव, और अंगों की कमजोरी। उपचार- मल्टीड्रग थेरेपी के जरिए इसका इलाज संभव है।

**निष्कर्ष**- दुनिया की इन खतरनाक बीमारियों ने यह साबित किया है कि स्वास्थ्य का महत्व कितना बड़ा है। इनमें से अधिकांश बीमारियां रोकथाम और सावधानी से बचाई जा सकती हैं। सही समय पर इलाज और जागरूकता के माध्यम से हम इन बीमारियों से निपट सकते हैं। इसलिए, स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं, नियमित स्वास्थ्य जांच कराएं और अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें।



गुरुग्राम। हरियाणा के सरकारी अस्पतालों के डॉक्टरों की हड़ताल के दूसरे दिन सिविल अस्पताल में कतार में इंतजार करते मरीज।

## इजरायल ने हिजबुल्लाह को निशाना बनाते हुए लेबनान पर किए हमले

**येरूसलम।** इजरायली सेना ने पुष्टि की कि उसने सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात हिजबुल्लाह के ठिकानों को निशाना बनाते हुए दक्षिणी लेबनान में सिलसिलेवार हमले किए। इजरायली सेना ने एक बयान में कहा कि हमलों में हिजबुल्लाह की रदवान सेना के एक प्रशिक्षण परिसर को निशाना बनाया गया। हिजबुल्लाह से संबंधित अतिरिक्त सैन्य ठिकानों और एक प्रक्षेपण स्थल को भी निशाना बनाया गया। सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में इमारतों के ऊपर बड़ी लपटें उठती हुई दिखाई दीं। लेबनान के अल-मायादीन टीवी ने बताया कि इक़लीम अल-तुफ़्फाह क्षेत्र और माउंट सफी को भीषण हवाई हमलों का निशाना बनाया गया।

# रूस को एक इंच जमीन नहीं देंगे: जेलेंस्की

## अमेरिकी दबाव के बावजूद पीछे हटने को तैयार नहीं यूक्रेन के राष्ट्रपति

**रोम।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने साफ कहा है कि वह रूस को अपनी जमीन का एक इंच भी नहीं सौंपेंगे। उन्होंने यह बयान ऐसे समय में दिया है जब वह यूरोप का लगातार दौरा कर समर्थन जुटा रहे हैं और दूसरी ओर अमेरिकी राष्ट्रपति डानल्ड ट्रम्प लगातार दबाव बना रहे हैं कि यूक्रेन रूस से समझौता करे।

जेलेंस्की मंगलवार को रोम पहुंचे, जहां उन्होंने पोप लियो 14 से मुलाकात की और प्रधानमंत्री जार्जिया मेलोनी से बात करने वाले हैं। इससे पहले सोमवार को वह लंदन गए, जहां ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीयर स्टार्मर, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और जर्मनी के चां. सलर फ्रेडरिक मर्ज से मिले। उनका मकसद साफ है यूरोप का मजबूत समर्थन कायम रखना क्योंकि अमेरिका रूस-यूक्रेन युद्ध पर एक कठिन समझौते का दबाव बढ़ा रहा है। अमेरिका और यूक्रेन के अधिकारियों के बीच तीन दिन की बातचीत खत्म हुई, लेकिन कई मुद्दों पर मतभेद बरकरार हैं। मुख्य विवाद यह है कि अमेरिकी योजना में डोनबास क्षेत्र का एक हिस्सा रूस को देने का सुझाव है। रूस



■ जेलेंस्की रोम पहुंचे, जहां उन्होंने पोप लियो 14 से मुलाकात की और प्रधानमंत्री जार्जिया मेलोनी से बात करने वाले हैं

इस क्षेत्र पर अवैध कब्जा कर चुका है, लेकिन यूक्रेन और उसके यूरोपीय साथी किसी भी तरह की जमीन सौंपने के खिलाफ हैं। ट्रम्प ने रविवार को कहा कि ज़ेलेंस्की ने अभी तक प्रस्ताव 'ध्यान से पढ़ा नहीं', जबकि ट्रम्प लंबे समय से कह रहे हैं कि यह युद्ध अमेरिकी टैक्स के पैसे की बर्बादी है। जेलेंस्की ने सोमवार रात पत्रकारों से कहा कि हम कुछ भी देना नहीं चाहते। रूस लगातार दबाव डाल रहा है कि हम जमीन छोड़ दें, लेकिन कानूनन और नैतिक रूप से हमारे पास ऐसा करने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि अमे. रिकी शांति योजना में पहले 28 बिंदु थे, लेकिन अब यह 20 रह गए हैं क्योंकि कुछ एंटी-यूक्रेनी बिंदु हटा दिए गए हैं। ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी ने ज़ेलेंस्की का खुलकर साथ दिया है।

स्टार्मर ने कहा कि यह शांति प्रयासों का 'निर्णायक समय' है और किसी भी समझौते में 'न्यायपूर्ण और टिकाऊ संघर्षविराम' जरूरी है। जर्मन चांसलर मर्ज ने अमेरिकी दस्तावेजों पर संदेह जताते हुए कहा कि कई बिंदुओं पर चर्चा जरूरी है। यूरोपीय देश जोर दे रहे हैं कि किसी भी समझौते के साथ मजबूत सुरक्षा गारंटी हों ताकि रूस भविष्य में हमला न कर सके। दोनों देशों के बीच बीती रात ड्रोन हमलों का बड़ा आदान-प्रदान हुआ। यूक्रेन ने कहा कि रूस ने 110 ड्रोन दागे, जिनमें से 84 को मार गिराया गया, जबकि 24 अपने लक्ष्य तक पहुंचे। हमलों की वजह से कई क्षेत्रों में इमरजेंसी ब्लैकआउट लगाया गया। वहीं रूस ने दावा किया कि उसने 121 यूक्रेनी ड्रोन नष्ट किए। रूस के चुवाशिया क्षेत्र में हमले में इमारतें क्षतिग्रस्त हुईं और नौ लोग घायल हुए।

## शांति योजना पर मिलकर काम करेंगे यूक्रेन, यूरोपीय देश: जेलेंस्की

**लंदन।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रूस के साथ संघर्ष विराम की संभावनाओं को लेकर कहा है कि यूक्रेन और यूरोपीय देश अमेरिका की ओर से प्रस्तावित शांति योजना के नए स्वरूप में बदलावों पर मिलकर काम करेंगे। इंटरफैक्स-यूक्रेन न्यूज एजेंसी ने यह जानकारी दी है। जेलेंस्की ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर, फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों और जर्मनी के चां. सलर फ्रेडरिक मर्ज के साथ हुई बैठक के बाद कहा कि यह योजना मंगलवार शाम तक तैयार हो जाएगी। इस शांति योजना को हाल ही में घटाकर 20 बिंदुओं का किया गया था। उन्होंने कहा कि योजना में से ऐसी बातें हटा दी गई थीं जो खुले रूप से यूक्रेन-विरोधी थीं, लेकिन अब भी यूक्रेनी क्षेत्रों के मुद्दे का कोई हल नहीं निकल सका है।

# अमेरिका से पाक को फिर मिला 11 हजार करोड़ कर्ज

## आईएमएफ ने फंड जारी करते हुए कहा: पाकिस्तान अपने देश में महंगाई को काबू करने में सफल रहा

**वाशिंगटन।** लगभग दिवालिया होने की कगार पर पहुंच चुके पाकिस्तान को इंटरनेशनल मानेटरी फंड (आईएमएफ) से एक बार फिर 1.2 बिलियन अमेरिकी डालर (लगभग 10782 करोड़ रुपये) का कर्ज मिल गया है। इसके पहले भी आईएमएफ ने पाकिस्तान को मोटा कर्ज उपलब्ध कराया था जिससे पाकिस्तान को मदद मिल गई थी। इसके पहले पाकिस्तान को आईएमएफ से कर्ज मिलने के बाद भारत ने विरोध जताया था और पड़ोसी देश का इतिहास देखते हुए इस बात की आशंका जताई थी कि पाकिस्तान इसका उपयोग अपने यहां आतंकवाद को बढ़ाने में करेगा। आईएमएफ का कर्ज देने के पहले उसकी एक उच्च स्तरीय कमेटी इसका मूल्यांकन करती है।

अपने पैमाने पर खरा उतरने के बाद ही किसी देश को आईएमएफ से कर्ज मिल पाता है, लेकिन माना यही जाता है कि आईएमएफ की कार्यप्रणाली पर अमेरिका का भारी प्रभाव रहता है और उसकी सहमति मिलने के बाद कर्ज मिलना आसान हो जाता है। पाकिस्तान के मामले में यही हुआ माना जा रहा है। आईएमएफ ने पाकिस्तान के लिए यह फंड जारी करते हुए कहा है कि पाकिस्तान अपने देश में महंगाई को काबू करने में सफल रहा है। वह उन सुधारों की ओर कदम भी बढ़ा रहा है



■ आईएमएफ का कर्ज देने के पहले उसकी एक उच्च स्तरीय कमेटी इसका मूल्यांकन करती है
■ पाकिस्तान अपनी एयरलाइंस को भी निजी हाथों में सौंपने की तैयारी कर चुका है

जिससे पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को बेहतर किया जा सके। आईएमएफ ने इस बात पर संतोष जताया है कि पाकिस्तान के कुछ हिस्सों में बाढ़ के बाद वहां महंगाई की दर बढ़ गई थी, इसके बाद भी पाकिस्तान अपने घाटे को एक सीमा में रखने में कामयाब हुआ है। पाकिस्तान को मदद की एक शर्त के तौर पर उसे अपने यहां आर्थिक सुधारों को लागू करना भी है। पाकिस्तान महत्त्वपूर्ण सेक्टर में निजीकरण को बढ़ावा देकर अर्थव्यवस्था को बेहतर करने के कदम उठा रहा है। आगामी 23 दिसम्बर को पाकिस्तान अपनी एयरलाइंस को भी निजी हाथों में सौंपने की तैयारी कर चुका है। इसके लिए चार कंपनियों को शार्टलिस्ट भी किया जा चुका है। यदि सब कुछ ठीक ठाक रहा तो पाकिस्तान एयरलाइंस जल्द ही निजी हाथों के द्वारा संचालित होगी। इससे पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को गति मिलने की उम्मीद है। इसके पहले भी आईएमएफ ने पाकिस्तान को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई थी। अब तक उसे 3.3 बिलियन डालर का कर्ज मिल चुका है। एक योजना के अनुसार, उसे करीब सात बिलियन डालर की आर्थिक सहायता की जानी है। इससे पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति सुधरने की उम्मीद बन सकती है। इसके पहले आईएमएफ ने पाकिस्तान को करीब 2.1 बिलियन डालर की आर्थिक सहायता पहुंचाई थी। इस आर्थिक सहायता की बोर्ड मीटिंग का भारत ने बहिष्कार कर दिया था। भारत ने कहा था कि पाकिस्तान अपने आर्थिक संसाधनों का दुरुपयोग पड़ोसी देश में आतंकवाद फैलाने में करता रहा है। ऐसे में उसे यह आर्थिक सहायता नहीं दी जानी चाहिए। हालांकि, आईएमएफ ने कहा था कि पाकिस्तान अपनी अर्थव्यवस्था में अपेक्षित सुधार कर रहा है और वह इसके लिए उपयुक्त कदम उठा रहा है। आर्थिक मामलों के जानकार डा. नागेंद्र कुमार शर्मा ने अमर उजाला से कहा कि आईएमएफ ने पाकिस्तान को यह मदद आपातकालीन समय में सेवा उपलब्ध कराने और जल संसाधन उपलब्ध कराने के लिए दिया है। आईएमएफ अपने द्वारा दिए गए फंड की मानीटरिंग भी करता है। लेकिन पाकिस्तान का इतिहास रहा है कि वह अपने यहां आतंकवादियों को आर्थिक और सैन्य संसाधन उपलब्ध कराता रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की इसी हरकत का परिणाम रहा है कि संयुक्त अरब अमीरात और सउदी अरब जैसे इस्लामिक देशों ने भी पाकिस्तान को आर्थिक मदद देने से मुंह मोड़ लिया था। लेकिन अब अमेरिका अपनी सैन्य और जियो ग्लोबल आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पाकिस्तान को अपने पाले में रखना चाहता है।

## पानी विवाद पर ट्रम्प ने मेक्सिको को नए शुल्क लगाने की धमकी दी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को मेक्सिको को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर वह 1944 में हस्ताक्षरित द्विपक्षीय संधि के आधार पर पानी की आपूर्ति नहीं करता है, तो उसके सामानों पर अतिरिक्त पांच फीसदी आयात शुल्क लगाए जाएंगे। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि मेक्सिको के इस संधि का लगातार उल्लंघन करने से टेक्सास की फसलों और पशुधन को गंभीर नुक़सान हो रहा है। उन्होंने कहा कि मेक्सिको अभी भी पिछले पांच बरसों में हमारी संधि का पालन करने में विफल रहने के कारण अमेरिका का 800000 एकड़-फीट (98.64 करोड़ घन मीटर) से अधिक पानी का क़र्जदार है। अमेरिका को मेक्सिको से 31 दिसम्बर से पहले 200000 एकड़-फीट (24.66 करोड़ घन मीटर) पानी जारी करने की जरूरत है, और बाक़ी पानी जल्द ही आना चाहिए। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने इस पानी को फौरन (तुरंत) जारी न किए जाने पर मेक्सिको पर पांच प्रतिशत शुल्क लगाने के दस्तावेजों को अधिकृत कर दिया है। गौरतलब है कि सन 1944 की जल संधि, को कोलोराडो और तिजुआना नदियों और रियो ग्रांडे के पानी के उपयोग पर संधि के नाम से भी जाना जाता है।

## नाइजीरिया की मदद से तख्तापलट की कोशिश नाकाम करने में मिली सफलता: बेनिन

**कोटोनौ।** बेनिन के राष्ट्रपति पैट्रिस टैलोन ने कहा है कि रविवार को तख्तापलट की को. शिश को नाइजीरियाई सेना की मदद से सरकारी बलों ने नाकाम कर दिया था और अब देश में स्थिति 'पूरी तरह से नियंत्रण में है।' बेनिन ने 1960 में फ्रांस से आजादी मिलने के बाद से कभी-कभी तख्तापलट अनुभव किए हैं, लेकिन पिछले 20 सालों से वहां बिना किसी रुकावट के लोकतांत्रिक शासन बना हुआ है।

पोर्टो-नोवो इस देश की आधिकारिक राजधानी है, जबकि कोटोनौ देश का सबसे बड़ा शहर और प्रशासनिक केंद्र बना हुआ है। टीआरटी वर्ल्ड की एक रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति आवास पर तख्तापलट की साज. शि रचने वालों और रिपब्लिकन गार्ड के बीच हिंसक झड़पें होने के बाद कोटोनौ में फिलहाल शांति है। सरकार के मुताबिक, तख्तापलट की इस कोशिश में दोनों तरफ नुकसान हुआ है। मरने वालों में राष्ट्रपति के सेना प्रमुख जनरल बर्टिन बाडा की पत्नी भी शामिल थीं। सेना प्रमुख खुद पहले हुए एक हमले में बुरी तरह घायल हो गए थे।



■ तख्तापलट की कोशिश में पूरे दिन रुक-रुक कर गोलीबारी होती रही

तख्तापलट की कोशिश में रविवार को पूरे दिन रुक-रुक कर गोलीबारी होती रही। सुरक्षा बनाए रखने के लिए पूरे शहर में सैनिक तैनात रहे। उल्लेखनीय है कि खुद को 'मिलिट्री कमेटी फॉर रिफाउंडेशन' कहने वाले सैनिकों के एक समूह ने रविवार को सरकारी टेलीविजन पर दावा किया कि उन्होंने राष्ट्रपति टैलोन को हटा दिया है। आठ सैनिकों ने राष्ट्रपति को हटाने, सरकारी संस्थानों को निलंबित करने और प्रशासन को भंग करने की घोषणा की थी। इस समूह ने लेफ्टिनेंट कर्नल पास्कल टिग्री को अपनी समिति का प्रमुख बनाया था।

## तस्करी, ठगी और नकली सामान पर लगाम कसेगा वियतनाम

**हनोई।** तस्करी, व्यापार धोखाधड़ी और नकली सामान पर रोक लगाने के लिए वियतनाम तीन महीने तक एक राष्ट्रव्यापी अभियान चलाएगा। वियतनाम न्यूज एजेंसी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आगामी 16 दिसम्बर से 15 मार्च, 2026 तक चलने वाला यह अभियान जमीन, रेल, अंदरूनी जलमार्ग, समुद्री और हवाई सीमा मार्गों और चौकियों के साथ-साथ सीमा रेखाओं के पास सामान इकट्ठा करने वाले इलाकों और साइबरस्पेस में भी जांच और नियंत्रण को तेज करेगा। नशीले पदार्थ, हथियार, ई-सिगरेट, पटाखों और संकटग्रस्त जीवजंत. ुओं जैसे प्रतिबंधित सामान की तस्करी रोकना पुलिस की प्राथमिकता होगी।

## एडीबी ने भूटान को 15 मिलियन डॉलर पैकेज की दी मंजूरी

**मनीला।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने मंगलवार को कहा कि उसने भूटान में बैंकिंग और पूंजी बाजारों को मजबूत करने एवं वित्तीय समावेशन को बढ़ाने के लिए 15 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 134.87 करोड़ रुपये) के वित्तपोषण पैकेज को मंजूरी दे दी है।

यह सहायता एक करोड़ डॉलर के 'नीति-आधारित ऋण' और पचास लाख डॉलर के 'नीति-आधारित अनुदान' के रूप में दी जाएगी। एडीबी ने कहा कि इस कार्यक्रम का लक्ष्य आर्थिक विविधता को बढ़ावा देकर और मजबूत निजी क्षेत्र के विकास का समर्थन करके भूटान की वित्तीय स्थिरता में सुधार करना है। यह कार्यक्रम 'हरित वित्त' एवं डिजिटलीकरण को बढ़ाकर और वंचित समुदायों के लिए वित्तीय साक्षरता का विस्तार करके वित्तीय समावेशन को भी बढ़ाने में भी मदद करेगा। बैंक के अनुसार, भूटान का वित्तीय क्षेत्र अद्वितीय चुनौतियों का सामना कर रहा है, जिनमें सीमित आर्थिक विविधता, आयात पर निर्भरता, उच्च गैर-निष्पादित ऋण (एनपीए) और कमजोर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश शामिल हैं। ये चुनौतियां मौजूदा असमानताओं को और बढ़ाती हैं। ग्रामीण गरीबी 17. 5 प्रतिशत पर उच्च बनी हुई है, जबकि बाढ़ और भूस्खलन जैसी घटनाओं से समुदायों की सुरक्षा के लिए सामाजिक सुरक्षा जाल अपर्याप्त है। यह कार्यक्रम बैंकिंग प्रणाली को स्थिर करने, पूंजी बाजार विकसित करने और हरित तथा समावेशी वित्त को बढ़ावा देने के लिए सुधारों का समर्थन करेगा।

## पाकिस्तान में आतंकी हमला, छह जवानों की मौत, छह घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सोमवार को आतंकवादियों के हमले में छह सुरक्षाकर्मी मारे गए और छह अन्य घायल हो गए। रक्षा सूत्रों ने चीनी संवाद समिति शिन्हुआ को बताया कि यह घटना सोमवार को स्थानीय समयानुसार दोपहर लगभग 1:30 बजे हुई, जब आतंकवादियों ने कुर्रम जिले में सेना के जवानों पर गोलीबारी कर दी। सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने जवाबी फायरिंग शुरू की, जो शाम 7:50 बजे तक जारी रही। लगातार हुई गोलीबारी और अंधेरे के कारण देर रात तक मारे गए सैनिकों के शवों को बरामद नहीं किया जा सका, लेकिन छह घायल कर्मियों को सुरक्षित बाहर निकाल कर नजदीकी अस्पताल में भर्ती करा दिया गया।

# ट्रम्प के एक और फैसले पर अदालत की रोक

## संघीय जज ने राष्ट्रपति के पवन ऊर्जा प्रोजेक्ट्स पर रोक लगाने वाले कार्यकारी आदेश को किया खारिज

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एक संघीय जज ने राष्ट्रपति ट्रम्प के पवन ऊर्जा प्रोजेक्ट्स पर रोक लगाने वाले कार्यकारी आदेश को खारिज कर दिया। मैसाचुसेट्स डिस्ट्रिक्ट के यूएस डिस्ट्रिक्ट कोर्ट की जज पैटी सारिस ने पवन ऊर्जा प्रोजेक्ट्स पर रोक लगाने वाले ट्रम्प के 20 जनवरी के कार्यकारी आर्डर को खारिज कर दिया और इसे गैर-कानूनी घोषित कर दिया। जज ने कहा कि संघीय जमीन और पानी पर पवन ऊर्जा प्रोजेक्ट की लगभग सभी लीं. जंग को रोकने का आदेश मनमाना है और यह अमेरिकी कानून का उल्लंघन है।

सारिस ने न्यूयार्क अटार्नी जनरल लेटिसिया जेम्स के नेतृत्व में 17 राज्यों और वाशिंगटन, डीसी के स्टेट अटार्नी जनरल के एक समूह की संयुक्त याचिका के पक्ष में फैसला सुनाया, जिसने ट्रम्प के उस आर्डर को चुनौती दी थी जिसमें पवन ऊर्जा प्रोजेक्ट्स के लिए लीजिंग और परमिट देने पर रोक लगा दी



■ ट्रम्प अक्षय ऊर्जा के खिलाफ रहे हैं और बिजली बनाने के लिए जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल को प्राथमिकता देते है

थी। ट्रम्प अक्षय ऊर्जा के खिलाफ रहे हैं और बिजली बनाने के लिए जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल को प्राथमिकता देते हैं। मैसाचुसेट्स अटार्नी जनरल एंड्रिया जाय कैंपबेल ने इस फ़ैसले को हरित नौकरियों और अक्षय ऊर्जा की जीत बताया। वही फ्लोरिडा के गवर्नर रान डेसेंटिस ने सोमवार को अमेरिका के सबसे बड़े मुस्लिम नागरिक अधिकार समूह को विदेशी आतंकी संगठन घोषित किया। डेसेंटिस ने काउंसिल आन अमेरिकन-इस्लामिक रिलेशंस (सीएआईआर) और मुस्लिम ब्रदरहुड के खिलाफ एक कार्यकारी आदेश दिया है। हालांकि अमेरिकी सरकार ने अभी तक काउंसिल आन अमेरिकन-इस्लामिक रिलेशंस और मुस्लिम ब्रदरहुड को आतंकी संगठन घोषित नहीं किया है। यह आदेश फ्लोरिडा की एजेंसियों को निर्देश देता है कि वे दोनों समूहों और उन्हें सामान देने वालों को किसी स्टेट एग्जीक्यूटिव या कैबिनेट एजेंसी से कान्ट्रैक्ट और फंड लेने से रोकें। वहीं सीएआईआर ने डेसेंटिस पर इसके लिए मुकदमा करने की बात कही है। मुस्लिम ब्रदरहुड की स्थापना लगभग एक सदी पहले मिस्र में हुई थी और इसकी दुनिया भर में ब्रांच हैं। इसके नेताओं का कहना है कि इसने दशकों पहले हिंसा छोड़ दी थी और अब यह चुनावों और दूसरे शांतिपूर्ण तरीकों से इस्लामी राज स्थापित करना चाहता है।

# लिथुआनिया में राष्ट्रीय आपातकाल लागू

## बेलारूस के गुब्बारों से सुरक्षा जोखिम, हवाई क्षेत्र उल्लंघन को लेकर कड़ा कदम

**विल्नियस (लिथुआनिया)।** रूस समर्थित बेलारूस से लगातार आ रहे मौसम संबंधी गुब्बारों द्वारा एयरस्पेस उल्लंघन के बाद लिथुआनिया की सरकार ने मंगलवार को राष्ट्रीय आपातकाल घोषित कर दिया।

पिछले कुछ हफ्तों में ये गुब्बारे देश के मुख्य अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को कई बार बंद करवाने की वजह बने, जिससे हजारों यात्री प्रभावित हुए। लिथुआनिया की प्रधानमंत्री इंगा रुगिनिएने ने कहा कि गुब्बारों के जरिए हो रहा यह व्यवधान एक हाइब्रिड अटैक है, जिसका उद्देश्य देश में अस्थिरता फैलाना है। प्रधानमंत्री रुगिनिएने ने कहा



■ लिथुआनिया नाटो का सदस्य है और रूस के खिलाफ लड़ाई में यूक्रेन का मुखर समर्थक भी रहा है

हमें सबसे कड़े कदम उठाने होंगे और उन क्षेत्रों की रक्षा करनी होगी जहां यह हमला सबसे ज्यादा असर डाल रहा है। कैबिनेट की इमरजेंसी बैठक के बाद यह घोषणा की गई। लिथुआनिया नाटो का सदस्य है और रूस के खिलाफ लड़ाई में यूक्रेन का मुखर समर्थक भी रहा है। लिथुआनिया के गृह मंत्री व्लादिस्लाव कोंड्रोटोविच ने बताया कि राष्ट्रीय आपातकाल लागू होने के बाद सीमा सुरक्षा को और कड़ा कर दिया गया है। अब सीमा क्षेत्रों में सेना और पुलिस संयुक्त गश्त करेंगी, ताकि एयरस्पेस का उल्लंघन करने वाले गुब्बारों पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जरूरत पड़ने पर सेना स्वतंत्र रूप से भी आप. रेशन चला सकेगी, जिससे इन गुब्बारों की पहचान, निगरानी और रोकथाम तेजी से हो पाएगी। मंत्री ने आश्वासन दिया कि इन कदमों का आम नागरिकों के दैनिक जीवन पर बहुत कम प्रभाव पड़ेगा और सभी उपाय केवल सुरक्षा को मजबूत करने के लिए हैं। अधिकारियों के अनुसार, ये गुब्बारे अक्सर सिगरेट की तस्करी में उपयोग होते हैं, लेकिन इस बार उनकी संख्या और उड़ान दिशा देखकर यह स्पष्ट है कि यह बेलारूस द्वारा योजनाबद्ध व्यवधान है। लिथुआनिया ने गुब्बारों पर आपराधिक जांच शुरू कर दी है और खुफिया एजेंसियां इनकी उत्पत्ति और बेलारूस सरकार से संभावित संबंधों की जांच कर रही हैं।

## इजरायल-बोलीविया राजनयिक संबंध बहाल करने पर सहमत

**तेल अवीव।** इजरायल और बोलीविया ने राजनयिक संबंधों को फिर से बहाल करने का निर्णय लिया है, जो दो साल पहले गाजा पट्टी में इजरायल के सैन्य अभियान शुरू होने के तुरंत बाद बोलीविया की पहल पर टूट गए थे।इजरायल के विदेश मंत्रालय ने यह घोषणा की है। मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि इजरायल के विदेश मंत्री गिदोन सा' आर और बोलीविया के विदेश मंत्री फर्नांडो अरामायो आज वाशिंगटन में मिलेंगे और उम्मीद है कि इन संबंधों को नए सिरे से शुरू करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे। मंत्रालय ने कहा कि इस वर्ष अक्टूबर में चुनाव जीतने के बाद बोलीविया के राष्ट्रपति रोड्रिगो पाज ने अगले दिन सा' आर को फोन किया था।

